हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

पटना, आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/71972 • पटना • मंगलवार • 28 अप्रैल 2026 • वर्ष 8 • अंक 24 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## बैरकपुर की धरती से बंगाल में परिवर्तन होगा, अब मुझे भाजपा के शपथ ग्रहण में आना है : मोदी

एजेंसी, बैरकपुर



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बैरकपुर की ऐतिहासिक धरती जिसने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरणा दी थी, अब बंगाल में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगी। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में विजय संकल्प सभा को सबोधित करते हुए राज्य में बड़े बदलाव का दावा किया। उन्होंने कहा, "बंगाल की सेवा करना, उसे सुरक्षित करना और बड़ी चुनौतियों से बचाना मेरे लिए भाग्य भी है और दायित्व भी और मैं इससे पीछे नहीं हटूंगा।" उन्होंने रैली को इस चुनाव की अपनी अंतिम सभा बताते हुए कहा कि वे पूरे विश्वास के साथ लौट रहे हैं कि 4 मई के बाद उन्हें भाजपा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए फिर आना होगा।

उन्होंने हेलिपैड से सभा स्थल तक उमड़ी भारी भीड़ का उल्लेख करते हुए कहा कि सुबह-सुबह हजारों लोग उन्हें आशीर्वाद देने पहुंचे। अपने रोड शो को तीर्थ यात्रा जैसा अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा कि तय स्थान के बाद भी लोग दूर तक कतार में खड़े रहते थे और वे बार-बार उनके बीच जाने को प्रेरित होते थे। मोदी ने अरामबाग की एक महिला का जिक्र करते हुए खेद जताया कि वे उससे मिल नहीं सके और कहा कि वे भविष्य में अवश्य मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार दशकों से वे देशभर में लगातार यात्रा कर रहे हैं और जनता ही उनका परिवार है। प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य में रोजगार देने वाली मिलें बंद हो रही हैं, जबकि गुंडों को रोजगार देने वाली कच्चे बम की फैक्ट्रियां फल-फूल रही हैं। उन्होंने दावा किया कि बैरकपुर औद्योगिक क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों में करीब एक दर्जन जूट मिलें बंद हुई हैं। उन्होंने कहा, "एक ओर रोजगार देने वाली मिलें बंद हो रही हैं, दूसरी ओर बम फैक्ट्रियां और तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट का विस्तार हो रहा है, यही तृणमूल का महाजंगल राज है।" उन्होंने कहा कि तृणमूल की राजनीति केवल गाली, धमकी और झूठ फैलाने तक सीमित रह गई है और उसके नेताओं ने अपने 15 वर्षों के शासन का कोई हिसाब नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल ने "मां, माटी, मानुष" के अपने ही नारे को भुला दिया है और महिलाओं, किसानों तथा युवाओं के लिए कुछ नहीं किया।

मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मतदाता कमल छाप पर वोट दें ताकि कानून व्यवस्था मजबूत हो और बेटियां बिना डर के बाहर निकल सकें। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे वोट देते समय उन लोगों को याद करें जो टीएमसी के नाम पर अत्याचार करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल ने दशकों तक पलायन की पीड़ा झेली है, रोजगार की कमी के कारण युवा बाहर जाने को मजबूर हुए और बुजुर्ग अकेले रह गए। उन्होंने इसे पीड़ादायक बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य में युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन प्राथमिकता होगी। उन्होंने 4 मई के बाद रोजगार से जुड़े पांच बड़े कदमों की घोषणा करते हुए कहा कि सरकारी भर्तियां पारदर्शी तरीके से समय पर होंगी, खाली पद भरे जाएंगे और कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही क्रिएटिव इकोनॉमी को बढ़ावा, गांवों में 125 दिन के रोजगार की गारंटी और शहरों में स्ट्रीट वेंडर्स को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को संसद में भेजकर भारतीय जनसंघ की नींव मजबूत की थी। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर उनकी एक प्रमुख संकल्पना को पूरा किया गया और अब बंगाल की समृद्धि तथा शरणार्थी समस्या का समाधान भी भाजपा सरकार का लक्ष्य होगा। उन्होंने कोलकाता को लेकर भी तृणमूल पर निशाना साधते हुए कहा कि शहर को लंदन बनाने का वादा किया गया था, लेकिन 15 वर्षों में उसकी पहचान बदल दी गई और घुसपैठियों को बसाया गया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कोलकाता की पहचान को बचाने के लिए एकजुट हों।

## प्रधानमंत्री मोदी सिक्किम पहुंचे, हुआ भव्य स्वागत




एजेंसी, गंगटोक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार दोपहर दो दिवसीय दौरे पर सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंचे। वे राजधानी के निकट लिबिंग आर्मी हेलीपैड पर उतरे, जहां उनका मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डीआर थापा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी रोड शो के जरिए लोक भवन की ओर आगे बढ़ रहे हैं। सड़कों के किनारे बड़ी संख्या में लोग पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए हैं और पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाकर उनका स्वागत कर रहे हैं। लोग उत्साहपूर्वक नारे लगाकर प्रधानमंत्री का अभिवादन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे है। लोग सुबह से ही उनके स्वागत के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि, प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय दौरे पर सिक्किम आए हैं। कल वे सिक्किम के राज्यत्व के 50वें वर्ष के समापन समारोह में भाग लेंगे।

## नीति आयोग के सदस्य गोबर्धन दास ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**एजेंसी, नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नीति आयोग के सदस्य प्रो. गोबर्धन दास ने सोमवार सुबह मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि प्रो. दास का जीवन संघर्षों से भरा रहा है, जिसने समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त बनाया है। यह समर्पण उनके कार्यों में स्पष्ट रूप से झलकता है और उनके अनुभव एवं विद्वता से देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सरकार ने शुक्रवार को नीति आयोग की नई पूर्णकालिक टीम की घोषणा की थी। इसमें वरिष्ठ अर्थशास्त्री अशोक कुमार लाहिड़ी को आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राजीव गौबा, प्रो. केवी राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को पूर्णकालिक सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## राज्य सभा में भाजपा के सांसदों की संख्या हुई 113, सभापति ने दी विलय को मंजूरी



**एजेंसी, नई दिल्ली** । राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ताकत और बढ़ गई है। आम आदमी पार्टी (आआपा) छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राघव चड्ढा समेत सात सांसदों को राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसके बाद राज्यसभा में भाजपा सांसदों की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है। सोमवार को राज्यसभा सचिवालय द्वारा सदन में सभी दलों के सांसदों की अद्यतन सूची जारी की गई, जिसमें इन सातों नेताओं के नाम भाजपा सांसदों की सूची में शामिल कर दिए गए। इससे भाजपा को उच्च सदन में और अधिक राजनीतिक मजबूती मिली है। उल्लेखनीय है कि 24 अप्रैल को आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले सांसदों में राघव चड्ढा, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप कुमार पाठक, डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजिंदर गुप्ता शामिल हैं। ये सभी अब आधिकारिक रूप से भाजपा संसदीय दल का हिस्सा बन चुके हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा," राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के भाजपा में विलय को स्वीकार कर लिया है।

## बिहार में सभी सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" से होगी

एजेंसी, पटना



बिहार में अब सभी सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" से होगी। इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया जाएगा और फिर निर्धारित कार्यक्रम शुरू होंगे। कार्यक्रम का समापन बिहार राज्य गीत के साथ किया जाएगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो सोहैल ने सभी विभागीय प्रमुखों, पुलिस महानिदेशक, प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में सरकारी कार्यक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में गीतों के गायन का क्रम भी तय किया गया है।

नई व्यवस्था के तहत सभी शैक्षणिक संस्थानों में भी दिन की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से होगी, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया जाएगा। इसके बाद संस्थानों का नियमित संचालन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। विभाग ने अधिकारियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 28 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय गीत के सम्मान और उसके गायन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे।

## झारखंड : पत्नी की हत्या में सजा काटकर लौटे व्यक्ति ने की भाभी की हत्या

**एजेंसी, पश्चिमी सिंहभूम** । पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तांतनगर ओपी के कासिया गांव में पत्नी की हत्या के मामले में सजा काटकर हाल ही में जेल से बाहर आए एक व्यक्ति ने अपनी भाभी की हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत, आक्रोश और शोक का माहौल है। मृतका की पहचान 56 वर्षीय पार्वती भूमिज के रूप में हुई है। उनके बेटे शंकर भूमिज ने बताया कि रविवार देर शाम उनकी मां घर में थीं, तभी आरोपित दुलाई भूमिज ने उन पर डंडे से हमला कर दिया। हमला इतना गंभीर था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद जब परिजन कमरे में पहुंचे, तो पार्वती भूमिज मृत अवस्था में पड़ी थीं।

## सारण में स्कॉर्पियो-ऑटो की टक्कर में महिला समेत 3 लोगों की मौत, 4 घायल

एजेंसी, सारण



बिहार के सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदपुर गांव के पास रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और ऑटो की आमने-सामने की जोरदार टक्कर के कारण हुआ। पुलिस के अनुसार, सभी लोग दिघवारा के मानोपुर से शिव चर्चा कार्यक्रम में शामिल होकर ऑटो से अपने गांव गड़खा थाना क्षेत्र के झौवा बसंत लौट रहे थे। इसी दौरान सैदपुर गांव के पास तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ऑटो में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में जुट गए। हादसे में झौवा बसंत निवासी 48 वर्षीय लालझरी देवी (पति-किशन देवराम), 17 वर्षीय बृजमोहन मांझी उर्फ सुखन सुकन (पुत्र-स्वर्गीय राजेश्वरी मांझी) तथा 60 वर्षीय शंकर राम (पुत्र-स्वर्गीय जनक राम) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। दुर्घटना में घायल चार लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल दिघवारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ घायलों को बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर आज होंगे हस्ताक्षर

**एजेंसी, नई दिल्ली** । भारत और न्यूजीलैंड, वस्तुओं एवं सेवाओं के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सोमवार को हस्ताक्षर करेंगे। यह समझौता दोनों पक्षों द्वारा तय तारीख से लागू होगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस समझौते में 20 पाठ शामिल हैं, जिनमें वस्तुओं का व्यापार, मूल नियम, सेवाएं, सीमा शुल्क एवं व्यापार सुगमता, एसपीएस, टीबीटी, व्यापार उपाय, विवाद निपटान और कानूनी प्रावधान शामिल हैं। एफटीए दो या अधिक देशों के बीच एक आर्थिक व्यवस्था है, जिसमें वे आपस में व्यापार होने वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क समाप्त करने या काफी हद तक कम करने पर सहमत होते हैं।

## प्रचार के आखिरी दिन तारकेश्वर मंदिर पहुंचे योगी आदित्यनाथ, कल्याणी में किया रोड शो

एजेंसी, कोलकाता




पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के अखिरी दिन सभी पार्टियां अपनी पूरी ताकत झोंकती दिख रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हुगली के प्रसिद्ध तारकेश्वर मंदिर जाकर भगवान शिव की आराधनी की। इससे पूर्व उन्होंने कल्याणी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार अनुपम विश्वास के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए जमकर हमले किये। उन्होंने कहा कि ममता दीदी सड़कों पर नमाज पढ़ती हैं और इफ्तार का आयोजन करती हैं। यहां किसी भी हिंदू त्योहार से पहले कर्फ्यू लगा दिया जाता है। लव जिहाद और लैंड जिहाद की घटनाएं होती हैं। इतना सब होने के बाद भी तृणमूल चुप रहती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में भी ऐसी ही स्थिति थी। गुंडागर्दी थी और माफिया एक समानांतर सरकार चलाते थे, लैंड जिहाद व्यापक था। त्योहार से पहले दंगे शुरू हो जाते थे। 2017 में उत्तर प्रदेश में दो इंजन वाली सरकार सत्ता में आई थी। गुंडागर्दी खत्म हो गई है, कर्फ्यू खत्म हो गया है, दंगे खत्म हो गए हैं। लव जिहाद और लैंड जिहाद पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। कोई भी माफिया किसी व्यापारी को धमकी नहीं दे सकता। अगर वे ऐसा करते हैं, तो उत्तर प्रदेश के बुलडोजर उनकी हड्डियों को कुचल देंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की सरकार आने के बाद असामाजिक तत्वों पर नकेल कसा जायेगा और किसी की दादागिरी नहीं चलेगी।

## "कूवागम उत्सव-2026" में चेन्नई की ओमना बनीं "मिस तिरुनंगई", हजारों ट्रांसजेंडरों ने लिया भाग

एजेंसी, विलुप्पुरम

तमिलनाडु के विलुप्पुरम जिले में आयोजित प्रसिद्ध "कूवागम उत्सव 2026" (कूवागम उत्सव प्रसिद्ध और अद्वितीय ट्रांसजेंडर उत्सवों में से एक है, जो तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले के कूवागम गांव में कूथंडावर मंदिर में आयोजित किया जाता है) के दौरान चेन्नई की ओमना को "मिस तिरुनंगई 2026" का खिताब दिया गया। प्रतियोगिता में चेन्नई की सायश्री ने दूसरा और सुगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन में एक हजार से अधिक ट्रांसजेंडर लोगों ने भाग लेकर अपनी सांस्कृतिक पहचान, प्रतिभा और सामाजिक सहभागिता का प्रदर्शन किया। विलुप्पुरम के निकट स्थित कूथांडवर मंदिर में हर वर्ष कूथांडवर मंदिर उत्सव के अवसर पर तिरुनंगई (ट्रांसजेंडर) समुदाय की ओर से विविध सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर महासंघ और चेन्नई की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में "कूवागम उत्सव 2026" का आयोजन किया गया। शनिवार रात (26 अप्रैल) को विलुप्पुरम के नए बस स्टैंड के पास नगर पालिका मैदान में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत तमिलनाडु सरकार द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए किए गए कल्याणकारी कार्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन से हुई। इसके बाद शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की विशेष परेड निकाली गई, जिसने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही नृत्य, लोककला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया। मुख्य आकर्षण "मिस तिरुनंगई 2026" प्रतियोगिता रही, जिसमें बड़ी संख्या में ट्रांसजेंडर प्रतिभागियों ने आकर्षक पारंपरिक और आधुनिक वेशभूषा में भाग लिया।



## पाकिस्तान में मुनीर से मिलकर अराघची रूस रवाना, पुतिन से करेंगे मुलाकात



**एजेंसी, इस्लामाबाद** । तेहरान ने वाशिंगटन के साथ युद्ध को खत्म करने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात के बाद रविवार को ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अराघची रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए रूस रवाना हो गए। अराघची ओमान से लौटकर दोबारा इस्लामाबाद पहुंचे। उन्होंने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक को सारी स्थिति से अवगत कराया। अल जजीरा, दुनिया न्यूज और सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, आसिम मुनीर और अराघची की मुलाकात पर ईरान के सरकारी मीडिया ने कोई चर्चा नहीं की है। पाकिस्तान के एक राजनयिक सूत्र ने जरूर कहा कि संभवतः अगली बातचीत में जरूर कोई न कोई हल निकल सकता है। अगले दौर की वार्ता में ईरान और अमेरिका के अलावा खाड़ी देश के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार, विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूस में सोमवार को वे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में बातचीत की स्थिति पर चर्चा होगी। इससे पहले, इस सप्ताहांत अराघची पाकिस्तान और ओमान में अहम मध्यस्थों से मुलाकात कर चुके हैं।

## ईरान ने अमेरिका को होर्मुज खोलने का सशर्त प्रस्ताव भेजा

एजेंसी, वाशिंगटन



ईरान ने पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) खोलने का सशर्त प्रस्ताव भेजा है। यह प्रस्ताव व्हाइट हाउस को मिल गया है। ईरान और अमेरिका के बीच मूंछ की लड़ाई बन चुके होर्मुज के बंद होने से सारी दुनिया परेशान है। तेल और गैस के संकट ने कई देशों को संकट में डाल दिया है। तेल और गैस से लदे जहाज गुजर नहीं पा रहे हैं।

महत्वपूर्ण और रणनीतिक इस जलमार्ग पर ईरान और अमेरिकी की आंखें निगहबान हैं। कई देश दोनों देशों के बीच सुलह कराने के लिए मध्यस्थता कर रहे हैं। पाकिस्तान में तो एक बार बातचीत भी हो चुकी है। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सैन्य विराम बढ़ा चुके हैं। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बातचीत का दूसरा चरण शुरू नहीं हो पाया है। दोनों को मनाने के लिए मध्यस्थ देशों के प्रयास जारी हैं। अमेरिकी न्यूज पोर्टल एक्सियोस और संयुक्त अरब अमीरात के अंग्रेजी अखबार द नेशनल की रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने प्रस्ताव में युद्ध खत्म करने और होर्मुज को फिर से खोलने पर जोर दिया है।

प्रस्ताव का मुख्य फोकस वैश्विक ऊर्जा संकट को कम करना और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को खत्म करना बताया जा रहा है। इसमें ईरान ने शर्त रखी है कि परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को बाद के चरण में शुरू किया जाए। प्रस्ताव व्हाइट हाउस पहुंच तो चुका है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ट्रंप प्रशासन इस पर आगे बढ़ेगा या नहीं? व्हाइट हाउस की प्रवक्ता ओलिविया वेल्स ने कहा कि अमेरिका ऐसे संवेदनशील कूटनीतिक मुद्दों पर मीडिया के जरिए बातचीत नहीं करेगा। साथ ही अमेरिका किसी भी समझौते में अपनी प्राथमिकताओं से समझौता नहीं करेगा और ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रस्ताव ऐसे समय पर आया है जब दोनों देशों के बीच बातचीत लगभग ठप है। हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूतों की पाकिस्तान यात्रा रद्द कर दी थी। इस यात्रा को शांति वार्ता का अहम हिस्सा माना जा रहा था।

इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान से लगातार बातचीत कर रहे हैं। वह पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर से बात कर रूस पहुंच गए हैं। वहां उनकी मुलाकात राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से होने वाली है। एक अमेरिकी अधिकारी और बातचीत से परिचित दो सूत्रों ने पुष्टि की है कि ईरान ने अमेरिका के सामने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और युद्ध को समाप्त करने का प्रस्ताव रखा है। तीन अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार ट्रंप सोमवार को अपनी शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति टीम के साथ ईरान पर 'सिचुएशन रूम' में एक बैठक करने वाले हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल था सौरभ

**भागलपुर।** भागलपुर पुलिस ने पूर्णिया के सौरभ जायसवाल (22) हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। हत्या नशीले पदार्थों के कारोबार और गलत संगत के चलते हुई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सौरभ का संबंध नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह से था। गिरोह के सदस्यों के साथ लगातार संपर्क में रहता था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी गौरव और राजा ने बताया कि पार्टी के दौरान गलती से फायर हो गया, गोली सामने बैठे सौरभ के सीने में लग गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आदमपुर स्थित किराए के मकान से दो कट्टा, एक देसी पिस्तौल और 10 कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा 70 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप और अन्य आपत्तिजनक सामान भी मिला है। जोगसर थाना पुलिस के बयान पर सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें छह नामजद और एक अज्ञात आरोपी शामिल है। आरोपियों में अनुराग की प्रेमिका भी शामिल है। घटनास्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज का डीवीआर पुलिस ने जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

**अनुराग की बर्थडे पार्टी में शराब-चरस:** आदमपुर जहाज घाट रोड स्थित एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी के मकान में अनुराग ठाकुर किराए पर रहता था। उसने दो कमरों का फ्लैट लिया हुआ था। शनिवार को उसका जन्मदिन था। शुक्रवार देर रात करीब एक बजे फ्लैट पर पार्टी शुरू हुई। पार्टी में सौरभ समेत छह युवक और अनुराग की प्रेमिका मौजूद थी। शराब के साथ चरस का भी सेवन किया जा रहा था। सभी नशे में थे। आरोप है कि अनुराग के हाथ में लोडेड हथियार था, जिससे अचानक गोली चल गई और सौरभ के सीने में जा लगी। इसके बाद पांच युवक सौरभ को अस्पताल ले गए। पहले उसे मायागंज लाया गया, जहां से गंभीर स्थिति में रेफर कर दिया गया। निजी अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी शव को मायागंज अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए। बाद में पुलिस के बुलाने पर गौरव और राजा अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

**खुद को जमीन कारोबारी बताता था:** मकान मालिक ने बताया कि अनुराग पिछले दो वर्षों से यहां रह रहा था। उसके साथ राजन और गौरी भी रहता था। उसने खुद को जमीन का कारोबारी बताया था। उस पर कभी शक नहीं हुआ।

**15 घंटे तक पुलिस को गुमराह करता रहा:** गौरव और राजा ने पुलिस को करीब 15 घंटे तक गुमराह किया। पहले राजा ने बताया था कि पूर्णिया से लौटते समय जगतपुर के पास अज्ञात बाइक सवारों ने लूट के इरादे से सौरभ को गोली मार दी। इस सूचना के आधार पर नवगछिया पुलिस पूरे दिन जांच में जुटी रही और संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। तकनीकी जांच और कॉल डिटेल से भी जानकारी नहीं मिल पाई। इसके बाद परबत्ता थाना पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने सच कबूल किया कि घटना जोगसर में ही हुई थी। इसके बाद शनिवार रात करीब 10 बजे पुलिस टीम ने जोगसर में छानबीन शुरू की।

### महिला की पीट-पीटकर हत्या

**बांका।** बांका के रजौन थाना क्षेत्र के उपरामा गांव में 35 साल की एक महिला की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला रविवार की देर शाम सामने आया है। मृतका की पहचान उपरामा गांव निवासी मुकेश तांती की पत्नी अहिल्या देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अहिल्या देवी मूल रूप से खिड्डी गांव की रहने वाली थी। उनके पिता कपिल देव तांती ने अपनी बेटी की शादी उपरामा गांव निवासी मुकेश तांती से की थी। पति मुकेश तांती हैदराबाद में रहकर मजदूरी करता है,जबकि अहिल्या देवी अपने दो बेटा और एक बेटी के साथ गांव में ही रहती थी। पति हैदराबाद में मजदूरी कर घर का पालन पोषण करता था।

**अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई थी:** परिजनों के अनुसार अहिल्या देवी ने रजौन और बांका थाना में एक आवेदन देकर अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई थी। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके पति के रिश्तेदार, भागलपुर जिले के बाराहाट थाना क्षेत्र के कुतुबगंज निवासी प्रदीप तांती का पुत्र राजेश तांती, जो वर्तमान में नानी घर उपरामा गांव में ही रहता है,अक्सर उनके साथ मारपीट करता था और जान से मारने की धमकी देता था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि घर में अकेले रहने का फायदा उठाकर राजेश उनके साथ गलत हरकत करता था और विरोध करने पर बेरहमी से पिटाई करता था।आवेदन देने के महज एक दिन बाद अहिल्या देवी की अचानक मौत हो गई।

**बेटी का शव खाट पर पड़ा हुआ मिला:** मृतका की मां कविता देवी ने बताया कि उनकी बेटी के साथ ससुराल पक्ष के लोग, जिनमें राजेश तांती के अलावा भैसुर, सास और ननद शामिल हैं, लगातार मारपीट करते थे। ससुराल पक्ष से फोन आया कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। सूचना मिलने के बाद जब वे उपरामा गांव पहुंचीं तो देखा कि उनकी बेटी का शव खाट पर पड़ा हुआ है और घर के सभी लोग फरार हैं। मृतका के 14 साल के बेटे सौरभ कुमार ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने बताया कि उसकी मां को ससुराल पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडे से पीटकर मार डाला। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

**स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची:** घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। टीम ने क्राइम सीन तैयार कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।महिला के शरीर पर कई चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे लाठी-डंडे से पिटाई की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस हर बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। एसडीपीओ इंद्रजीत बैठा ने बताया कि पुलिस द्वारा जांच पड़ताल कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आवेदन देने के बाद उसके आधार से जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### 2 क्रिमिनल पिस्टल, 10 कारतूस साथ पकड़े गए

**अररिया।** अररिया एसपी जितेंद्र कुमार के निर्देश पर आरएस थाना पुलिस ने शनिवार सुबह दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक देशी सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल, लोडेड मैगजीन और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने लूटपाट करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। पुलिस की गश्ती टीम ने इटहरा ग्राम के पास एक बाइक सवार युवक को रोका। युवक पुलिस को देखकर भागने लगा और सड़क पर गिर पड़ा, जिसके बाद उसे तुरंत पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से 7.65 एमएम का एक लोडेड मैगजीन मिला, जिसमें 10 जिंदा कारतूस थे।

**बिस्तर के नीचे छिपाई हुई देशी सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल पुलिस को सौंप दी:** युवक की पहचान आलोक कुमार सिंह (34) के रूप में हुई, जो बेगूसराय जिले के साहिबपुर कमाल थाना क्षेत्र के सनहा पड़ोरा का निवासी है और वर्तमान में हृदयपुर में रहता है। आलोक ने पूछताछ में बताया कि पिस्टल उसके साथी सम्राट यादव के पास है। इसके बाद, पुलिस ने नगर थाना टीम के साथ मिलकर रहिका टोला वार्ड संख्या 17 स्थित सम्राट यादव (29) के घर छापा मारा। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के बाद सम्राट यादव ने अपने बिस्तर के नीचे छिपाई हुई देशी सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल पुलिस को सौंप दी।

**सुनसान सड़कों पर राहगीरों को डराकर लूटपाट करते थे:** दोनों आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे सुनसान सड़कों पर राहगीरों को डराकर लूटपाट करते थे। उनके पास से एक देशी सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल, लोडेड मैगजीन, 10 जिंदा कारतूस, एक बाइक (BR38S 0344) और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि आरएस थाना कांड संख्या 88/26 के तहत आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आलोक कुमार सिंह (पिता सार्जन सिंह) और सम्राट यादव (पिता श्रीलाल यादव) के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है कि दोनों आरोपी अन्य किन-किन आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं। एसपी ने यह भी कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान तेजी से चलाया जा रहा है और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# पप्पू यादव के बयान से महिलाओं की गरिमा आहत हुई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**भागलपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन को लेकर विपक्ष सवाल उठाए थे। जिसके विरोध में भागलपुर में सोमवार को भाजपा और एनडीए की महिला कार्यकर्ताओं ने आक्रोश रैली निकाली है। जमकर प्रदर्शन किया है। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी है। जिन्होंने सड़कों पर अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए आवाद बुलंद की है। भाजपा नेत्री प्रीति शेखर ने कहा कि पप्पू यादव का बयान राजनीति में सक्रिय महिलाओं के प्रति उनकी निम्नस्तरीय और संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण पर भाजपा नेत्री रंजीता दीदी को सामने आकर जवाब देना चाहिए और यह बताना चाहिए कि महिलाएं किस प्रकार संघर्ष, समर्पण और मेहनत के बल पर राजनीति में अपनी पहचान बनाती हैं। देश के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रीति शेखर ने कहा कि पप्पू यादव के बयान से महिलाओं की गरिमा आहत हुई है। इसी के विरोध में भागलपुर की महिलाएं एकजुट होकर अपना आक्रोश व्यक्त कर रही हैं।

**संसद में महिलाओं की आवाज गूंजनी चाहिए:** भाजपा नेत्री प्रीति शेखर ने सांसद पप्पू यादव के बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि संसद में महिलाओं की आवाज सशक्त रूप से गूंजनी चाहिए। इसी उद्देश्य से राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे विपक्ष ने संशोधन विधेयक का विरोध किया था। प्रीति शेखर ने कहा कि कांग्रेस की स्थिति ऐसी है जैसे मान न मान, मैं तेरा मेहमान। कांग्रेस भले ही पप्पू यादव को अपना नेता न मानती हो, लेकिन वह खुद को कांग्रेस का नेता बताते हैं।

**विपक्ष गलत तरीके से अपनी बात रख रहा:** खास तौर पर पूर्णिया सांसद पप्पू यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों को लेकर नाराजगी जताई गई। महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। इससे समाज में गलत संदेश जाता है। रैली के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। विपक्षी दलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी महिला अनीता गोस्वामी का आरोप है कि नारी शक्ति से जुड़े इस महत्वपूर्ण अधिनियम पर विपक्ष गलत तरीके से अपनी बात रख रहा है और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने का काम कर रहा है।

## गंगा में 17 साल का किशोर डूबा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर जिले के सफियासराय थाना क्षेत्र के हेरुदियारा स्थित काली स्थान पंजाबी घाट पर गंगा नदी में नहाते समय एक 17 वर्षीय किशोर डूब गया। घटना के बाद से किशोर लापता है और उसकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, किशोर अपनी मां के साथ गंगा स्नान करने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। मां के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह नदी की गहराई में समा चुका था।

**तत्काल मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाया गया:** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने सफियासराय थाना को सूचित किया। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोरों की टीम लगातार नदी में किशोर की खोजबीन कर रही है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है।

**ननिहाल में शादी समारोह में शामिल होने आया था:** डूबे किशोर की पहचान शुभम कुमार (17) के रूप में हुई है, जो बेगूसराय जिले के सनहा गांव निवासी महादेव राय का पुत्र है। शुभम अपनी मां के साथ ननिहाल में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने मुंगेर आया था। इस घटना के बाद से परिजनों का बुरा हाल है।

## गौ रक्षा सेवादल ने निकाली गौ सम्मान यात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मुंगेर।** मुंगेर में सोमवार को गौ रक्षा सेवादल ने गौ सम्मान अभियान यात्रा निकाली। इस यात्रा का उद्देश्य गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने और गौवंश की सुरक्षा-सम्मान सुनिश्चित करने की मांग करना था। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने इसमें भाग लिया। यह यात्रा पूरबसराय स्थित गौशाला से शुरू हुई। यह गांधी चौक, दीनदयाल चौक और एक नंबर ट्रैफिक होते हुए किला परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान शामिल लोग गौवंश की रक्षा और सम्मान को लेकर लगातार नारेबाजी करते रहे।

**गौ तस्करी पर सख्त कानून बने:** संगठन के सदस्यों ने बताया कि गौ सम्मान अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। उनकी मुख्य मांगों में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देना और गौ तस्करी पर सख्त कानून बनाना शामिल है, ताकि इस पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने किला परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) को एक मांगपत्र सौंपा। इसमें गौशालाओं में रह रही गायों के लिए बेहतर भोजन, इलाज और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन भी सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए यात्रा मार्ग के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस जवान यात्रा के साथ भी मौजूद रहे।

**गायों की बेहतर देखभाल हो:** संगठन के सदस्यों ने बताया कि इससे पहले भी जिला मुख्यालय स्थित पूरबसराय गौशाला में गायों की बेहतर देखभाल, चारे की समुचित व्यवस्था और गौशाला के विकास को लेकर कई बार आवाज उठाई जा चुकी है। उन्होंने दोहराया कि गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण के लिए उनका अभियान आगे भी जारी रहेगा। संगठन के प्रिंस कुमार समेत कई सदस्य यात्रा में मौजूद थे।

## बर्ड फ्लू से 25 दिन में 2700 मुर्गों की मौत



♦ बचे संक्रमित मुर्गों को दफन किया जाएगा, भागलपुर में एक किमी तक इंफेक्टेड जोन घोषित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के कुकुट बरारी में 2 अप्रैल से अब तक 2700 मुर्गों की मौत हो चुकी है। पशुपालन विभाग की जांच रिपोर्ट भी सामने आई है, जिसमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। मुर्गों की मौत की जांच के लिए शुरुआती दिनों में ही सैंपल भेजा गया था। जिसमें रिपोर्ट अब सामने आ चुकी है। अब कुकुट क्षेत्र में बचे मुर्गों को मारा जाएगा या उन्हें गड्ढे में डाला जाएगा। इसके साथ ही पूरे एरिया को सैनीटाइज किया जाएगा। 1 किमी के दायरे को इंफेक्टेड जोन घोषित किया गाय है। वहीं, 10 किमी के दायर में भी मॉनिटरिंग की जा रही है। पशुपालन विभाग ने निर्देश जारी किया है कि उनके क्षेत्र में कहीं भी अगर किसी पक्षी की संदिग्ध मौत दिखे तो इसकी सूचना विभाग को दें। पटना से भी एक टीम आज कुकुट क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए आ रही है।

**संक्रमित पक्षियों की पहचान की जा रही है:** पशुपालन पदाधिकारी अंजली कुमारी सिन्हा ने कहा कि जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। संक्रमित सामग्री को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद पूरे परिसर को पूरी तरह से सैनिटाइज किया जाएगा। भारत सरकार की ओर तय प्रोटकॉल के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में विभागीय कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर संक्रमित पक्षियों की पहचान और स्थिति का आकलन कराया जा रहा है।

**अधिकारियों और कर्मियों की टीम बनी:** अंजली कुमारी सिन्हा ने कहा कि निगरानी क्षेत्र में भी सर्वेक्षण का कार्य किया जा चुका है। जिलाधिकारी के संयुक्त आदेश के तहत स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, पशुपालन विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मियों की संयुक्त टीम गठित की गई है, जो पूरे अभियान की निगरानी और क्रियान्वयन में लगी हुई है। पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि अब तक लगभग 2,700 पक्षियों की मौत हो चुकी है।

## सरकारी स्कूल में नामांकन को लेकर जागरूकता अभियान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**मुंगेर।** मुंगेर के बरियारपुर प्रखंड अंतर्गत रतनपुर पंचायत स्थित मध्य विद्यालय चिरैयाबाद में सोमवार को शिक्षा विभाग ने नामांकन सत्र के लिए जागरूकता अभियान चलाया। विद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और पूरे विद्यालय परिवार ने गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को सरकारी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान, बच्चों ने नारों और जनसंपर्क के माध्यम से अभिभावकों से अपील की। उन्होंने निजी विद्यालयों के बजाय सरकारी स्कूलों में बच्चों का दाखिला कराने का आग्रह किया, ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

**कई अभिभावक निजी स्कूलों में अधिक खर्च करते:** शिक्षकों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि सरकारी विद्यालयों में अब बेहतर शिक्षण व्यवस्था, पुस्तकें, पोशाक, छात्रवृत्ति और मध्याह्न भोजन सहित कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिक्षकों ने यह भी बताया कि कई अभिभावक निजी स्कूलों में अधिक खर्च करते हैं, जबकि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनेक सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों से जोड़ने का आग्रह किया, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके।

**नामांकन सत्र में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने का आश्वासन:** ग्रामीणों ने अभियान का समर्थन करते हुए आश्वासन दिया कि वे नामांकन सत्र में सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगे और अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाने के लिए आगे आएंगे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सरकारी स्कूलों की व्यवस्था पहले की तुलना में बेहतर हुई है और यह बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक बेहतर विकल्प बन रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आलोक कुमार ने बताया कि नामांकन अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के हर बच्चे को स्कूल से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस अवसर पर शिक्षक पिंकू कुमार, निवास कुमार, पंकज कुमार सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## हीट स्ट्रोक वाले मरीजों के लिए 10 बेड का वार्ड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से पार कर चुका है। लोग लू से बीमार हो रहे हैं। अस्पताल में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सदर अस्पताल में 10 बेड का स्पेशल वार्ड बना है। अनुमंडल अस्पताल और पीएचसी में भी बेड रिजर्व हैं। बेगूसराय सदर अस्पताल में सेकंड फ्लोर पर स्पेशल लू वार्ड और एईएस वार्ड बनाया गया है। जहां की एसी से लेकर पर्याप्त मात्रा में पंखा उपलब्ध है। मेडिकल स्टाफ भी अलर्ट मोड में है। हालांकि अभी तक एक भी ऐसा कोई सिरियस मरीज सामने नहीं आया है, जिसे की स्पेशल वार्ड में भर्ती कराया जा सके। दूसरी ओर सदर अस्पताल के तीनों जनरल वार्ड में पंखा और एसी पहले से ही लगा हुआ है और गर्मी को देखते हुए 24 घंटा एसी के साथ पंखा भी चलाया जा रहा है। हालांकि ग्राउंड फ्लोर के जनरल वार्ड के 2 पंखे 15 दिनों से भी अधिक समय से खराब है। जिसके कारण दो-तीन मरीजों को परेशानी है। एक मरीज ने तो घर से छोटा कूलर मंगवा लिया है।

**बेड के ऊपर लगा पंखा खराब है:** मरीज के अटेंडेंट मंझौल निवासी चंदन कुमार ने बताया कि पिछले शनिवार को पिताजी को एडमिट कराया था, लेकिन हमारे बेड के ऊपर लगा पंखा खराब है, जिसके कारण परेशानी हो रही है। अस्पताल प्रशासन को भीषण गर्मी में इस पर ध्यान देना चाहिए। दो अन्य मरीज और उसके परिजनों ने भी पंखा बंद रहने पर नाराजगी जताई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध करने के लिए वाटर कूलिंग मशीन भी है। जो चालू है। 24 घंटे मरीजों के परिजनों को ठंडा पानी मिल रहा है। पिछले महीने ही यह व्यवस्था कर दी गई, जिससे की लोग गर्मी में पानी के लिए दर-दर भटकें नहीं और उन्हें ठंडा पानी मिल सके। इसका लोगों को काफी लाभ मिल रहा है।

**गंभीर मरीज अभी तक नहीं आए हैं:** स्पेशल वार्ड में तैनात एएनएम बिंदु ने बताया कि पेशेंट के आते ही हम लोग तुरंत इलाज शुरू कर देंगे, इसके लिए तैयार हैं। अभी तक इस वार्ड में हीट वेव का कोई पेशेंट नहीं आया है। जिनको थोड़ी परेशानी है उनका इलाज जनरल वार्ड में ही कर देते हैं। गर्मी से कुछ देर के लिए चक्कर, उल्टी-दस्त आदि के मरीज आ रहे हैं तो उनका जनरल वार्ड में ही इलाज कर रहे हैं। बेगूसराय में पर्याप्त बिजली उपलब्ध है। औसतन 20 घंटे बिजली दी जा रही है। इसके बाद भी सदर अस्पताल में इमरजेंसी के लिए निजी एजेंसी के 2-2 जनरेटर लगाए गए हैं। लाइन कटते ही तुरंत जनरेटर की सेवा उपलब्ध करा दी जाती है।

**दवा भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध:** सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि लू से बचाव के लिए हम लोग पहले ही तैयारी कर चुके हैं। सदर अस्पताल में 10 बेड का स्पेशल वार्ड बनाकर सुरक्षित कर दिया गया है। सभी अनुमंडलीय अस्पताल में 6-6 बेड और पीएचसी में 5-5 बेड सुरक्षित है। सभी आवश्यक दवा की व्यवस्था सदर अस्पताल से लेकर पीएचसी तक कर दिया गया है। एंबुलेंस को भी एक्टिव मोड में रखा गया है।

## सड़क किनारे अज्ञात युवक का शव



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** बांका के अमरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरामा संपर्क पथ पर डटवाटी पैदापुर मोड़ के समीप सोमवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों की नजर जैसे ही सड़क किनारे पड़े शव पर पड़ी, उन्होंने तुरंत इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। देखते ही देखते खबर पूरे इलाके में फैल गई और डटवाटी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। कुछ लोगों ने आशंका जताई कि युवक की हत्या कहीं और कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को यहां लाकर फेंक दिया गया है। वहीं, कुछ लोग इसे सड़क दुर्घटना का मामला भी मान रहे हैं।

**अमरपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची:** घटना की सूचना मिलते ही अमरपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर युवक की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। फिलहाल घटना के सही कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। अज्ञात शव की पहचान होने के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## टोटो ड्राइवर ने की खुदकुशी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में पत्नी से विवाद के बाद टोटो ड्राइवर ने सुसाइड कर लिया। जहर खाकर जान दे दी। मृतक की पहचान छोटू यादव के पुत्र शिव कुमार(26) यादव के तौर पर की गई है। 6 महीने पहले पत्नी अपने मायके नारायणपुर चली गई थी। परिजनों का आरोप है कि पत्नी का चचेरी मौसी के बेटे से अफेयर चल रहा है। फोन पर वह गाली-गलौज करती थी।

**2020 में शादी हुई थी:** शिव कुमार का 2018 से ब्यूटी कुमारी से अफेयर चल रहा था। 2020 में मिलने के लिए उसके गांव गया था। इस दौरान गांव वालों ने उसे पकड़ लिया और जबरदस्ती शादी करवा दी। शादी के बाद दोनों आदमपुर में रह रहे थे। दो बच्चे हैं। 6 महीने पहले झगड़ा करके पत्नी एक बच्चे को लेकर अपने मायके नारायणपुर चली गई थी। इस वजह से वह डिप्रेशन में चल रहा था।

**फोन पर गाली-गलौज करती थी:** मृतक की मां अंजू देवी ने बताया कि बहू का उसके ही चचेरी मौसी के बेटे से अफेयर है। वह मेरे बेटे से बात नहीं करना चाहती थी। बेटा पॉकेट में उसका फोटो लेकर घूमता था। फोन करने पर वह गाली-गलौज करती थी। रविवार रात रोजाना की तरह टोटो चलाकर घर लौटा था। इसके बाद अपने कमरे में चला गया। दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। कुछ देर बाद छोटे भाई ने खिड़की से पॉलीथिन फेंकते हुए देखा। शक होने पर देखा तो मुंह से झाग निकल रहा था। आसपास के लोगों के सहयोग से दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला। मायागंज अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहू के चक्कर में ही उसकी जान गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### जांच चौकी पर 17 शराबी गिरफ्तार, दूसरी बार पकड़ा गया आरोपी जेल भेजा गया

**रजौली।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 लोगों को शराब के नशे में हिरासत में लिया। गिरफ्तार लोगों में एक व्यक्ति दूसरी बार शराब पीकर पकड़ा गया है। बिहार में शराबबंदी को लगभग 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इसके बावजूद लोग शराब के नशे में बिहार प्रवेश करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उत्पाद अधीक्षक नवादा अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को सख्ती से लागू करने के लिए जांच चौकी पर 24 घंटे सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी और बड़ी वाहन की जांच की जाती है। इस जांच अभियान का नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बीते रविवार की शाम से लेकर सोमवार की सुबह तक विभिन्न यात्री वाहनों एवं निजी वाहनों से कुल 17 लोगों को हिरासत में लिया गया। सभी ने शराब का सेवन कर रखा था। ब्रेथ एनलाइजर मशीन से जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि पहली बार नशे में पकड़े गए 16 लोगों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहां सभी ने जुर्माना राशि जमा कर दी। इसके बाद सभी अपने घर चले गए। वहीं दूसरी बार शराब के नशे में गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई के दौरान उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

### 20 लीटर देशी शराब जप्त, शराब का सेवन करते दो गिरफ्तार

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने पड़रिया व ननौरा गांव से 20 लीटर देसी शराब जब्त किया। थानाध्यक्ष ने आदित्य कुमार ने कहा छापेमारी के दौरान जहां 20 लीटर देसी शराब जब्त किया गया है। वही बिक्री स्थान पर दो व्यक्ति शराब पी रहे थे। पुलिस ने शराब का सेवन करते हुए दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अग्रेतर कार्रवाई की जा रही हैं। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोसाईपुर के प्रधानाध्यापिका ने छात्र-छात्राओं को किया पाठ्य पुस्तक वितरण



**कटिहार।** जिले के आजमनगर प्रखंड अंतर्गत शीतलपुर पंचायत के मध्य विद्यालय गोसाईपुर में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रेहाना खातून ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष,सचिव रहे। समारोह में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रेहाना खातून के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधालय के छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें वितरण किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका रेहाना खातून एवं शिक्षक दिनेश प्रसाद साह,हसीना मुमताज,लाल बहादुर मंडल,रेहाना प्रवीण,महेश कुमार पासवान,मो.सुफीयान,धीरज कुमार राय,जैतून निशा ने कहा कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोसाईपुर के सभी वर्ग के छात्र-छात्राएं पठन-पाठन के साथ-साथ अनुशासन पालन करते हैं। विद्यालय में समय पर छात्र-छात्राएं स्कूल ड्रेस में आते हैं और विद्यालय के नियम का पालन करते हुए समय सारणी के अनुसार पठन-पाठन करते हैं। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं पढ़ने के प्रति समर्पण की भाव रखते हैं। जिसके कारण इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं का परिणाम अन्य विद्यालय के अपेक्षा अति सराहनीय रहता है।और आगे भी रहेगा। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक दिनेश प्रसाद साह,हसीना मुमताज,लाल बहादुर मंडल, रेहाना प्रवीण, महेश कुमार पासवान,मो.सुफीयान,धीरज कुमार राय,जैमून निशा का काफी सहयोग रहा।

### डीएम के निर्देश पर जन वितरण प्रणाली दुकानों का किया गया सघन जांच

**कटिहार।** डीएम आशुतोष द्विवेदी के निर्देश जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों की सघन जांच अभियान किया गया। इस दौरान प्रखंड के प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया। प्राणपुर प्रखंड में निरीक्षण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीषा कुमारी, राजस्व पदाधिकारी अजय कुमार सिंह,मनरेगा पदाधिकारी अबू नसर फैजी, वरीय सहकारिता पदाधिकारी तनवीर आलम द्वारा जनवितरण प्रणाली दुकानों में खाद्यान्न के भौतिक स्टॉक,रजिस्टर मिलान तथा आवंटन,पोश मशीन,बायोमेट्रिक सत्यापन और ऑनलाइन डेटा की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया।इस दौरान जांच टीमों ने आपूर्ति लाभुकों से सीधे बातचीत कर उन्हें मिलने वाले राशन की मात्रा तथा दर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। दुकानों पर सूचना पट्ट,कैश मेमो, रसीद ,भंडारण व्यवस्था, साफ-सफाई तथा खाद्यान्न की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया।वही जांच टीमों ने बताया कि जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है। अनियमितता,कालाबाजारी या लाभुकों के अधिकारों में कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान पाई गई कमियों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन जिला आपूर्ति शाखा को अवगत कराना अनिवार्य है।वही जांच टीमों ने बताया कि कई जन वितरण प्रणाली दुकानों पर कई अनियमित पाई गई है जिसका रिपोर्ट जिला को अवगत करा दिया गया है।

### 2026-27 के बजट में शिक्षा पर और अधिक खर्च करने की तैयारी में है



**कटिहार।** बिहार राज्य के सरकारी स्कूलों में इंटर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर के तहत स्कूल आवंटन की प्रक्रिया एक जनवरी से कई जिलों में शुरू हो चुकी है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट कर दिया है। सभी पात्र शिक्षकों को स्कूल आवंटित कर दिए जाएंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब प्रखंड आवंटन के बाद स्कूल आवंटन की कवायद तेज हो गई है। कटिहार, कैमूर,सुपौल और किशनगंज जैसे जिलों में स्कूल आवंटन की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी गई है। यह पूरी प्रक्रिया ई-शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन की जा रही है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश न हो। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ई-शिक्षा कोष के जरिये इंटर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर के लिए कुल 41,689 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 27,171 शिक्षकों को जिला आवंटित किया गया। जिला आवंटन के बाद 22,928 शिक्षकों ने प्रखंडों के विकल्प भरे,जिनमें से लगभग सभी शिक्षकों को प्रखंड आवंटित किया जा चुका है। अब अंतिम चरण के तौर पर स्कूल आवंटन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बिहार सरकार वर्ष 2026-27 के बजट में शिक्षा पर और अधिक खर्च करने की तैयारी में है। शिक्षा विभाग को दो अलग-अलग महकमों में बांटे जाने के बाद बजट का आकार भी बढ़ने की उम्मीद है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले 20 वर्षों में बिहार में शिक्षा पर होने वाला व्यय 16–17 गुना तक बढ़ चुका है। वर्ष 2005 में जहां शिक्षा पर 4,341 करोड़ रुपये खर्च होते थे।वहीं 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 72,652.44 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यानी औसतन हर साल करीब 3,632.6 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

# भीषण गर्मी में रजौली नगर पंचायत की पहलः सात स्थानों पर निःशुल्क शीतल पेयजल सेवा शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत प्रशासन ने भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और आम लोगों के लिए बड़ी राहत दी है। नगर पंचायत क्षेत्र में सात स्थानों पर निःशुल्क शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। इस सेवा की शुरुआत सोमवार से की गई है।

**कहां-कहां लगे हैं स्टॉल :-** नगर पंचायत पदाधिकारी आतिश कुमार ने बताया कि बढ़ते तापमान को देखते हुए सात जगहों पर शीतल पेयजल के स्टॉल लगाए गए हैं। ये स्थान हैंः बांके मोड़ अनुमंडल रोड, पोस्ट ऑफिस चौक के पास, बजरंगबली हाट चौक, ब्लॉक गेट के पास, पुरानी बस स्टैंड, बाईपास स्थित कालिका होटल के समीप और सिरदला रोड घसियाडीह। इन सभी स्टॉलों पर पूरे दिन मिनरल वाटर की आपूर्ति की जा रही है।

**ग्रामीणों और मजदूरों को मिल रही राहत :-** इन दिनों नगर पंचायत समेत आसपास के क्षेत्रों में तेज गर्मी पड़ रही है। साथ ही शादी ब्याह का लग्न भी जोरों पर है। ऐसे में बाजार करने आने वाले दूर दराज के ग्रामीणों, रिक्शा चालकों और मजदूर वर्ग के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। शीतल पेयजल की व्यवस्था से इन्हें बड़ी राहत मिली है। अब लोग बाजार में खरीदारी के दौरान ठंडा और स्वच्छ पानी पीकर गर्मी से बच रहे हैं।

**जंजीर युक्त ग्लास, दिन में तीन बार बदलता है पानी :-** नगर पंचायत पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक स्टॉल पर लोगों के लिए जंजीर युक्त ग्लास लगाए गए हैं ताकि कोई ग्लास लेकर न जाए और व्यवस्था बनी रहे। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी नगर पंचायत के प्रधान लिपिक प्रभु कुमार को दी गई है। प्रधान लिपिक ने आश्वासन दिया कि शीतल पेयजल की मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है। लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता है।




नगर पंचायत में लगे शीतल पेयजल स्टॉल

उन्होंने बताया कि दिन में कम से कम तीन बार मिनरल वाटर बदला जा रहा है ताकि पानी ताजा और ठंडा रहे।

**पूरे गर्मी चलेगी सेवा :-** नगर पंचायत पदाधिकारी ने कहा कि यह सुविधा पूरे गर्मी के मौसम तक लोगों को निःशुल्क मिलती रहेगी। जब तक गर्मी का प्रकोप रहेगा, तब तक सभी सातों स्टॉलों पर शीतल पेयजल उपलब्ध रहेगा।

**हीट वेव से बचने की अपील :-** नगर पंचायत पदाधिकारी आतिश कुमार ने हीट वेव से बचाव को लेकर आम लोगों से अपील भी की है। उन्होंने कहा कि लोग जरूरत पड़ने पर ही दिन में बाजार आएं। कोशिश करें कि सुबह और शाम के समय ही खरीदारी करें। दोपहर में तेज धूप और लू से बचें। घर से निकलते समय पानी की बोतल, गमछा या छाता जरूर रखें।

**लोगों ने सराहा कदम :-** नगर पंचायत की इस पहल की स्थानीय लोग सराहना कर रहे हैं। पुरानी बस स्टैंड पर पानी पी रहे मजदूर रामजी पासवान ने कहा कि दिहाड़ी पर काम करने वालों के लिए यह बहुत बड़ी राहत है। बाजार में पानी की बोतल 20 रुपये की मिलती है। बार खरीदना मुश्किल होता है। यहां फ्री में ठंडा पानी मिल रहा है। बजरंगबली हाट चौक पर रिक्शा चलाने वाले मो. शमीम ने कहा कि पूरे दिन धूप में रिक्शा चलाते हैं। गला सूख जाता है। नगर पंचायत ने बहुत अच्छा काम किया है। रजौली नगर पंचायत की यह पहल गर्मी में आम लोगों के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

# समारोह पूर्वक प्रखण्ड बीस सूत्री कार्यालय का हुआ उदघाटन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंजः** वारिसलीगंज प्रखण्ड कार्यालय स्थित नवनिर्मित प्रखण्ड सरकार भवन में सोमवार को बीस सूत्री कार्यालय का समारोह पूर्वक उदघाटन किया गया। कार्यालय का विधिवत उदघाटन भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता एवं जदयू के जिलाध्यक्ष राज किशोर दांगी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर जदयू भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा जिला से पहुंचे दोनो जिलाध्यक्ष समेत बीडीओ, कार्यकर्ता मुकेश कुमार को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने नए प्रखण्ड सरकार भवन के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एनडीए सरकार की उपलब्धि बताई। कहा गया कि डबल इंजन की सरकार में बिहार का चहुमुखी विकास हुआ है। राज्य में सड़को का जाल बिछाया गया है। रेल मार्ग का भी विस्तार हुआ है। वही जदयू के जिलाध्यक्ष ने कहा कि एनडीए सरकार ने ग्राम पंचायतों में नलजल से लेकर 22 घंटे बिजली की आपूर्ति बहाल कर किसानों को समृद्ध बनाने में सहयोग किया है। मौके पर उपस्थित एनडीए कार्यकर्ताओ को जोश भरते हुए पंचायत चुनाव में अधिकाधिक भागीदारी के लिए उत्साहित किया।




कार्यक्रम में पहुंचे जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष सुमन कुमार, उपाध्यक्ष अजय कुमार राय, बीस सूत्री सदस्य रणविजय कुमार, भाजपा के चंदन कुमार, संजय सिंह, अरुण कुमार राय, चंद्रमौली शर्मा, कुंदन कुमार, पंकज कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपहरण एवं शराब मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार ,एक वारंटी भी धराया,भेजे गए जेल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के तारगीर गांव से एक वारंटी एवं जेहल बिगहा गांव से एक शराब तस्कर के अलावे सिरदला थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव से पुलिस ने एक नाबालिग के अपहरणकर्ता को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में तारगीर गांव निवासी सदानंद प्रसाद के पुत्र अनुज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वहीं जेहल बिगहा गांव में बीते 2 मार्च को एसआई सचिन कुमार ने शराब तस्कर के बथान के समीप जमीन में 21 बोतल रॉयल स्टेज नामक विदेशी शराब गाड़कर रखने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी,किंतु अभियुक्त पुलिस गिरफ्त से बाहर था। पुलिस द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आलोक में एएसआई संजय कुमार यादव ने वांछित अभियुक्त जेहल बिगहा गांव निवासी विनोद चौधरी के पुत्र रौशन कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बीते वर्ष 2025 के अक्टूबर माह में एक नाबालिग युवती का अपहरण शादी की नियर से एक युवक द्वारा कर लिया गया था। घटना को लेकर युवती के पिता द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थीं। अपर थानाध्यक्ष्य एसआई अजय कुमार ने वांछित अपराधकर्मी सिरदला थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव निवासी दीपू राजवंशी के पुत्र अनूप कुमार उर्फ अनुरूप कुमार को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तीनों लोगों को सोमवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



थाना परिसर से जेल जाता गिरफ्तार अभियुक्त

# नरहट प्रमुख पति व शिक्षक गणेश पासवान पर अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** जिले के नरहट प्रखंड में प्रमुख पति शिक्षक गणेश पासवान से जुड़े मामले को लेकर विवाद सामने आया है। जनता दल (यू) के जिला महासचिव अविनाश कुमार कश्यप उर्फ प्रमोद सिंह द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में नरहट के प्रमुख पति एवं शिक्षक गणेश पासवान पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आवेदन में कहा गया है कि गणेश पासवान सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और पंचायत समिति से जुड़े विकास कार्यों में अनियमितता बरत रहे हैं। आरोप है कि वे अधिकारियों व कर्मियों पर दबाव बनाकर अपने अनुसार कार्य करवाने की कोशिश करते हैं। आवेदन में बताया गया है कि प्रमुख पति गणेश पासवान रजौली प्रखंड में शिक्षक है उसके वाबजूद नरहट प्रखंड में अधिकांश समय डटे रह कर विभिन्न ऑफिस से कमीशन लेने के फेरा में रहते हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता की कमी है तथा चयन में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। आवेदनकर्ता ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि पंचायत समिति स्तर पर पारदर्शिता बनी रहे और विकास कार्य बाधित नही हो। प्रमुख पति के कार्य को लेकर पंचायत समिति सदस्य गुस्से में हैं। उन्होंने बताया कि दस पंचायत समिति सदस्य का हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर बीडीओ से शिकायत किया गया है। इसके साथ एक प्रति बीपीआरओ, थानाध्यक्ष को भी दिया है। चौदह पंचायत समिति वाला नरहट प्रखंड में दस समिति सदस्य नाराज दिख रहे हैं जिससे प्रखंड प्रमुख सुलेखा देवी की कुर्शी खतरे में दिख रही है।

इस सम्बंध में बीडीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि आवेदन कार्यालय को प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।




प्रखंड कार्यालय में आवेदन देते जदयू नेता एवं पंचायत समिति सदस्य

# नरहट में कलश शोभायात्रा में शामिल हुए क्षत्रपति शिवजी संस्थान के जिलाध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा

## नरहट कलश शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** सोमवार को नरहट के चांदनी चौक, कोयरी टोला में आयोजित पांच दिवसीय श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त गाजे-बाजे के साथ शामिल हुए और "हर-हर महादेव" व "जय श्रीराम" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

श्रद्धालु पास स्थित धनार्जय नदी पहुंचे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पवित्र जल भरकर कलश यात्रा के माध्यम से यज्ञ स्थल तक लाया गया। इसके पश्चात जल को यज्ञवेदी पर स्थापित किया गया। यह धार्मिक आयोजन जगतगुरु स्वामी रँगनाथाचार्य जी महाराज, श्री वैष्णव सिद्ध पीठ नरहट के तत्वावधान में किया जा रहा है। मुख्य यजमान संजय कुशवाहा उनकी धर्मपत्नी विनीता कुमारी, रौशन कुमार वर्मा उनकी धर्मपत्नी आशा कुमारी ,पवन कुमार उनकी धर्मपत्नी संजना कुमारी , अमित कुमार उनकी धर्मपत्नी सुलेखा कुमारी एवं चन्दन कुमार सिन्हा उनकी धर्मपत्नी नेहा कुमारी सिन्हा बनी हुई हैं।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

**27 अप्रैल से एक मई तक होगा आयोजनः** आयोजन समिति से जुड़े अशोक कुमार, अंकुश कुमार एवं धर्मवीर कुमार ने बताया कि नवनिर्मित भव्य मंदिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पांच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन 27 अप्रैल से 1 मई 2026 तक किया जाएगा। यज्ञ में कथावाचक विश्वनाथ शास्त्री का प्रवचन होगा। उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ को सफल बनाने के लिए पूरे गांव के लोग तन-मन से जुटे हुए हैं। आयोजकों ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर सत्संग और प्रवचन का लाभ उठाने की अपील की है।

कलश शोभायात्रा में क्षत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान नवादा के जिला अध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा, सचिव जितेंद्र प्रताप, पूर्व विधायक नीतू देवी, राजीव सिंह, राहुल जी, नारायण प्रसाद, रॉकी, गौरव, आकाश, सोनू, मोनू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# बिना किसी ठोस मास्टर प्लान के कार्य होने से पूरा शहर हो गया है अस्त- व्यस्त

## सांसद प्रतिनिधि ने कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर वॉटर ड्रेनेज सिस्टम कार्य का किया निरीक्षण



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार शहर में करोड़ों की लागत से स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम का काम लंबे समय से किया जा रहा हैं। परंतु परियोजना की धीमी रफ्तार आम लोगों के लिए सर दर्द बन गई है। सालों से चल रहे इस अधूरे काम के कारण लोगों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी क्रम में कटिहार सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर शहर के बिनोदपुर,राजहाता,दुर्गापुर सहित अन्य जगहों पर जहां स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम का कार्य जारी है। उस स्थल पर पहुंचकर कार्य का जायजा लिया और काफी धीमी गति से हो रहे कार्य के प्रति नाराजगी जताई।



इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि परियोजना की धीमी रफ्तार आम लोगों के लिए सिर दर्द बन गई है। लंबे समय से चल रहे इस अधूरे काम के कारण जिले वासियों को गंभीर जल जमाव-जाम और अन्य कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुनील कुमार यादव ने कहा कि बुडको द्वारा काम इतना धीमी गति से किया जा रहा है कि उम्मीद है कि इस बार भी मानसून में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से कालीबाड़ी रोड, सदर अस्पताल रोड, पटेल चौक, तीनछिया,बिनोदपुर,दुर्गापुर सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सड़कों के किनारे खोदे गए बड़े-बड़े गड्ढे में गंदा पानी भर गया है। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। और काफी बदबू भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहा है।

सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि बिना किसी ठोस मास्टर प्लान के काम हो रहा है। जिससे पूरा शहर अस्त-व्यस्त हो गया हैं।उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द तीव्र गति से कार्य हो दो शिफ्ट में काम करवाया जाए और अच्छी फिनिशिंग के साथ हो हम सभी यही चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर कटिहार सांसद तारिक अनवर के द्वारा भी कटिहार जिला अधिकारी को पत्र लिखा गया है। और अब जल्द ही जिलाधिकारी से पुनः मिलकर कार्य को तीव्र गति से करवाने का निर्देश देने की मांग की जाएगी।

वहीं कांग्रेस नेता प्रोफेसर विनोद यादव ने कहा कि परियोजना के धीमी गति से हो रहे कार्य की वजह से महिलाओं-बच्चों के साथ-साथ रोजगार करने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। प्रतिदिन घंटो जाम लगी रहती है,जबकि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।कार्य तीव्र गति से हो हम सभी यही चाहते हैं। क्योंकि काफी लंबे समय से यह कार्य जारी है मगर अब तक लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है।

मौके पर मो० जहांगीर, अरुण यादव, चंदन यादव, मो० इम्तियाजुल, राजा, सउद आलम आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट मामले में दो पक्षों के तीन लोग गिरफ्तार

**राजपुर**। स्थानिय बजार के राजीव नगर मुहल्ले में रास्ते पर पानी बहाव करके जल जमाव किये जाने मामले में हुए मारपीट मामले में स्थानिय पुलिस ने कांड संख्या 77/26 के प्राथमिकी अभियुक्त मनोज साह का बेटा 22 वर्षीय बिट्टू कुमार एवं कांड संख्या 78/26 के अभियुक्त सुदर्शन साह उर्फ सुधा का बेटा 21 वर्षीय नीतीश कुमार एवं स्वर्गीय जमींदार साह का बेटा पचास वर्षीय सुदर्शन साह को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द करते हुए जेल भेज दिया गया.

### सीवान में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप

**सीवान**। सीवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मोरा गांव में सोमवार को एक नवविवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव उसके घर में फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सीवान भेज दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका मोरा गांव निवासी लालबाबू राय के पुत्र सदाम हुसैन की पत्नी शबाना खातून है। बताया जा रहा है कि शबाना की शादी 4 मार्च 2026 को हुई थी और शादी के महज दो माह के भीतर ही उसकी मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की मां आसाम बेगम (अरवा कोठी, थाना नगरा, जिला सारण) ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा चार लाख रुपये की गाड़ी की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। उन्होंने यह भी बताया कि करीब 15 दिन पहले इस मामले को लेकर पंचायत हुई थी। मां का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया। मृतका की सास नूर जहां ने बताया कि सुबह बहू खाना बनाने के बाद घर पर थी, जबकि वह बथान चली गई थीं। इसी दौरान बहू और उसके पति के बीच मोबाइल पर बातचीत हो रही थी। उनके अनुसार, पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद बहू ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतका का पति छत्तीसगढ़ में रहकर एक निजी कंपनी में काम करता है, जबकि ससुर बैंड-बाजा बजाने का काम करते हैं। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो पाएगा। फिलहाल दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### जन संवाद कार्यक्रम आयोजित, त्वरित समाधान के दिए निर्देश



**सुपौल**। जिले में आम जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी शिकायतें सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे जनता के साथ संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ पेश आएं तथा समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस और आम जनता के बीच संवाद को मजबूत करने का प्रयास किया गया, जिससे लोगों में भरोसा बढ़ा है और प्रशासन के प्रति सकारात्मक संदेश गया है।

### गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा को लेकर कटिहार से प्रधानमंत्री को ज्ञापन

**कटिहार**। गौ सेवा ही राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ सोमवार को कटिहार की सड़कों से समाहरणालय तक गौ माता के सम्मान की गूंज सुनाई दी। गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत बजरंग दल और प्रबुद्ध नागरिकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। मांग एक ही- गौ माता को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। पिछले कई दिनों से शहर-गांव में घूमकर कार्यकर्ताओं ने आम लोगों से हस्ताक्षर जुटाए। डिजिटल समर्थन के लिए मिस्ड कॉल अभियान भी चलाया गया। गुरुवार को हजारों नागरिकों के हस्ताक्षर वाला विस्तृत प्रतिवेदन डीएम को सौंपा गया। समाहरणालय पहुंचकर बजरंग दल के जिला संयोजक राणा सोनी ने डीएम से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि गौ माता सिर्फ पशु नहीं, भारतीय सभ्यता, कृषि और अध्यात्म की आधारशिला हैं। जनता की भावना है कि उन्हें राष्ट्रीय पशु का दर्जा मिले। यह ज्ञापन डीएम के जरिए पीएम और राष्ट्रपति को भेजा गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौ माता की सेवा ही राष्ट्र की सच्ची सेवा है। जब तक गौ माता को उचित सम्मान और राष्ट्रीय पशु का दर्जा नहीं मिल जाता, यह वैचारिक और सामाजिक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी, स्थानीय गौ-भक्त और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि जनभावनाओं से जुड़े इस पत्र को तुरंत केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा। कटिहार में गौ सम्मान की यह मुहिम अब जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है।

# भीषण सड़क हादसा: बस-हाईवा टक्कर में एक की मौत, कई घायल






सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास)**। डेहरी–बिक्रमगंज मुख्य मार्ग पर इटिम्हा गांव के पास सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों भरी बारात को मातम में बदल दिया। बारात से लौट रही एक बस और हाईवा ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में भोजपुर जिले के हेतनपुर गांव निवासी रमेश मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायल होने वालों में भोजपुर के जगदीशपुर निवासी अरुण यादव, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी अरुण यादव, पिंटू यादव और भोला कुमार शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज निजी क्लिनिक में जारी है, जहां दो की हालत नाजुक बताई जा रही है।टक्कर इतनी तेज थी कि हाईवा चालक और खलासी के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के ग्रामीण मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।सूचना मिलते ही नासरीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर यातायात बाधित रहा। इस घटना ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर कर दिया है।

## बिक्रमगंज में एसडीएम के जनता दरबार में 37 समस्याओं का किया गया निष्पादन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज/ रोहतास**। सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह के आदेश पर सोमवार को एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने अपने कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किये।

एसडीएम बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत अपनी समस्याओं को लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र से आम नागरिक उपस्थित हुए। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से कुल 37 आवेदन पड़े। जिसमें भूमि विवाद से संबंधित 09, राशन कार्ड से संबंधित 22 एवं अन्य 06 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए। सभी ने अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं तथा एसडीएम को आवेदन सौपा। एसडीएम ने सभी आवेदन पत्रों का अवलोकन करने के उपरांत शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनता दरबार का उदेश्य है कि आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उनकी समस्याओं का समाधान हीं हमारी प्राथमिकता है। जनता दरबार में भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार, सभी प्रखंड के बीडीओ, अंचल के सीओ और कई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## गऊ सामान अभियान के तहत अनुमंडल अधिकारी को दिया गया ज्ञापन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत गौ सामान अभियान के तहत एक प्रतिनिधि मंडल ने बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार को एक ज्ञापन देते हुए गौ रक्षा हेतु गुहार लगाई। ज्ञापन में कहा गया कि अवैध गोकशी बंद हो गौ माता को संरक्षण सुनिश्चित हो।

गौ रक्षों ने आवेदन के द्वारा प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार को आग्रह किया कि बड़े पैमाने पर हर जगह अवैध रूप से गोकशी हो रही है जिस पर अभिलंब रोक लगाई जाए। अनुमंडल अधिकारी ने ज्ञापन लेते हुए कहा कि सरकार की दिशा निर्देश एवं कानून संवत जो भी कार्य होगा उसे हर संभव किया जाएगा एवं जो भी आप लोगों की मांग है उसे हम सरकार के प्रतिनिधि के नाते सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। गौ रक्षों ने बताया कि हजारों हजार के संख्या में आम लोगों से हस्ताक्षर कर करके अपनी मांग को अनुमंडल अधिकारी महोदय को सौंपा है। मौके पर रामजी पांडेय उर्फ बड़क बाबा, राकेश मिश्रा, ओम प्रकाश सिंह, रूबी कुमारी, निलेश कुमार मौजूद रहे।

# बिजली समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सोमवार को किया गया विशेष शिविर का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम /रोहतास**। बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा विशेष पहल करते हुए शिकायत निवारण व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम अंतर्गत सभी अवर प्रमंडल एवं प्रशाखा कार्यालयों में विशेष शिकायत निवारण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में उपभोक्ताओं की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपनी-अपनी समस्याएं दर्ज कराईं, जिनमें मुख्य रूप से बिजली बिल में गड़बड़ी, लो वोल्टेज, बार-बार फ्यूज उड़ना, झुके हुए विद्युत पोल, ढीले तार तथा खराब ट्रांसफार्मर जैसी समस्याएं शामिल रहीं। विभाग द्वारा इन शिकायतों के समाधान के लिए 72 घंटे की समय-सीमा निर्धारित की गई है तथा प्राप्त




शिकायतों के त्वरित निष्पादन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से कनीय विद्युत अभियंता स्तर तक इन शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही शीघ्रता से किया जा सके। शिविर के दौरान कई समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान भी किया गया। बिजली बिल में त्रुटियों का सुधार, नए विद्युत कनेक्शन का आवेदन, नाम परिवर्तन, लोड संशोधन एवं स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित कार्यों का निष्पादन मौके पर ही किया गया। इसके अतिरिक्त तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित कर्मियों को तत्काल निर्देश दिए गए।

किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए कृषि कनेक्शन से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया की सुविधा भी शिविर में उपलब्ध कराई गई। साथ ही, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर कनेक्शन लेने के लिए इच्छुक उपभोक्ताओं को सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया एवं इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा को केंद्र में रखकर शुरू की गई इस पहल का मुख्य उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाना है। विभाग का प्रयास है कि उपभोक्ताओं को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि उन्हें एक ही स्थान पर त्वरित समाधान उपलब्ध हो सके।

# बिनु सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलभ ना सोई - सुन्दरराज जी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर**। बिनु सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलभ ना सोई. सत्संगति मुद मंगल मूला, सोई फल सिद्धि सब साधन फूला. भगवत कृपा बिना कोई भी कार्य सिद्ध नहीं हो सकता. मनुष्य को अपने पुरुषार्थ के साथ प्रभु की भक्ति का आश्रय लेना चाहिए.सभी को प्रतिदिन घंटा दो घंटा अवश्य सत्संग करना चाहिए.भगवान के नाम का स्मरण करते रहना चाहिए.संसार में ना सुख स्थाई है ना हीं दुख. सब कुछ परिवर्तनशील है.यहां हर क्षण परिवर्तन होता रहता है.क्योंकि परिवर्तन हीं प्रकृति का नियम है.

ये संसार भगवान श्री हरि विष्णु रचित माया है. कोई कितना भी प्रिय हो,उसकी चिता ठंडी होने से पहले हीं रिश्तेदारों के आंखों के आंसू सूख जाते हैं.कोई दो घड़ी आंसू बहाता है तो कोई दो दिन. मां सबसे अधिक रोती है.लेकिन चंद दिनों बाद वह भी इस संसार के माया में फंस कर अपने दूसरे अन्य कार्यों में लग जाती है. अतः ईश्वर हीं



शाश्वत सत्य हैं.

उक्त बातें सोमवार को प्रखंड मुख्यालय राजपुर कचहरी मोड स्थित शिबाला प्रांगण में राम लक्ष्मण जानकी एवं हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दुसरे दिन तपो मूर्ति संत श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी के पाद सेवक यतिराज श्री सुन्दरराज स्वामी जी महाराज ने श्रद्धालु भक्तों के बीच प्रवचन के दौरान कहीं.स्वामी जी ने कहा कि परिस्थिति तय करती है कि मानव के लिए क्या धर्म अनुकूल है ? श्री रामचरितमानस के प्रसंग का उल्लेख करते हुए

उन्होंने कहा कि राम विमुख संपत्ति प्रभुताई, जाई रही पाई बिनू पाई.भगवान से विमुख रहने वाले का संपत्ति किसी काम का नहीं होता है.

भगवत कथा में यात्रा में क्षेत्र के पकड़ी,सबेया,रामोडिह,छपरा, हुसेनाबाद,कपसिया,सियावंक, हब्बुपुर,राजपुर ,काशिपुरी,अमाडी,मंगरवलिया,मलांव,रोतवा, घोडिही,पडरिया,पकड़ी,बिशुनपुर,कर्मकिला,मंगरवलिया,बरना,भलुआही,नावाडिह,कुझी,बरांव,बरईचा,सुल्तानपुर समेत अन्य कई गांव के हजारों श्रद्धालु भक्तों एवं स्थानीय पंचायत के मुखिया,सरपंच,बीडीसी आदि त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है.

## काराकाट के बुढ़वल गांव में शादी के दौरान भूत-प्रेत विवाद से दो पक्षों में जमकर मारपीट, नौ गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। थाना क्षेत्र के बुढ़वल गांव में रविवार देर शाम शादी समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच भयंकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि आज सोमवार को दोनों तरफ से हत्या के प्रयास व हत्या के आरोप लगाते हुए क्रॉस एफआईआर दर्ज हुईं। पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बुढ़वल गांव निवासी लक्ष्मण मेहता के पुत्र धनेश्वर मेहता उर्फ धनेश के घर शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच परीक्षावन (शादी से पहले रीति रिवाज) करने जा रही कुछ महिलाओं और पड़ोसियों के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई। बातें भूत-प्रेत पर अटक गईं, जो शाब्दिक विवाद से लात-घूंसे और हथियारों तक पहुंच गई। दोनों पक्षों से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्षों ने काराकाट थाने में शिकायत दर्ज कराई। धनेश मेहता के आवेदन पर कांड संख्या 186/26 हत्या के प्रयास के तहत छह नामजद अभियुक्तों—नरेंद्र मेहता के पुत्र जयनाथ मेहता व रतन कुमार, मनोज मेहता की पत्नी संगीता देवी, सत्यनारायण मेहता के पुत्र नंदन कुमार, रतनदीप मेहता के पुत्र दीपक मेहता तथा नीवमूरत मेहता उर्फ राममूरत मेहता—को गिरफ्तार किया गया। वहीं, दूसरे पक्ष से स्वर्गीय मंगल मेहता के पुत्र मनोज कुमार के आवेदन पर कांड संख्या 185/26 हत्या के प्रयास में बुढ़वल निवासी धनेश्वर उर्फ धनेश व अशोक मेहता तथा अमरथा गांव निवासी कृष्णा मेहता के पुत्र राहुल उर्फ राज बहादुर को पकड़ा गया। काराकाट प्रभारी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया की दोनों पक्षों से कुल नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है। क्रॉस केस दर्ज हैं। सभी को कोर्ट में पेश किया जा चुका है। विवाद शादी से पहले परीक्षावन करने वाली महिलाओं और पड़ोसियों के बीच भूत-प्रेत की चर्चा से भड़का। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। स्थानीय स्तर पर तनाव बना हुआ है।

# सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई की गुणवत्ता गिरती जा रही है

## कक्षाएं ओवरलोड हो जाती हैं और छात्र- छात्राओं हो रहा है प्रभावित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार**। इन दिनों सरकारी स्कूलों में शिक्षक शिक्षिकाओं की कमी होता जा रहा है।सात माह पूर्व विधालय में शिक्षक शिक्षिकाओं पर्याप्त संख्या में देखा जा रहा था। वहीं वर्तमान समय में सरकारी स्कूलों में शिक्षक शिक्षिकाओं की संख्या काफी कम हो गया है। आज अधिकांश स्कूलों में विषय वार शिक्षक शिक्षिकाओं नहीं है। जिसके कारण प्रधानाध्यापक सहित छात्र छात्राओं को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति लगभग 70 से 80 प्रतिशत देखा जाता है।सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई की गुणवत्ता गिरती है, कक्षाएं ओवरलोड हो जाती हैं, और छात्रों का प्रदर्शन प्रभावित होता है। जिससे शिक्षा के अधिकार और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में बाधा आती है। यह कमी कम वेतन, उच्च कार्यभार, खराब कामकाजी परिस्थितियों, और भर्ती व स्थायित्व की चुनौतियों के कारण होती है।जिससे छात्रों का भविष्य और अर्थव्यवस्था दोनों प्रभावित होते हैं।

**समस्या के मुख्य कारण**: छात्रों की बढ़ती संख्या: स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन शिक्षकों की भर्ती उतनी तेज़ी से नहीं हो रही है।

**प्रतिधारण की समस्या**: अनुभवी शिक्षक तनाव, कम वेतन और खराब कामकाजी परिस्थितियों



के कारण नौकरी छोड़ देते हैं, या बेहतर अवसरों के लिए दूसरे शहरों में चले जाते हैं। भर्ती और प्रशिक्षण में कमी: शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकन कम हो रहा है और नई प्रतिभाओं को आकर्षित करना मुश्किल हो रहा है। कम वेतन और सुविधाएं: उच्च योग्यता के बावजूद, शिक्षकों का वेतन कम होता है और उन्हें पर्याप्त संसाधन नहीं मिल पाते।

**होने वाली परेशानियाँ** :

- कक्षाएँ भरी रहती हैं, शिक्षकों का ध्यान कम होता है, और छात्रों के बुनियादी कौशल (पढ़ना, लिखना, गणित) कमजोर हो जाते हैं।
- कमज़ोर नींव के कारण छात्र आगे की पढ़ाई या नौकरी के लिए तैयार नहीं हो पाते।
- कुशल शिक्षक बेहतर सुविधाओं के लिए निजी स्कूलों या अन्य क्षेत्रों में चले जाते हैं, जिससे समुदायों को नुकसान होता है।
- शिक्षकों की कमी से स्थानीय अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ता है, क्योंकि शिक्षकों की मांग कम होती है।
- वंचित और हाशिए पर पड़े समुदायों के बच्चों को सबसे ज़्यादा नुकसान होता है, जिससे शिक्षा में असमानता बढ़ती है।

गैर-शैक्षणिक कार्य: शिक्षकों को अक्सर जनगणना, चुनाव ड्यूटी जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाता है, जिससे पढ़ाने का समय कम हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में कमी: ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी ज़्यादा होती है, क्योंकि शिक्षक शहरी क्षेत्रों में जाना पसंद करते हैं।

## कच्छवाँ में 'हर घर नल का जल' सिर्फ कागजों पर, गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। कच्छवाँ गांव में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। वार्ड संख्या 6, 7, 8 और 9 में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, जबकि सरकार की "हर घर नल का जल" योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। गांव के अधिकांश सरकारी हथिया चापाकल खराब होने से हालात और भयावह हो गए हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड 9 में कामता राम सहित कई परिवारों को नल-जल योजना से सिर्फ 3 महीने तक पानी मिला, उसके बाद से सप्लाई बंद है। गुड़िया देवी, सोनमोनी देवी, सरजू चौरसिया, ओम प्रकाश शर्मा, धनंजय शर्मा और नितेश चंद्रवंशी ने बताया कि अब दूसरों के घरों से पानी मांगकर अपमान झेलना पड़ रहा है। वार्ड 8 में मौजूद संजय चौधरी, बंटी कुमार, सोनू कुमार, आजाद शेख, भोला अंसारी और रवि कुमार ने कहा कि दोनों सरकारी हथिया चापाकल महीनों से खराब हैं, वहीं सरकारी हाई स्कूल में लगा चापाकल भी नहीं चल रहा, जिससे छात्रों को भी परेशानी हो रही है।

वार्ड सदस्य सरोज राम ने बताया कि कई बार ब्लॉक स्तर पर शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पत्रकार टीम की पड़ताल में पाया गया कि लगभग सभी नल-जल योजनाएं बंद हैं और अधिकांश चापाकल खराब हैं। पीएचडी कर्मी मुकेश कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी नौशाद आलम सिद्दीकी "हर चीज सही चल रही है" जैसे दावे करते रहे, लेकिन जमीन पर यह साबित हो गया कि योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। ग्रामीण मांग कर रहे हैं कि खराब चापाकलों की तत्काल मरम्मत की जाए, नल-जल योजना को चालू किया जाए, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो और जिला स्तर से टीम भेजकर निष्पक्ष जांच कराई जाए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी जंक्शन पर 20 दिन का मेगा ब्लॉक, 16 मई तक झेलनी होगी परेशानी, प्लेटफॉर्म-1 पर पुनर्विकास का काम



**गयाजी**। गयाजी जंक्शन पर सोमवार से 16 मई तक 20 दिनों का मेगा ब्लॉक लगाया गया है। प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर रेल ट्रैक का पुनर्निर्माण होगा। जिससे इस रूट से गुजरने वाली कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रैक को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए यह ब्लॉक लिया गया है। इसी बीच ट्रेनों का रूट बदला गया है। कई को री-शेड्यूल किया गया है। कुछ ट्रेनों के कोच भी कम कर दिए गए हैं। मेगा ब्लॉक का सबसे बड़ा असर गया-कामाख्या एक्सप्रेस पर पड़ा है। 15619 गयाजी-कामाख्या एक्सप्रेस अब 28 अप्रैल से 16 मई तक मानपुर जंक्शन से ही खुलेगी।15620 कामाख्या-गयाजी एक्सप्रेस मानपुर तक ही आएगी।

### सुपौल में 100 साल पुरानी पांडुलिपि की खोज, 'ज्ञान भारत मिशन' को मिली बड़ी सफलता



**सुपौल**। जिले में प्राचीन ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। 'ज्ञान भारत मिशन' के तहत चल रहे राष्ट्रव्यापी पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के दौरान पिपरा प्रखंड के जोल्हनियां गांव से लगभग 100 वर्ष पुरानी एक दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपि की खोज की गई है। इस ऐतिहासिक खोज का श्रेय स्थानीय निवासी शंभू शरण चौधरी को जाता है, जिनके प्रयासों से यह धरोहर सामने आ सकी। यह पांडुलिपि गांव के ही 60 वर्षीय डोमी मंडल के घर से प्राप्त हुई, जिन्होंने अपने पूर्वजों द्वारा लिखे गए इस ग्रंथ को पीढ़ियों से सुरक्षित रखा था। उनकी यह पहल न केवल सराहनीय है, बल्कि नई पीढ़ी के लिए अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का प्रेरणादायक उदाहरण भी बन गई है। जिला प्रशासन के सक्रिय प्रयासों से सुपौल अब प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब तक जिले में कुल 103 पांडुलिपियों की पहचान की जा चुकी है, जिनमें से 86 को 'ज्ञान भारतम्' ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप में संरक्षित कर वैश्विक स्तर पर उपलब्ध कराया गया है। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके पास या उनके पूर्वजों के पास कोई भी पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपि, ग्रंथ या दस्तावेज मौजूद है, तो उसे सामने लाकर इस अभियान का हिस्सा बनें। प्रशासन का मानना है कि जनभागीदारी से ही लुप्त होती ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित किया जा सकता है।इसके लिए नागरिक 'ज्ञान भारतम्' ऐप के जरिए जानकारी साझा कर सकते हैं या जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इस अभियान में योगदान देने वाले लोगों को जिला स्तर पर सम्मानित करने की भी योजना है। यह पहल न केवल सुपौल की ऐतिहासिक पहचान को मजबूती दे रही है, बल्कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### बाइक चोर गिरोह का खुलासा, चोरी के पांच बाइक समेत पांच गिरफ्तार




**पूर्वी चंपारण**। जिला पुलिस द्वारा बाइक चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान जिले के पीपरा व फेनहारा थाना की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पीपरा थाना में एक व फेनहारा थाना क्षेत्र में चार बाइक चोर के साथ ही चोरी की पांच बाइकें भी बरामद की हैं। जिला पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पीपरा थानाध्यक्ष अंजन कुमार को गुप्त सूचना मिली कि इलाके में एक बाइक चोर गिरोह सक्रिय है और चोरी की गाड़ियां बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ग्राहक बनकर मौके पर पहुंची और संदिग्धों से संपर्क किया, जिन्होंने बाइक होने की बात स्वीकार की, लेकिन एक दुसरे युवक के आने के बाद ही बाइक दिखाने को कहा। जैसे ही आरोपी युवक मौके पर पहुंचा और बाइक दिखाने लगा, पुलिस टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मधुरापुर निवासी अजीत कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में अजीत ने कई खुलासे किए, जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक और चोरी की बाइक बरामद की। पिपरा थाना क्षेत्र से कुल दो चोरी की बाइकें जब्त की गई हैं। दूसरी ओर,फेनहारा थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में हाई स्कूल चौक पर सघन वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक चोरी की अपाची बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। इन युवकों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने शिवहर जिले के श्यामपुर थाना क्षेत्र व मधुबन थाना क्षेत्र में छापेमारी की। वहां से दो और चोरी की बाइकें बरामद की गईं। इस कार्रवाई में प्रिंस यादव, सुमित मिश्रा, शिवम कुमार और रत्नेश कुमार को गिरफ्तार किया गया।पुलिस सभी गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ कर इनके गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान में जुटी है।

# गयाजी में 100 बेड का लू वार्ड तैयार 43° सेल्सियस तक पहुंचा पारा

## दुकान-ठेला लगाने वाले बोले, परिवार के लिए गर्मी सहन करेंगे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी का तापमान 43° सेल्सियस तक पहुंच चुका है। सुबह 9 बजे के बाद से सड़कें सुनसान होने लगती है। मौसम विभाग के अनुसार अभी गर्मी और बढ़ेगी। मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 100 बेड का विशेष लू वार्ड तैयार किया गया है। वार्ड में एसी, ठंडा पानी, जरूरी दवाएं और पूरी मेडिकल टीम तैनात है। डॉक्टर, नर्स और वार्ड अटेंडेंट की ड्यूटी तय कर दी गई है। वहीं, सड़कों पर घूम-घूमकर काम करने वाले, ठेले लगाने वाले और फुटपाथ पर दुकान लागने वालों की परेशानियां बढ़ गई हैं। उनका कहना है कि गर्मी है तो क्या कर सकते हैं, घर-परिवार और बच्चों के लिए तो धूप में निकलना ही होगा।

**गैस सिलेंडर डिलीवर करने वाले बोले, मन नहीं करता घर से निकलने का**: कड़ी धूप में घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी करने के लिए संतोष सिंह जा रहे थे। उनके ठेले पर गैस के सिलेंडर पूरी तरह से लोड थे। गर्म हवा और तेज धूप में वे अपने ठेले को खींच रहे थे। उन्होंने कहा कि बहुत ज्याद गर्मी है। तापमान इतना बढ़ गया है कि काम करना मुश्किल है। मन नहीं करता है कि घर से बाहर निकलूं, पर क्या करें काम नहीं करेंगे तो घर कैसे चलेगा। हालात बदल गए हैं, 50 डिग्री तक तापमान जा सकता है इसी तरह सड़क किनारे मनोज कुमार सत्तू का ठेला लगाते हैं। मनोज कहते है कि अप्रैल में पहले ऐसी गर्मी पहले नहीं होती थी। अब पहले वाली बात नहीं रह गई है। हालात बदल गए हैं। अभी तो गर्मी और बढ़ेगी। 50 डिग्री तक तापमान जा सकता है।


**भयंकर गर्मी है, पर परिवार के लिए घर से निकलना ही पड़ेगा**: भीषण गर्मी पर सड़क पर प्रभु कुमार भी मिले। प्रभु साइकिल पर घूम-घूमकर इडली बेचा करते हैं। बहुत ज्यादा गर्मी होने के कारण वे काफी थक चुके थे। इसलिए सड़क किनारे साइकिल खड़ी कर आराम कर रहे थे। प्रभु कहते हैं कि भयंकर गर्मी है, लेकिन क्या कर सकते हैं परिवार के लिए तो निकलना ही न पड़ेगा।

**मरीजों के लिए शफ्टिंग के लिए एंबुलेंस भी तैनात**: मगध मेडिकल कॉलेज मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. केके सिन्हा ने बताया कि पहले मरीज इमरजेंसी में आएंगे, वहां प्राथमिक इलाज होगा, फिर उन्हें लू वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा। इमरजेंसी से लू वार्ड की दूरी करीब 500 मीटर है। इस दूरी को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने छोटी एम्बुलेंस तैनात की है। यह एंबुलेंस 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। मतलब, मरीज को स्ट्रेचर पर ढोने की जरूरत नहीं पड़ेगी, तुरंत शिफ्टिंग होगी। आईस पैक भी हमारे पास उपलब्ध है।

इधर अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। खासकर लू, डिहाइड्रेशन और बुखार के मरीज आ रहे हैं। लेकिन राहत की बात यह है कि अस्पतालों में पहले से तैयारी कर ली गई है। जनरल वार्ड में पंखे-कूलर लगाए जा रहे हैं। पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। बिजली कटने की स्थिति में जनरेटर भी तैयार रखे गए हैं। स्कूलों की टाइमिंग भी बदली जा रही है। बच्चों को दोपहर की तपिश से बचाने के लिए सुबह की शिफ्ट में पढ़ाई कराई जा रही है। कुल मिलाकर, गया इस वक्त तप रहा है। लेकिन इस तपिश के बीच सिस्टम भी सक्रिय है। प्रशासन, अस्पताल और आम लोग—तीनों मोर्चे पर तैयारी दिख रही है। यही वजह है कि संकट के बीच भी हालात संभले हुए हैं।

## नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी का फ्री समर कैंप, 12 मई से सजेगा एथलेटिक्स का मेला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ 3 साल तक के बच्चे भी होंगे शामिल

**नालन्दा**। नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी ने एक सराहनीय कदम उठाया है। आगामी 12 मई से हरनौत में एक भव्य 'फ्री समर कैंप 2026' का आयोजन किया जा रहा है, जो विशेष रूप से एथलेटिक्स पर केंद्रित होगा। यह कैंप न केवल क्षेत्र के बच्चों के लिए अपनी शारीरिक दक्षता सुधारने का माध्यम बनेगा, बल्कि उनके भीतर छिपी खेल प्रतिभा को पहचानने और उसे सही दिशा देने का एक सशक्त मंच भी साबित होगा।

22 जून तक चलने वाले इस सघन प्रशिक्षण शिविर में 3 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरों को शामिल होने का मौका मिलेगा। खेल की बारीकियों को सिखाने के लिए अनुभवी कोच कुंदन कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में सुबह 5:00 बजे से 7:00 बजे तक विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस कैंप की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां बुनियादी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक की कोचिंग निशुल्क प्रदान की जाएगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगी।

**राष्ट्रीय स्तर पर कुल 42 पदक**: उल्लेखनीय है कि नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी का ट्रैक रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली रहा है। वर्ष 2025-26 के सत्र में अकादमी के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन और राष्ट्रीय स्तर पर कुल 42 पदक जीतकर बिहार का मान बढ़ाया है। इनमें झंडू कुमार की ओर से विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक, गोल्डी कुमारी द्वारा थाईलैंड विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और अनुपम कुमार का डे ओलंपिक में प्रतिनिधित्व शामिल है।

अकादमी की इसी सफलता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इस समर कैंप का उद्देश्य अनुशासन, समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ भविष्य के एथलीट तैयार करना है। आयोजकों ने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने के लिए इस निशुल्क अवसर का लाभ उठाएं और उन्हें खेल की दुनिया में एक स्वस्थ व सफल भविष्य की ओर अग्रसर करें।

## तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, सिर में चोट लगने से गई जान




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा में तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। सुरक्षा के लिए पहना गया हेलमेट भी उसकी जान बचाने में नाकाम रहा। मृतक आदित्य आनंद(22) पटना जिले का रहने वाला था। घटना वेना थाना क्षेत्र की है।

आदित्य अपनी बाइक पर सवार होकर बिहार शरीफ से बख्तियारपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान फ्लाईओवर पर बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने गाड़ी रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर युवक की पहचान की। इसके बाद परिजनों को जानकारी दी गई।

**सिर में लगी गंभीर चोट**: वेना थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में ले लिया। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि तेज रफ्तार होने के कारण बाइक अनियंत्रित हुई और डिवाइडर से टकरा गई।

जिससे युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। मृतक के परिजन पटना से नालंदा के लिए रवाना हो चुके हैं।उनके पहुंचने के बाद ही पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।

## नालंदा में भाजपा जन आक्रोश महिला सम्मेलन






सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बीजेपी नेता पूनम शर्मा बोलीं- विपक्षी दलों की मानसिकता महिला विरोधी, हर हाल में लेकर रहेंगी 33 प्रतिशत आरक्षण**

**नालन्दा**। भारतीय जनता पार्टी, नालंदा के तत्वावधान में सोमवार को शहर के भैसासुर, सुंदरगढ़ स्थित ब्रिलियंट कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में 'जन आक्रोश महिला सम्मेलन' का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन संसद में विपक्षी दलों की ओर से नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध कर उसे गिराने के खिलाफ आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री सह प्रदेश नागरिक परिषद की सदस्य डॉ. पूनम शर्मा शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता और मंच संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट तेजस्विता राधा ने किया।

**पूनम शर्मा ने कहा- विपक्षी नेता अपने परिवार की महिलाओं को संसद में पहुंचाते हैं**: सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. पूनम शर्मा ने विपक्षी नेताओं पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और पप्पू यादव जैसे नेताओं की मानसिकता पूरी तरह महिला विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये नेता केवल अपने परिवार की महिलाओं को ही संसद और सत्ता के शीर्ष पर देखना चाहते हैं।

**'भाजपा का यह आंदोलन और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा'**: विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाए गए ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन विधेयक को रोककर यह साबित कर दिया है कि वे देश की गरीब और साधारण परिवार की महिलाओं को राजनीति में बराबरी का हक देने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि देश की करोड़ों महिलाएं इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगी और आने वाले समय में इन दलों को करारा जवाब देंगी। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि जब तक महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक भाजपा का यह आंदोलन और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

**हाथों में तख्ती लेकर विपक्षी दलों, नेताओं के खिलाफ नारेबाजी**: सम्मेलन के समापन के पश्चात डॉ. पूनम शर्मा और एडवोकेट तेजस्विता राधा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने कड़ी धूप की परवाह न करते हुए भैसासुर चौक तक विशाल आक्रोश मार्च निकाला। हाथों में तख्तियां लिए महिलाएं विपक्षी दलों और उनके नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रही थीं। मार्च के दौरान महिलाओं ने विपक्षी गठबंधन पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय महिलाएं और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने एक स्वर में नारी शक्ति के अधिकार की लड़ाई को तेज करने का संकल्प लिया।

## बारात में फायरिंग, गाड़ी साइड करने को लेकर हुआ विवाद, घर के बाहर बैठे शख्स को लगी गोली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा**। नालंदा के इसुआ गांव में शाम बारात के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गोली लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया।

घायल की पहचान उदय साव(47) के तौर पर हुई है। घटना सरमेरा थाना क्षेत्र की है। गांव के ही श्रवण पासवान के पुत्र की बारात निकलने की तैयारी हो रही थी। इस दौरान डीजे बज रहा था। सड़क पर गाड़ी साइड लेने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से रोड़ेबाजी होने लगी। हंगामे के बीच असामाजिक तत्वों ने फायरिंग की कर दी।

**विवाद से कोई लेना-देना नहीं है**: घायल के पुत्र विकास कुमार ने बताया कि उनके पिता का विवाद से कोई लेना-देना नहीं था।घर के बाहर सड़क किनारे बैठे थे, तभी उन्हें गोली मार दी गई। झगड़े के दौरान उन्हें निशाना बन गया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

**गिरफ्तारी के लिए छापेमारी**: सरमेरा थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि बारात में गाड़ी साइड करने के मामूली विवाद में रोड़ेबाजी और गोलीबारी हुई है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस गांव में कैंप कर रही है। दोषियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सदर अस्पताल में 10 बेड का एसी वार्ड तैयार, पारा 42 डिग्री के पार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा में सूरज के तीखे तेवरों ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है, यहां पारा लगातार 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है। आसमान से बरसती आग और चलती गर्म हवाओं (लू) के कारण आम लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। गर्मी के इस बढ़ते सितम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि जिले के अस्पतालों में लू से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसी कड़ी में सदर अस्पताल में 10 बेड का एक विशेष हीट वेव वार्ड बनाया गया है, जो पूरी तरह वातानुकूलित है, ताकि मरीजों को तपिश से तुरंत राहत मिल सके। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की चौबीस घंटे निगरानी के लिए डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों का विशेष रोस्टर तैयार किया है। इसके अलावा आपात स्थिति के लिए ऑन-कॉल डॉक्टरों की भी व्यवस्था की गई है।

**3 मरीज लू की शिकायत लेकर पहुंच रहे**: डॉ. रंजन ने बताया कि फिलहाल अस्पताल में रोजाना दो से तीन मरीज लू और गर्मी से संबंधित शिकायतों के साथ पहुंच रहे हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि अभी तक कोई भी अति गंभीर मरीज सामने नहीं आया है, जिसे लंबे समय तक भर्ती रखने की आवश्यकता पड़ी हो। ज्यादातर मरीज हल्के बुखार या दस्त की शिकायत लेकर आ रहे हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार और कुछ घंटों के ऑब्जर्वेशन के बाद छुट्टी दे दी जा रही है। अस्पताल में ओआरएस, पैरासिटामोल, मेट्रोजिल और पर्याप्त मात्रा में आईवी फ्लूइड जैसी जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डॉक्टरों ने आम जनमानस को इस जानलेवा गर्मी से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

**पुलिसकर्मी के गर्दन पर धूप के कारण जलने के निशान**: डॉ. रंजन ने बताया कि वर्तमान में अल्ट्रावायलेट किरणें इतनी प्रभावी हैं कि सीधे संपर्क में आने पर त्वचा जलने (स्किन इंजरी) की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। हाल ही में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी के गर्दन पर भी धूप के कारण जलने के निशान देखे गए। विशेषज्ञों का कहना है कि लोग केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही दोपहर के समय घर से बाहर निकलें। बाहर निकलते समय सूती कपड़े पहनें, शरीर को ढक कर रखें और भरपूर मात्रा में पानी व मौसमी फलों का सेवन करें, ताकि शरीर में तरल पदार्थों की कमी न हो। स्थानीय प्रशासन ने भी लोगों से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने की अपील की है।


# गयाजी में बुद्ध पूर्णिमा पर जुटेंगे 40 देशों के साधक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर आगामी 1 मई को बोधगया में 40 से अधिक देशों के साधक एक साथ जुटेंगे। आयोजकों का दावा है कि ये सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं है, ये पूर्व और पश्चिम की आध्यात्मिक परंपराओं का संगम होगा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व परम पूज्य साईं मां लक्ष्मी देवी करेंगी। कार्यक्रम में करीब 90 अंतर्राष्ट्रीय साधक और 20 भारतीय साधक शामिल होंगे। इसके अलावा महामंडलेश्वर, संत-महात्मा और आध्यात्मिक गुरु भी पहुंचेंगे। बोधगया की पावन धरती पर ये एक दुर्लभ आध्यात्मिक संगम होगा। इस आयोजन से बोधगया की वैश्विक पहचान और मजबूत होने की बात कही जा रही है। पर्यटन और आध्यात्मिक गतिविधियों को भी इससे नई गति मिलने की उम्मीद है।

**योगगुरु ने कहा- बोधगया से विश्व शांति, मानव एकता का संदेश जाएगा**: सोमवार को श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु स्वामी संतोषानंद ने कार्यक्रम की रूपरेखा शेयर की। उन्होंने इसे ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि बोधगया के लिए यह सौभाग्य का क्षण है। यहां से विश्व शांति और मानव एकता का संदेश जाएगा। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय सनातन विराट सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और अनुयायी भाग लेंगे।

**सनातन परंपरा के प्रचार-प्रसार को मजबूत करना उद्देश्य है**: आयोजकों के मुताबिक, सम्मेलन का उद्देश्य सनातन परंपरा के प्रचार-प्रसार को मजबूत करना है। साथ ही नई पीढ़ी को इसकी मूल भावना से जोड़ना भी लक्ष्य है। स्वामी संतोषानंद ने बिहार समेत देशभर के लोगों से





अपील की है कि वे बड़ी संख्या में बोधगया पहुंचें। इस आध्यात्मिक महायात्रा का हिस्सा बनें। साईं मां का आशीर्वाद लें। गौरतलब है कि बुद्ध पूर्णिमा पर हर साल बोधगया में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। लेकिन इस बार आयोजन का पैमाना बड़ा है। अंतरराष्ट्रीय भागीदारी इसे खास बना रही है।

**साईं मां लक्ष्मी देवी को मिली है जगद्गुरु की मिली उपाधि**: जगद्गुरु साईं मां लक्ष्मी देवी मिश्रा को 2007 के प्रयागराज अर्धकुंभ में वैष्णव साधु समाज द्वारा जगद्गुरु की उपाधि मिली। 2019 के कुंभ मेले में उनके नौ विदेशी ब्रह्मचारियों को अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़े में पहली बार महामंडलेश्वर के रूप में दीक्षित किया गया।

**हिंदू परिवार में हुआ था जन्म**: साईं मां का जन्म मॉरीशस में हिंदू परिवार में हुआ था। जगद्गुरु साईं मां लक्ष्मी देवी मिश्रा, स्वामी बालानंदाचार्य द्वारा 1477 ईस्वी में स्थापित अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा से संबंधित हैं। मॉरीशस में एक हिंदू ब्राह्मण परिवार में जन्मी साईं मां ने अपना जीवन सनातन धर्म के शाश्वत ज्ञान को विश्व भर में फैलाने के लिए समर्पित कर दिया।

**भारत में शक्तिधाम आश्रम की स्थापना**: साईं मां ने दिव्य प्रेम और सेवा के प्रतीक के रूप में काशी (वाराणसी), भारत में शक्तिधाम आश्रम की स्थापना की, जिसने विश्व भर से छात्रों को आकर्षित किया है। सनातन धर्म को फैला रहीं साईं मां ने अमेरिका, जापान, कनाडा, यूरोप, इजराइल और दक्षिण अमेरिका में आध्यात्मिक केंद्रों के निर्माण को प्रेरित किया है। अपनी परिवर्तनकारी शिक्षाओं और प्रथाओं के माध्यम से लोगों को एकजुट किया है। इसके अलावा साईं मां शक्तिशाली यज्ञों और प्राचीन वैदिक अनुष्ठानों के माध्यम से ऊर्जावान रूप से काम करती हैं, ताकि व्यक्तियों, समुदायों और मानवता को शुद्ध और उन्नत किया जा सके।

**प्रतिनिधि के रूप में किया काम**: आध्यात्मिकता में पीएचडी के साथ साईं मां एक प्रेरक मुख्य वक्ता हैं, जो अपनी गहन बुद्धि और गतिशील उपस्थिति से विश्व भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। उनकी व्यस्तताएं आध्यात्मिक रूप से केंद्रित पॉडकास्ट से लेकर प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों तक फैली हुई हैं। साईं मां ने विश्व धर्म संसद में एक प्रतिनिधि के रूप में काम किया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### वीर कुंवर सिंह की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि, त्याग और समर्पण से सीख लेने का आह्वान

**आरा**। राष्ट्रीय कुंवर सेना द्वारा वीर बांकुड़ा बाबू वीर कुंवर सिंह की शहादत दिवस पर रविवार को रेलवे स्टेशन परिसर, उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल सिंह शुक्रवार ने की। निर्मल सिंह शुक्रवार ने कहा कि संस्था हर वर्ष विजयोत्सव उल्लासपूर्वक मनाती है, जबकि शहादत दिवस सादगी के साथ मनाया जाता है। उन्होंने लोगों से बाबू साहब के बलिदान और समर्पण से प्रेरणा लेने को कहा। मुख्य वक्ता शिक्षाविद् डॉ. शशि बाबा ने कहा कि वीर कुंवर सिंह के जीवन से देशवासियों को त्याग की सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था, आज समाज को अंग्रेजियत जैसी सोच से लड़ने की जरूरत है। अन्य वक्ताओं में संतोष पांडे ने कहा कि कुंवर सिंह की वीरता, समरसता और समर्पण को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। इस मौके पर निर्मल सिंह शुक्रवार ने एक प्रस्ताव पत्र भी प्रस्तुत किया, जिसमें सोन, गंगा और सरयू के पवित्र त्रिवेणी संगम बिंदगावां को पर्यटन स्थल घोषित करने तथा शाहाबाद प्रमंडल का मुख्यालय आरा में स्थापित करने की मांग की गई। डॉ. शशि बाबा ने भी संगम के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन चंदन पांडेय ने किया, जबकि व्यवस्था की जिम्मेदारी बलवंत सिंह पिंटू ने निभाई। मौके पर महंत सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. हरेंद्र सिंह तोमर, मनोज त्रिपाठी, ठाकुर संजय सिंह, मुकेश सिंह राठौड़, प्रयाग यादव, कन्हैया सिंह महाप्रभु, अरुणेश कुमार, एसपी सिंह, संजय सिंह, जितेंद्र सिंह, विश्वजीत सिंह पिंटू, रविंद्र रजक, ललन यादव, सुरेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 15 डिग्री कॉलेजों में होगी कला संकाय की पढ़ाई

**आरा**। आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले चार जिलों में प्रस्तावित 15 प्रखंड स्तरीय डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र, 2026-30 से नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इन कॉलेजों में फिलहाल केवल कला संकाय के विषयों इतिहास, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, हिन्दी एवं अंग्रेजी में ही विद्यार्थियों का नामांकन लिया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इन कॉलेजों के संचालन के लिए आवश्यक शिक्षकों एवं प्राचार्यों की नियुक्ति मई माह के अंत तक पूरी कर ली जाएगी। स्थायी शिक्षकों के साथ-साथ अतिथि सहायक प्राध्यापकों की भी नियुक्ति की जाएगी, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, भोजपुर और बक्सर जिले में चार-चार, रोहतास जिले में पांच तथा कैमूर जिले में दो प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोले जाने हैं। फिलहाल इन कॉलेजों के संचालन के लिए संबंधित प्रखंडों में स्थित प्लस टू विद्यालयों का चयन किया गया है, जहां अस्थायी रूप से कक्षाएं संचालित होंगी। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में इन कॉलेजों के लिए स्थायी भवन निर्माण को लेकर भूमि का चयन किया जाएगा। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से आधारभूत संरचना विकसित की जाएगी। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूरदराज के शहरों में जाने की आवश्यकता कम होगी। स्थानीय स्तर पर ही स्नातक की पढ़ाई की सुविधा मिलने से छात्र-छात्राओं को काफी सहूलियत होगी। रोहतास : पांच प्रखंडों में इन जगहों पर होगी पढ़ाई रोहतास जिले के शिवसागर के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय आलमपुर, रोहतास प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तुंबा, काराकाट प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय देवमार्कडेय, संझौली प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कैथी एवं सूर्यपुरा के राज राजेश्वरी मॉडल विद्यालय में डिग्री की पढ़ाई होगी। भोजपुरः इन स्कूलों का हुआ है चयन भोजपुर में अगिआंव प्रखंड के रागकरण शौंडिक प्लस टू उच्च विद्यालय पवना और संदेश के सुहासत सहदेव प्लस टू उच्च विद्यालय संदेश, सहार प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय चौरी एवं चरपोखरी का लाखा प्लस टू उच्च विद्यालय बरनी। कैमूर : दो प्रखंडों में होगी पढ़ाई कैमूर जिले के चैनपुर के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुलहरा एवं नुआंव के प्लस टू सर्वोदय उच्च विद्यालय गुड़ियां शामिल है। बक्सरः चार इन विद्यालयों में होगी डिग्री की पढ़ाई बक्सर में ब्रह्मपुर के प्लस टू उच्च विद्यालय निमेज,केसठ के प्लस टू उच्च विद्यालय,चक्की के उच्च माध्यमिक विद्यालय लीलाधरपुर एवं चौंगाई के प्राथमिक विद्यालय बेलहरी में पढ़ाई होगी।

### महावीर दास जी की पुण्यतिथि पर संत समागम व रामनाम संकीर्तन

**आरा**। श्री रामानन्दाचार्य परंपरा के संत शिरोमणि सांकेतवासी श्री श्री 1008 महावीर दास जी महाराज की पांचवी पुण्यतिथि पर कड़ारा मठ के चित्रकूट आश्रम में धार्मिक कार्यक्रम हुआ। परम कृपापात्र श्री श्री 108 महंत सत्यदेव दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्रीराम नाम संकीर्तन व भंडारा में दूर-दराज से पहुंचे साधु-संतों की उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में बद्रीनाथ वनमाली (श्री रंगनाथ धाम बड़ी मंदिर गुण्डी), मौनी बाबा (बलिया), विसम्भर दास जी (अयोध्या), बैजनाथ दास जी त्यागी (अयोध्या), रामदास जी (अंकुरआ), भीमदास जी (अंखगांव), अर्पित पाण्डेय (श्री रंगनाथधाम बड़ी मंदिर गुण्डी, पुजारी), श्रीकांत तिवारी (प्रभारी, जन सुराज पार्टी डेहरी विधानसभा), सतीश पाण्डेय व विजय पाठक सहित अन्य सिद्धपीठ स्थलों से आए साधु-संत मौजूद रहे। सभी संतों की विधिवत पूजा-अर्चना कर सम्मान किया गया और उनके सानिध्य में रामनाम संकीर्तन हुआ। भजन-कीर्तन और हरिनाम संकीर्तन से पूरा मठ परिसर भक्तिमय रहा। संतों ने अपने प्रवचन में धर्म, सेवा, वैराग्य और संत परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि महावीर दास जी महाराज का जीवन त्याग और लोककल्याण के लिए समर्पित रहा, जिनकी स्मृति में यह आयोजन समाज को आध्यात्मिक दिशा देने वाला है।

### गड़हनी बाजार पर कही नहीं लगाया गया जल प्याऊ

**गड़हनी**। पड़ रहा भीषण गर्मी में भी नगर पंचायत गड़हनी के गड़हनी बाजार पर कही भी लोगों को प्यास बुझाने के लिये जल प्याऊ का व्यस्था नहीं किया गया है। जबकि गड़हनी बाजार सहिला पुल से शुरू होता है और अगिआंव मोड़ गड़हनी तक करीब 1.5 किलोमीटर लंबा है।इस समय न्यूनतम तापमान करीब 28 व अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री तक रह रहा है। नगर पंचायत के गड़हनी बाजार पर स्टेट बैंक,पीएनबी, मध्य बिहार ग्रामीण बैंक, बंधन बैंक सहित कई सरकारी संस्थाएं है जहां हजारों लोग रोग पैसा निकासी व बाजार करने आते है। वहीं पटना, टाटा, रांची, बोकारो सहित कई स्थानों के लिये गाड़ी पकड़ने भी आते है लेकिन बाजार पर कही भी पानी की व्यस्था नहीं की गई जिससे इस भीषण गर्मी में लोग प्यास बुझा सके।

### विशेष छापेमारी में 30 अभियुक्त गिरफ्तार

**बक्सर**| विशेष छापेमारी अभियान के दौरान कुल 30 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। पुलिस के अनुसार शराब के सेवन में 27, शराब बरामदगी में 1 वारंट में 2 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। कुल 77 हजार 100 रुपये जुर्माना वसूला गया।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर जोर

**बक्सर**। विद्या भारती संस्थान के तत्वावधान में नगर के सरस्वती विद्या मंदिर, सिविल लाइंस, बक्सर में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक परिषद की बैठक रविवार को संपन्न हो गया। प्रदेश भर में विद्या भारती द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विद्यालयों में संस्थान द्वारा निर्धारित शैक्षिक के अतिरिक्त विभिन्न विषयों में छात्र-छात्राओं के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप सर्वांगीण विकास पर चर्चा हुई। अलग-अलग विषयों के विषयाचार्यों ने अपनी टोली में गहन चर्चा व चिंतन कर वर्षभर के लिए एक रोडमैप तैयार किया। विज्ञान व प्रदर्श, संस्कृति बोध परियोजना, खेल-कूद की योजना क्रमशः संजय कुमार प्रधानाचार्य, मुंगेर, संजीव झा प्रधानाचार्य सिंगहीं, आरा व राकेश कुमार ने प्रांत स्तरीय खेल-कूद से संबंधित योजना की प्रस्तुति रखी।

# भीषण गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, टेम्प्रेचर 42 डिग्री पहुंचा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर जिले में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आज बक्सर का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट हो गया है और हीट वेव से प्रभावित मरीजों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सदर अस्पताल में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए एक विशेष अत्याधुनिक वार्ड तैयार किया गया है। इस वार्ड में एयर कंडीशनर, सभी आवश्यक दवाएं, ऑक्सीजन सिलेंडर, आईवी फ्लूड और अन्य जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, यह वार्ड गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार प्रदान करने के लिए सुसज्जित है।

**बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गईः** सदर अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत कुमार सिंह ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले हर मरीज पर कड़ी नजर रखी जा रही है और हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखने पर तुरंत उसे इस विशेष वार्ड में भर्ती



किया जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मियों को भी इलाज में किसी भी लापरवाही से बचने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सिविल सर्जन डॉ. शिव प्रसाद चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि केवल सदर अस्पताल ही नहीं, बल्कि जिले के सभी अनुमंडल अस्पतालों और प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों में भी हीट स्ट्रोक वार्ड तैयार किए गए हैं। इन सभी केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, ताकि मरीजों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके।

**रैपिड रिस्पांस टीम का गठन कियाः** इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य विभाग ने रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) का गठन किया है, जो फील्ड में सक्रिय रहकर लोगों को त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान कर रही है। डॉ. चक्रवर्ती ने बताया कि मेडिकल अधिकारियों और नर्सिंग स्टाफ की एक विशेष टीम 24 घंटे निगरानी में लगी हुई है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से सभी व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है, ताकि भीषण गर्मी के बीच किसी भी तरह की जनहानि को रोका जा सके।

**लोगों से सतर्क रहने की अपील कीः** वहीं, रेड क्रॉस के सचिव डॉ. श्रवण कुमार तिवारी ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने सलाह दी कि दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचें, हल्के सूती कपड़े पहनें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। खासतौर पर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है, क्योंकि ये हीट स्ट्रोक के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को चक्कर आना, तेज बुखार, उल्टी या बेहोशी जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या सदर अस्पताल में संपर्क करें। प्रशासन हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## रवि हत्याकांड में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर पुलिस ने रवि हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई की है। करीब एक महीने से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी जयपुर के विश्वकर्मा थाना क्षेत्र स्थित बीकेआई नगर इलाके में छापेमारी कर की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गीधा थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव निवासी सरोज राय के रूप में हुई है। एसपी राज ने इसकी पुष्टि की है। आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर उसकी लोकेशन जयपुर में मिली, जिसके बाद पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर उसे दबोच लिया। हालांकि, इस सनसनीखेज हत्याकांड में इस्तेमाल किया गया हथियार अब तक बरामद नहीं हो सका है।

**अवैध संबंध के शक में मर्डरः** पुलिस की पूछताछ में आरोपी सरोज राय ने हत्या की बात स्वीकार कर ली है। उसने बताया कि उसे अपनी पत्नी और रवि कुमार के बीच अवैध संबंध का शक था, जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते उसने गुस्से में आकर रवि कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार



रवि कुमार मृतक

आरोपी ने हत्या में इस्तेमाल हथियार को पानी में फेंक देने की बात कही है, जिसकी बरामदगी के लिए प्रयास जारी है। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

**करीब से मारी गई थी गोलीः** मामला 21 मार्च 2026 का है, जब ज्ञानपुर गांव में दिनदहाड़े रवि कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने करीब से गोली चलाई थी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। मृतक के भाई रमाकांत कुमार ने गीधा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने गांव के ही सरोज राय और उसके साले पर हत्या का आरोप लगाया था। प्राथमिकी में अवैध संबंध के शक को लेकर हत्या किए जाने की बात कही गई थी। वारदात के बाद से ही आरोपी फरार हो गया था।

## गंगा पर बन रहे नए पुल के कारण वीर कुंवर सिंह सेतु हो सकता है बंद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर और उत्तर प्रदेश के भरौली के बीच गंगा नदी पर बन रहे 3 लेन के नए पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस बीच इस नए पुल का एलाइनमेंट वर्तमान वीर कुंवर सिंह सेतु तक पहुंचने के कारण निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे में निर्माण एजेंसी और एनएचएआई द्वारा बक्सर और बलिया के डीएम से इस सेतु को तत्काल बंद करने का आग्रह किया गया है। लेकिन यह निर्णय जिला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता दिख रहा है। पहले से ही बक्सर गोलंबर और भरौली गोलंबर पर भीषण जाम की समस्या है। ऐसे में यदि वीर कुंवर सिंह सेतु को बंद कर दिया जाता है, तो जिले में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 3.2 किलोमीटर लंबे इस महत्वाकांक्षी पुल का निर्माण 368 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। परियोजना के तहत कुल 40 विशाल पिलरों का निर्माण होना है, जिनमें से 17 पिलर गंगा की मुख्य धारा में और 23 पिलर दोनों किनारों पर बनाए जा रहे हैं। बढ़ेगी जाम की समस्या इन दिनों बक्सर शहर में यातायात का



दबाव तेजी से बढ़ा है। बाजार, मुख्य सड़कों और हाईवे जंक्शनों पर लंबा जाम आम बात हो चुकी है। इस मुद्दे पर बलिया प्रशासन ने नरहीं थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह से सुझाव मांगा था। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भरौली गोलंबर से गाजीपुर के करीमुद्दीनपुर तक बनने वाले ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे के चालू होने तक सेतु को बंद नहीं किया जाना चाहिए। प्रोजेक्ट हेड संजय कुमार ने बताया कि मौजूदा सेतु के कारण 3 लेन पुल का निर्माण प्रभावित हो रहा है और इसे जल्द बंद करना आवश्यक हो गया है।

## जॉब कैंप, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर




♦ प्राइवेट कंपनी में 45 पदों पर ऑन द स्पॉट भर्ती होगी, 18000 रुपए तक मिलेगी सैलरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिला नियोजनालय की ओर से कृषि भवन, आरा कैंपस में आज(27 अप्रैल 2027) जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। निजी क्षेत्र की कंपनी एलाइट फूड्स प्राइवेट लाइटेड, होसुर बेंगलुरु में ऑन-द-स्पॉट चयन किया जाएगा। कंपनी कुल 45 पदों पर भर्ती करेगी। प्रोडक्शन हेल्पर और पैकिंग हेल्पर के पदों पर ऑन द स्पॉट बहाली होगी। चयनित अभ्यर्थियों को 16,000 से 18000 रुपए तक का मासिक वेतन दिया जाएगा। कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

**NCS पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जरूरीः** पुरुष और महिला अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। आवेदन के लिए आयु सीमा 18 से 42 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता 8 वीं,10 वीं और ITI पास मांगी गई है। चयन प्रक्रिया के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को निबंधन प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा तथा सभी जरूरी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि इस जॉब कैंप में भाग लेने वाले सभी आवेदकों का NCS पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर पंजीकरण अनिवार्य है। जो उम्मीदवार अभी तक निबंधित नहीं हुए हैं, वे ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला नियोजनालय, भोजपुर में भी ऑनलाइन निबंधन की सुविधा उपलब्ध है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि जॉब कैंप में प्रवेश निशुल्क रहेगा। नियोजनालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में केवल सुविधा प्रदाता के रूप में होगी। चयन की पूरी जिम्मेदारी कंपनी की होगी। यह कैंप भोजपुर जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## सड़क हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत



♦ तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल में मारी टक्कर, घर से सामान लेकर स्टेशन रोड जा रहे थे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। आरा-बक्सर फोरलेन पर रविवार की शाम अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार सब्जी विक्रेता को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान घोड़ादेई निवासी तपेश्वर यादव(53) के तौर पर हुई। आरा स्टेशन रोड में सब्जी बेचते थे। घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बामपाली गांव के पास की है। मृतक के बेटे राहुल यादव ने बताया कि रोज की तरह साइकिल पर सब्जी लादकर बेचने के लिए स्टेशन जा रहे थे। रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचा। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बादपुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

**घर में मचा कोहरामः** मृतक के परिवार में पत्नी प्रेमा देवी, तीन पुत्र राहुल यादव, टिंकू यादव, विवेक यादव और दो पुत्री आरती देवी, नीतू कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। पत्नी प्रेमा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## श्रद्धा-भक्ति के संग भगवान महावीर स्वामी ज्ञान कल्याणक महोत्सव मना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का ज्ञान कल्याणक महोत्सव अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। शिवगंज श्री दिगंबर जैन जल मंदिर में इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तों की उपस्थिति से भरा रहा। महोत्सव की शुरुआत प्रातःकाल में हुई, जहां 108 कलशों से भगवान महावीर स्वामी का भव्य मस्तकाभिषेक किया गया। इसके साथ ही जलाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक की दिव्य प्रक्रिया संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



**मंगल आरती व धार्मिक अनुष्ठानः** प्रतिष्ठाचार्य पंडित गुलाब चंद जैन एवं पंडित अजय जी के मंगल निर्देशन में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। कार्यक्रम में मंगल आरती, पुष्पवृष्टि, जन्म समय की आरती, स्वयंभू स्तोत्र, वृहद शांतिधारा एवं विशेष पूजन किया गया। इन अनुष्ठानों ने भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर शांतिधारा करने का सौभाग्य डॉ. स्मिता जैन एवं ब्रह्मचारिणी सुलोचना दीदी को प्राप्त हुआ। श्रद्धालुओं ने इसे विशेष धार्मिक उपलब्धि मानते हुए इसमें भाग लिया और भगवान से सुख-शांति की कामना की। ज्ञान कल्याणक का धार्मिक महत्व है मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म में तीर्थंकरों के पांच प्रमुख कल्याणक गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और मोक्ष मनाए जाते हैं। वैशाख शुक्ल दशमी को भगवान महावीर स्वामी को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी, इसी कारण इस दिन ज्ञान कल्याणक महोत्सव का विशेष महत्व है। भक्तों में दिखा उत्साह महोत्सव के सफल आयोजन में संयोजक मनोज जैन, सह संयोजक निलेष कुमार जैन सहित नेहा जैन, पूजा जैन, वार्ड पार्षद रेखा जैन, प्रियंका जैन, जूही जैन, अजय जैन समेत कई श्रद्धालुओं की सक्रिय भूमिका रही। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भक्तों ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

## मन की बात से नए-नए कार्यों और नवाचारों की मिलती है जानकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री के मन की बात का 133वां संस्करण रविवार को जिले के सभी बूथों पर सुना गया। कार्यक्रम का प्रसारण रेडियो, टेलीविजन, मोबाइल, नमो ऐप और यूट्यूब जैसे विभिन्न माध्यमों से किया गया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों की भी भागीदारी रही। बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के पड़रिया बूथ पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ मन की बात सुनी और कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से देश में हो रहे नए-नए कार्यों और नवाचारों की जानकारी मिलती है, जो समाज के लिए उपयोगी और ज्ञानवर्धक है। इस अवसर पर आईआईटीयन शंकर, रामाकांत सिंह, संतोष सिंह संटू सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित



थे। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने गजराजगंज मंडल के 42 नंबर बूथ पर जिला कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ टीवी स्क्रीन पर कार्यक्रम का प्रसारण देखा और सुना। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तारकेश्वर ठाकुर और कार्यालय मंत्री सुनील कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मन की बात हर महीने नई प्रेरणा और जानकारी देने वाला कार्यक्रम है, जिसका सभी को इंतजार रहता है। जिले के सभी बूथों पर कार्यक्रम का प्रसारण किया गया, जहां बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मन की बात एक मासिक रेडियो कार्यक्रम है, जिसका प्रसारण प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को होता है। इसमें प्रधानमंत्री देशवासियों से सीधे संवाद करते हैं और समाज, नवाचार, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करते हैं।

## आइसा का चलेगा सदस्यता अभियान, सामाजिक न्याय के लिए होगा संघर्ष

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। आईसा बक्सर जिला कमेटी की बैठक चीनी मिल ओमप्रकाश आवास पर में बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मौके पर आईसा के राज्य सचिव सबीर कुमार उपस्थिति थे। उन्होंने संगठन की वर्तमान स्थिति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से बात-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बक्सर आइसा जिला का दूसरा जिला सम्मेलन आगामी 6 मई को आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी साथियों को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। साथ ही संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। निर्णय लिया गया कि गांव-गांव,




मोहल्ले-मोहल्ले तक पहुंचकर छात्रों-नौजवानों को संगठन से जोड़ा जाए और उनके मुद्दों को मजबूती से उठाया जाए। शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों के सवालों पर संगठन संघर्ष को और तेज किया जाये। बैठक में खासा के जिला सम्मेलन को लेकर पोस्टर जारी किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष अनुप शर्मा, नगर सचिव अंकित सिद्धार्थ, नगर अध्यक्ष अखिलेश ठाकुर, अजीत कुमार, भाकपा माले नगर सचिव ओमप्रकाश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### कब थमेगा आवारा कुत्तों का आतंक ?

हैरत की बात है कि इतनी बड़ी घटना होने पर भी स्थानीय प्रशासन की ओर से आवारा कुत्ते को पकड़ने की कोशिश नहीं की गई। परिणाम यह हुआ कि उसने बारातघर से निकल कर कई राहगीरों और दुकानदारों को भी काटा और फिर एक गांव में मवेशियों पर हमला किया।विचित्र बात है कि सर्वोच्च न्यायालय के तमाम दिशा-निर्देशों के बावजूद न तो रिहायशी इलाकों से आवारा कुत्तों को हटाने पर गंभीरता दिखाई जा रही है और न ही इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए स्थानीय निकाय ईमानदारी से प्रयास करते नजर आ रहे हैं। नतीजा यह कि कई जगहों पर आज भी नागरिक भय और जोखिम में हैं।उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में हाल में हुई आवारा कुत्ते के काटने की एक खौफनाक घटना ने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक दुल्हन की विदाई के समय बारातघर में घुसे आवारा कुत्ते ने साठ से अधिक लोगों को काट लिया। अचानक हुए इस हमले में वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और इससे कई लोगों को चोटें भी आईं।हैरत की बात है कि इतनी बड़ी घटना होने पर भी स्थानीय प्रशासन की ओर से आवारा कुत्ते को पकड़ने की कोशिश नहीं की गई। परिणाम यह हुआ कि उसने बारातघर से निकल कर कई राहगीरों और दुकानदारों को भी काटा और फिर एक गांव में मवेशियों पर हमला किया। इस घटना की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सौ से ज्यादा लोगों को रेबीजरोधी टीके लगवाने पड़े।यह निराशाजनक ही है कि शीर्ष अदालत की कड़ी हिदायत के बाद भी आक्रामक कुत्तों को पकड़ने और उन्हें आश्रय स्थलों पर भेजने की माकूल व्यवस्था नहीं की जा रही है। अगर जिला प्रशासन और नगर निकाय ही अपना दायित्व नहीं निभाएंगे, तो आखिर नागरिक अपनी फरियाद लेकर कहां जाएंगे? बदायूं में हुई घटना से वहां के लोग सहमे हुए हैं और इस बात का खतरा बना हुआ है कि कहीं कोई और कुत्ता इस तरह से आक्रामक न हो जाए।इसमें दोराय नहीं कि अगर आवारा कुत्ते को समय रहते पकड़ लिया गया होता, तो इतनी बड़ी संख्या में लोग जख्मी नहीं होते। स्थानीय प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि अगर आवारा कुत्ते आक्रामक हो रहे हैं, तो तत्काल समुचित उपाय किए जाने चाहिए। इस तरह की लापरवाही के लिए जो भी दोषी हों, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाना जरूरी है, क्योंकि यह मसला आम नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा है।

### युद्धविराम बढ़ा, तनाव कायम!

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि उन्होंने यह कदम तेहरान के आंतरिक मतभेदों से जूझ रहे नेतृत्व को सात सप्ताह से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करने का समय देने के उद्देश्य से उठाया है।अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे उन आशंकाओं पर फिलहाल विराम लग गया है कि पश्चिम एशिया में फिर से बारूद बरसने लगेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से की गई इस घोषणा को अस्थायी रूप से भले ही एक अच्छी पहल माना जा रहा है, लेकिन जब तक दोनों पक्षों के बीच विवाद का स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक युद्ध की चिंगारी अंदर ही अंदर सुलगती रहेगी।यही नहीं, युद्धविराम की अवधि बढ़ाने का फैसला तभी सार्थक साबित होगा, जब होर्मुज जलमार्ग को दुनिया के लिए खोल दिया जाएगा, क्योंकि इसकी वजह से वैश्विक स्तर पर ऊर्जा का संकट पैदा हो गया है। इसका प्रभाव उन देशों पर भी पड़ रहा है, जिनका युद्ध से सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं है। होर्मुज जलमार्ग को लेकर ईरान के अड़ियल रवैये के बाद अमेरिका की नाकेबंदी से हालात और जटिल हो गए हैं। ऐसे में जरूरी है कि अब दोनों पक्ष उस शांति वार्ता को आगे बढ़ाने को प्राथमिकता दें, जो पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बेनतीजा रही थी।गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में दो सप्ताह के युद्धविराम की अवधि बुधवार को खत्म हो रही थी, जबकि अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता के दूसरे दौर को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी। अमेरिका चाहता था कि वार्ता आगे बढ़े, लेकिन ईरान ने अमेरिका की ओर से मिल रही धमकियों का हवाला देते हुए बातचीत की मेज पर आने की सहमति नहीं जताई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि उन्होंने यह कदम तेहरान के आंतरिक मतभेदों से जूझ रहे नेतृत्व को सात सप्ताह से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करने का समय देने के उद्देश्य से उठाया है।मगर, सवाल है कि ईरान की ओर से जो प्रस्ताव पूर्व में दिया गया था और जिसे पहले दौर की शांति वार्ता में रखा गया था, जब उस पर किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई, तो नए प्रस्ताव की स्वीकार्यता कैसे संभव हो पाएगी।

*बीजेपी ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर आरजी कर की पीड़िता की मां मंजू देवनाथ को पनियाहाटा से उम्मीदवार बनाकर एक तरह से राज्य की महिलाओं को संदेश दे दिया है, संदेश यह कि वह उनकी सुरक्षा के लिए संजीदा है। बीजेपी ने महिलाओं को लुभाने के लिए दुर्गा सुरक्षा दस्ते बनाने और नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देने का भी वादा किया है।*

## ब्रिगेड मैदान की जंग में ममता बनाम अमित शाह की जंग

**(उमेश चतुर्वेदी)**

साल 2021 में राज्य में तृणमूल कांग्रेस को 213 सीटें और करीब 44 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बीजेपी को 38 प्रतिशत वोट के साथ 77 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। हालांकि 2016 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले देखें तो पार्टी ने तीन सीट और करीब 28 प्रतिशत वोट की तुलना में बड़ी छलांग लगाई। प्रधानमंत्री रहते अटल बिहारी वाजपेयी ने कोलकाता की यात्रा की थी। उस दौरे पर उन्होंने तत्कालीन रेल मंत्री के कालीघाट स्थित घर का दौरा किया था। तब उन्होंने मंत्री की मां से उलाहना दिया था, आपकी बेटी मुझे बहुत परेशान करती हैं। कहना न होगा कि वह शख्सियत डेढ़ दशक से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री है। ममता बनर्जी लड़ाका है। धूल से उठकर राजनीतिक आसमान का तारा अगर वे बनी हुई हैं, उसकी वजह उनका सघर्षशील व्यक्तित्व ही है। लेकिन कोलकाता के मैदान में इस बार यह योद्धा फंसा नजर आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी जिस तरह उनसे दो-दो हाथ कर रही है, निश्चित तौर पर उसके पीछे नरेंद्र मोदी की अगुआई में बंगाल की धूल में लगातार परिश्रम कर रहे बीजेपी के कार्यकर्ता हैं। आज अगर बंगाली की सियासी लड़ाई आर-पार के दौर में आ चुकी है तो इसके पीछे अमित शाह की रणनीति काम कर रही है। साल 2021 के विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद कहा गया था कि बीजेपी चुनाव जीतते-जीतते हार गई है। ममता का संघर्ष बीजेपी की रणनीतियों पर भारी पड़ गया था। पांच साल बाद कोलकाता के रायटर्स बिल्डिंग पर कब्जे को लेकर सेनाएं सज गई हैं। लेकिन इस बार हालात बदले नजर आ रहे हैं। इसकी वजह अमित शाह का चुनाव प्रचार की कमान खुद संभालना है, जिन्होंने 170 सीटें जीतने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय कर रखा है। पिछले विधानसभा चुनाव में पिछड़ने के बावजूद अमित शाह ने राज्य की यात्राएं जारी रखीं और इसके जरिए अपने कार्यकर्ताओं को उत्साहित बनाए रखा। इस बार बीजेपी अगर सत्ता की प्रबल दावेदार के रूप में उभरी है तो इसकी बड़ी वजह बूथ प्रबंधन तो है ही, घुसपैठ और महिला सुरक्षा को मुद्दा बनाना भी है। बंगाल के बारे में कहा जाता है कि वह जो आज सोचता है, पूरा देश उस पर बाद में आगे बढ़ता है। शक्ति पूजा की संस्कृति वाले राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ममता के राज में कई बार सवाल उठे। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज में रेजिडेंट डाक्टर से दुष्कर्म और बर्बर हत्या के बाद अंग्रेजों की पहली राजधानी का भद्रलोक उद्वेलित हो उठा। अभी इसकी आंच ठंडी पड़ी नहीं कि कस्बा लॉ कालेज की छात्रा के साथ बलात्कार हुई। इसके पहले संदेशखाली में हुई कथित तौर पर यौन हिंसा और ज़मीन हड़पने के मामलों से पश्चिम बंगाल का समाज उद्वेलित रहा। अमित शाह के बार-बार के बंगाल दौरे के चलते बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने महिला सुरक्षा के मसले को कभी धीमा नहीं पड़ने दिया। इन्हीं वजहों से महिला सुरक्षा को लेकर तृणमूल कांग्रेस सवालों के घेरे में आ गई। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की 2023 की रिपोर्ट भी राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा की ही तसदीक करती है, जिसके अनुसार, राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 34,691 मामले दर्ज किए गए और एसिड हमलों में इसका हिस्सा सबसे ज़्यादा करीब 27.5 प्रतिशत रहा। बीजेपी को महिला सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बनाने में ममता बनर्जी के एक बयान से भी मिला, जिसमें उन्होंने कहा था कि महिलाओं को शाम सात बजे के बाद बाहर नहीं निकलना चाहिए। बीजेपी ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर आरजी कर की पीड़िता की मां मंजू देवनाथ को पनियाहाटा से उम्मीदवार बनाकर एक तरह से राज्य की महिलाओं को संदेश दे दिया है, संदेश यह कि वह उनकी सुरक्षा के लिए संजीदा है। बीजेपी ने महिलाओं को लुभाने के लिए दुर्गा सुरक्षा दस्ते बनाने और नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देने का भी वादा किया है। इसके साथ ही महिलाओं को मध्य प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र की तरह प्रतिमाह तीन हजार रूपए देने का वादा किया है। यहां याद रखना चाहिए कि ममता सरकार हर महीने महिलाओं को डेढ़ हजार रूपए दे रही है। साल 2021 में राज्य में तृणमूल कांग्रेस को 213 सीटें और करीब 44 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बीजेपी को 38 प्रतिशत वोट के साथ 77 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। हालांकि 2016 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले देखें तो पार्टी ने तीन सीट और करीब 28 प्रतिशत वोट की तुलना में बड़ी छलांग लगाई। अमित शाह ने इसी बुनियाद को मजबूत करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति बनाई। इसके तहत उन्होंने दो बातों पर जोर दिया। उन्होंने उन गढ़ों को और मज़बूत बनाने की रणनीति बनाई, जहां पहले से ही पार्टी मजबूत स्थिति में है। इसके साथ ही उन चुनाव क्षेत्रों में आधार बढ़ाने की कोशिश तेज की, जहां 2021 में वह बहुत कम अंतर से हारी थी। इसके साथ ही अमित शाह ने पार्टी के भीतर की गुटबाज़ी को भी सुलझाने की कोशिश की। राज्य में पार्टी के अध्यक्ष रहे दिलीप घोष के बारे में माना जा रहा था कि वे नाखुश हैं। अमित शाह ने उनसे मुलाकात करके तृणमूल से आए शुभेंदु अधिकारी से बीच उनके मतभेदों को दूर करने की कोशिश की। ममता बनर्जी ने पिछली बार बंगाली माटी और मानुष यानी स्थानीय को मुद्दा बनाया था। उन्हें इस मुद्दे से पिछली बार मदद भी मिली। इस बार भी ममता विपक्ष यानी बीजेपी के नेताओं के बाहरी होने का आरोप लगा रही हैं। इसके जवाब स्वरूप अमित शाह ने ऐलान किया है कि अगर पश्चिम बंगाल में पार्टी सत्ता में आई तो राज्य का मुख्यमंत्री 'धरती का बेटा' यानी स्थानीय व्यक्ति ही बनेगा। पार्टी ने इस बार घुसपैठ को भी बड़ा मुद्दा बनाया है। राज्य में विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान राज्य में नब्बे लाख वोटरों के नाम हटाने को लेकर ना सिर्फ सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस समेत समूचा गैर बीजेपी दल मुद्दा बना रहे हैं। हालांकि अमित शाह चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान यानी एसआईआर के कदम को सही बताया है। बीजेपी यहीं नहीं रूकी है, उसने वादा किया है कि अगर वह सत्ता में आई तो राज्य से अवैध घुसपैठियों की पहचान करेगी और उन्हें बाहर करेगी। इसके साथ ही पार्टी ने सत्ता में आने के पैंतालीस दिनों के अंदर सीमा पर बाड़ लगाने के लिए केंद्र सरकार को जमीन देगी। बीजेपी ने इसके जरिए बांग्लादेश की ओर हो रही पशु तस्करी को रोकने का भी ऐलान किया है। राज्य में भ्रष्टाचार को भी बड़ा मुद्दा बनाने में बीजेपी कामयाब रही है। इसमें अतीत में हुई भ्रष्टाचार की घटनाओं ने मदद की है। यहां का शिक्षक भर्ती घोटाला रहा, जिसकी सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने 26 हजार नौकरियां रद्द कर दी थी। इसके साथ ही राशन और मिड-डे मील, मनरेगा , जॉब कार्ड घोटाला भी सुर्खियां बनता रहा है। बीजेपी ने इस बार इसे भी मुद्दा बनाया है।

## भारत व दक्षिण कोरिया के बीच हुई नई डील के सियासी निहितार्थ

**(कमलेश पांडे)**

भारत की वैश्विक रणनीतिक स्थिति मजबूत होना सबसे ज्यादा मायने रखता है। जहां भारत दक्षिण कोरिया की 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाने के घोषणाओं से भारत को उत्तर पूर्व एशिया और इंडो पैसिफिक में एक अलग मध्य शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद मिलती है। दुनियाभर में भारत की कूटनीति अपने अनोखे अंदाज के लिए चर्चित रहती आई है, क्योंकि हम तमाम हानि-लाभ की परवाह किए बगैर वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः के सभ्यता-संस्कृतिगत सिद्धांतों को अमलीजामा पहनाते आए हैं। हालांकि कोई इसे गुटनिरपेक्षता समझता है तो कोई निज स्वार्थपरकता, जो गलत भी नहीं है। आखिर बिना स्वार्थ साधे परमार्थ भी किया जाए तो कैसे? इसलिए व्यवहारम फलदायकम हमारा मूलमंत्र है। भारत और दत्तक्षिण कोरिया के बीच हुई नई डील (व्यापार, तकनीक, रक्षा और ऊर्जा सहयोग) को इसी नजरिए से देखने की जरूरत है, क्योंकि इससे ही द्विपक्षीय रिश्तों के साथ साथ हिंद प्रशांत के रणनीतिक संतुलन में भी गहरे सियासी निहितार्थ निकलते हैं। आइए क्रमबद्ध तरीके से इसे समझते हैं- पहला, भारत की वैश्विक रणनीतिक स्थिति मजबूत होना सबसे ज्यादा मायने रखता है। जहां भारत दक्षिण कोरिया की विशेष रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के घोषणाओं से भारत को उत्तर पूर्व एशिया और इंडो पैसिफिक में एक अलग मध्य शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद मिलती है। वहीं, दक्षिण कोरिया का भारत नेतृत्व वाली पहलों जैसे इंडिया पैसिफिक ओशियन इनिशिएटिव और सोलर एलायंस में शामिल होना भारत की मल्टी एलायंस रणनीति को वैधता देता है। दूसरा, अमेरिकी चीन टकराव में एक मजबूत तीसरा धुरा, जो संतुलन कारी साबित हो सकता है। दक्षिण कोरिया, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में अमेरिका का मजबूत सहयोगी है, अब भारत के साथ चिप, एआई, ऊर्जा और जल मार्ग जैसे क्षेत्रों में गहरा तकनीकी आर्थिक सहयोग बना रहा है; यह चीन केंद्रित आपूर्ति श्रृंखला से बचने के लिए डी-रिस्किंग रणनीति का हिस्सा है, क्योंकि इससे भारत, अमेरिका जैसे देशों के लिए चीन के बिना एक वैकल्पिक टेक और विनिर्माण हब बनने की दिशा में आगे बढ़ता है, जिससे हिंद प्रशांत में चीन विरोधी छोटे गुटों के लिए भारत का भू रणनीतिक मूल्य बढ़ता है। भारत इसे भुनाने में भी पीछे नहीं रहता, ताकि भारत के पड़ोसियों से चीन के बेहतर होते सम्बन्धों को उसके पड़ोस से साधकर अपना हित वर्द्धन किया जा सके। तीसरा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सुरक्षा व्यवस्था पर गहरा असर इसलिए कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापार 2030 तक 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के साथ ही चिप से शिप जैसी डील्स को रफ्तार देने से दोनों देश आपूर्ति श्रृंखलाओं में आपसी निर्भरता बढ़ा रहे हैं। इससे किसी भी एक बड़े खिलाड़ी (जैसे चीन या अमेरिका) के दबाव से निकलने की लचीलापन बढ़ता है। इसके अलावा, दोनों देशों ने ऊर्जा आपूर्ति, आर्थिक सुरक्षा वार्ता और नौसैनिक लॉजिस्टिक सहयोग पर भी जोर दिया है, जिससे दक्षिण कोरिया को भी भारत के माध्यम से ईरान और मध्य पूर्व से ऊर्जा तक पहुंच के विकल्प मिलते हैं। इससे भारत को विभिन्न तरह की मजबूती मिलती है। चौथा, चीन और उत्तर कोरिया पर निर्देशित संदेश का रणनीतिक फायदा मिलता है। भारत दक्षिण कोरिया की बढ़ती रक्षा और तकनीकी साझेदारी, खासकर चिप, एआई, डिफेंस इंडस्ट्री और नौसैनिक लॉजिस्टिक पर काम, क्षेत्रीय स्थिरता के नाम पर चीन की समुद्री दबाव रणनीति के खिलाफ एक छोटा बफर बनाती है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6075

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | | 8 | | |
| | | 6 | 3 | | 9 | | | 2 |
| 4 | 2 | | | | | | | 7 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 4 |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |
| 2 | | | 5 | | 7 | 3 | | |
| | | 1 | | 2 | 3 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6074

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 |

### वर्ग पहेली 6075



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत में 5 सितंबर इस दिवस के रूप में मनाया जाता है (6)
6. अवस्था, उम्र, जीवन अवस्था (2)
7. ऐसा कोई घटना जिसमें कोई अपराध हुआ हो (4)
9. परिपक्व होना, पूयित होना (3)
10. मंगल ग्रह इस रंग का बताया जाता है, इंद्रधनुष के रंगों में से एक (2)
12. स्मरणीय, याद रखने योग्य, स्मारक, अविस्मरणीय (4)
14. पृथ्वी की ऊपरी सतह (3)
15. पुरूष, मर्द (2)
16. अत्यंत दुबला पतला (4)
17. मुकदमा, अभियोग (2)
18. शरण देना, आश्रय देना (5)
22. अत्यंत प्राचीनकाल से चला आता (4)
23. यह हिमालय में एक पहाड़ी राज्य है जिसके उत्तर में चीन और दक्षिण में भारत है जिसकी राजधानी थिम्फू है (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. मादक पदार्थ, भांग को यह भी कहत है (4)
2. कुपोषण, नाश या नष्ट होना, तपेदिक, टी.बी (2)
3. दिनपति, सूर्य, सूरज, रवि (4)
4. विवाह के समय वधु का वर को अंगीकार करना, यदि ऐसा न होगा तो (3)
5. प्रतिध्वनि, फकीर की आवाज, फरियाद (2)
8. पुराणानुसार सात पातालों में से एक पाताल, कहते है प्रहलाद का निवास स्थान यहीं है (4)
9. उजरत, तनख्वाह, वेतन (3)
11. प्रबल अभिलाषित होना, तीव्र उत्कंठित होना (4)
13. दन-दन शब्द करते हुए आना या दन-दन शब्द करना (5)
14. क्षुधा, भूख शब्द अपभ्रंश (2)
16. सटना, रिश्तें में कुछ होना (3)
17. लौटा हुआ या फिरता हुआ (3)
19. ताड़ित, पीटा हुआ, गुणा किया हुआ (2)
20. प्रदत्त या प्राप्त वस्तु (2)
21. जिसका डील या कद छोटा हो, ठिगना (2)

### वर्ग पहेली 6074 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्पे | न | | भा | र | त | | ब |
| श | ह | ना | ई | | ल | ल | क |
| ल | ला | ट | | सु | ब | क | ना |
| | ना | क | र | ना | | वा | |
| मे | | | त | री | का | | सु |
| घ | न | क | ना | | नू | त | न |
| दू | र | | र | ह | न | | ना |
| त | म | क | | म | न | स्वी | |

## आज का राशिफल

### मेष

आज खर्चों में वृद्धि, सतर्क रहें. जीवनसाथी से टकराव की संभावना, झगड़ों से बचें. विदेशी निवेश सोच-समझकर करें. कठोर स्वभाव से व्यवसाय में मुश्किलें आ सकती हैं. सामाजिक स्तर पर अधूरे कार्य परेशानी का कारण बन सकते हैं. फैमिली आउटिंग कैंसिल हो सकती है. मेडिकल और टेक्नोलॉजी स्टूडेंट्स का ध्यान भटक सकता है. वैवाहिक जीवन में तनाव संभव. ऑफिस में बातों से बचें, कार्य पर ध्यान दें.

### वृष

आज का दिन इनकम बढ़ाने की योजना बनाएं. घाटे की भरपाई बाहरी स्त्रोत से होगी. बिजनेस क्लाइंट से विवाद खत्म होगा. सेहत में सुधार, उत्साह महसूस होगा. परिवार में रिश्तेदारों से मतभेद सुलझेंगे. पार्टनर के साथ अच्छा समय बितेगा. चतुराई से कार्य पूर्ण होंगे. सामाजिक स्तर पर पहचान बढ़ेगी. स्टूडेंट्स को स्पष्टता से नोट शेयर करने की सलाह. नई कंपनी से जॉइनिंग लेटर मिल सकता है।

### कर्क

आज आध्यात्मिकता में रुचि बढ़ेगी. पार्टनर के साथ पुरानी यादें ताजा होंगी. बिजनेस लोन अप्रूवल से धन तनाव कम होगा. ग्राहकों को ऑफर देने से बिक्री बढ़ेगी. दोस्तों के साथ खड़े रहें. हल्का बुखार परेशानी दे सकता है. पब्लिक रिलेशन मजबूत होंगे. व्यापार यात्रा संभव. आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा. ऑफिस में सहयोग मिलेगा।

### सिंह

आज ससुराल पक्ष से अनबन संभव.पार्टनर से मतभेद बढ़ सकते हैं. आर्थिक परेशानी के कारण भागदौड़ बढ़ेगी. साझेदारी में सोच-समझकर निर्णय लें. बच्चों की सेहत चिंता का कारण बनेगी. परिवार में किसी की बातों में आकर विवाद हो सकता है. यात्रा में सतर्कता रखें, चोरी की संभावना. वर्कलोड बढ़ेगा, मदद लेनी पड़ेगी. बॉस का समर्थन मिलेगा.

### मिथुन

आज जॉब में नयापन आएगा. सीनियर्स की मदद से तनाव कम होगा. प्रोफेशनल और पर्सनल बैलेंस बनाए रखें. पूर्व कार्य का आउटपुट मिलेगा. परिवार से व्यवहार में सुधार जरूरी. बिजनेस में नई योजना की प्लानिंग. मार्केट सर्वे द्वारा न्यू ट्रेंड की जानकारी लें. संगीत प्रेमियों को मंच मिलेगा. सेहत अच्छी रहेगी. रोमांस भरा समय, स्टूडेंट्स बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### कन्या

आज जीवनसाथी से मनमुटाव संभव. पारिवारिक चर्चा से रिश्ते सुधरेंगे. प्रमोशन की गुड न्यूज़ मिल सकती है. बॉस के कार्यभार से थकान हो सकती है. जोड़ो के दर्द से परेशानी. योग-प्राणायाम करें. सामाजिक विवादों से बचें. खेल जगत में फिटनेस जरूरी. बिजनेस में पूंजी और बचत दोनों पर ध्यान दें. पार्टनर के साथ समय अच्छा रहेगा।

### तुला

आज शारीरिक तनाव संभव. दोस्तों के साथ पिकनिक की योजना बन सकती है. आत्मविश्वास ऊँचा रहेगा, नई जिम्मेदारी मिल सकती है. स्थानांतरण में रुकावट संभव. प्रेम जीवन सुखद रहेगा. संघर्ष के बाद छात्र सफलता पाएंगे. भद्रा काल में शुभ कार्य न करें. बिजनेस में तकनीकी बदलाव फायदेमंद रहेंगे. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा. पारिवारिक संपत्ति से लाभ संभव।

### वृश्चिक

आज संतान से सुख मिलेगा. प्रतियोगी छात्र नियमित पढ़ाई करें. स्मार्ट वर्क से सीनियर्स प्रभावित होंगे. नौकरी में बदलाव के संकेत. छोटे कार्यों की अनदेखी न करें. प्रॉपर्टी ट्रैवल संभव. विचारों को महत्व दें. बच्चों और पार्टनर के साथ समय बिताएं. ऑनलाइन सेल से लाभ. पार्टनर के साथ विवाद भूलें।

### मकर

आज रिश्तेदारों से सहायता मिलेगी. करियर पर फोकस करें, मस्ती के साथ संतुलन रखें. प्रमोशन और वेतनवृद्धि की संभावना. माता-पिता की सेहत पर ध्यान दें. खर्चों में कटौती करें. निजी रिश्तों पर सोच-समझकर निर्णय लें. स्टूडेंट्स रुचि के अनुसार कार्य करें. बिजनेस में लाभ और विस्तार के योग. वाहन चलाते समय सावधानी रखें. टैक्स संबंधित मामला सुलझ सकता है।

### कुंभ

आज पैसों के लेन-देन में सतर्क रहें. उच्च शिक्षा में सफलता में देरी. तनाव दूर करने के लिए लाइफस्टाइल बदलें. ऑफिस में प्रेजेंटेशन का अवसर मिल सकता है. मानसिक उलझन और जिम्मेदारी अधिक हो सकती है. सामाजिक योजनाओं में बदलाव. प्रेम जीवन अच्छा रहेगा. सोशल मीडिया से फ्री प्रमोशन का ऑफर मिल सकता है. स्टॉक की कमी से ग्राहक वापस जा सकते हैं. यात्रा टालना बेहतर।

### धनु

आज मां की सेहत बिगड़ सकती है. पिता की सलाह मानें, टकराव से बचें.संतान का निर्णय चिंता दे सकता है. व्यापार में टेंडर मिस होने से तनाव. लोन व टैक्स समय पर चुकाएं. सामाजिक गलती पर पछतावा हो सकता है. ट्रिप कैंसिल हो सकती है. ऑफिस में डिबेट से बचें. काम का दबाव मानसिक उलझन ला सकता है. छाती में दर्द संभव।

### मीन

आज आत्मसम्मान बढ़ेगा. पार्टनर के साथ डिनर की योजना. प्रतियोगी छात्र योग व ध्यान करें.ऑफिस में साजिश का पर्दाफाश होगा. काम के तरीकों में आज़ादी मिल सकती है. परिवार के साथ समय बिताएं. गुस्से को नियंत्रित करना जरूरी. खानपान पर ध्यान दें. दूसरों की नकल से बचें. काम में समय लग सकता है।

स्वत्वाधिकारी श्रीराम अम्बष्ट के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमंक प्रिंटर्स, ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, घर आँगन, बिरजू जी का हाता, छोटी बदलपुरा, खगौल, जिला-पटना, बिहार में मुद्रित। संपादक-साकेत कुमार, मो. - 9934957121, 9488212062, 7766886433, E-mail : svvpat@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### भीषण गर्मी में तपने लगा पलामू 44।6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान

**पलामू, एजेंसी।** जिले के कई इलाके इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। पिछले 15 दिनों से पलामू का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था। लेकिन शनिवार को पलामू में इस सीजन का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है। शनिवार को पलामू का तापमान 44।6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। अभी अप्रैल के दूसरे पखवाड़े की शुरुआत हुई है और अप्रैल महीने में अब तक का यह सबसे अधिक तापमान रिकॉर्ड हुआ है। पिछले कुछ सालों में 44.6 डिग्री सेल्सियस पलामू में तापमान अप्रैल के महीने में रिकॉर्ड नहीं किया गया। शुक्रवार को पलामू का तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस, गुरुवार को 43.2 जबकि बुधवार को 42.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। पलामू के इलाके का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है।इस सीजन में सबसे अधिक तापमान 19 अप्रैल को रिकॉर्ड किया गया था।उस दौरान पलामू का तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। 2024 के मई महीने में पलामू का तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था।

### रामगढ़ में झामुमो की बैठक, संगठन मजबूती और बूथ पुनर्गठन पर बनी रणनीति

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला रामगढ़ की बैठक शनिवार को जिला संयोजक मंडली प्रमुख बिनोद किस्कू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन संतोष कुमार ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, एसआईआर (मतदाता सूची पुनरीक्षण) और बूथ समिति के पुनर्गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में मजदूरों से जुड़े मुद्दों को लेकर भी बैठक में विचार-विमर्श किया गया। इन मुद्दों पर आंदोलन की रणनीति तैयार करने पर चर्चा हुई। बैठक में विजय किस्कू, नरेश हसंदा, कुंवर महतो, गीता देवी, बिराजो देवी, बसंती देवी, संगीता देवी, किरण देवी, जग्गू करमाली, मो जाबेद आलम, अरुण बनर्जी, सुशील कुमार, अजय भोगता, सतीश मुर्मू, कामलेश पांडे, योगेंद्र यादव, सकलदेव करमाली, बलदेव मुर्मू, सुरेश हेंब्रोम, धर्मेंद्र मिश्रा, रफीक अंसारी, मो जाबेद राजा, बिट्टू खान, रमेश पटेल, नीतीश कुमार, अखलेश यादव, सतीश मुंडा, कुलेश्वर प्रजापति, मोहित मुंडा, मंटू कुमार, अबू रेहान, किशोर मोदक, अमर कुमार, क्यूम अंसारी, गौतम कुमार के साथ अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### चतरा डीसी ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, हॉस्पिटल मैनेजर को किया कार्यमुक्त

**चतरा, एजेंसी।** झारखंड के चतरा जिले के उपायुक्त रवि आनंद ने शनिवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के अलग-अलग वार्ड, ओपीडी, इमरजेंसी यूनिट, प्रसूति वार्ड और दवा भंडारण रूम सहित कई विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा। अस्पताल परिसर में गंदगी, शौचालयों की खराब स्थिति और कई कमरों के बंद पाए जाने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। लापरवाही के आरोप हॉस्पिटल मैनेजर रवि शंकर को कार्यमुक्त किया गया। साथ ही डीसी पदाधिकारियों को स्वच्छता व सुव्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया। डॉक्टर और कर्मियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन कर ड्यूटी रोस्टर के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। डीसी ने अस्पताल में जरूरी दवाओं की मौजूदगी हर हाल में सुनिश्चित करने की बात कही, जिससे कि मरीजों को बाहर से दवा की खरीदारी करने की जरूरत नहीं पड़े। उन्होंने मरीजों से बात कर मिल रही सुविधाओं, इलाज की जानकारी ली। उपायुक्त ने डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजो के साथ अच्छा व्यवहार करने की बात कही। किसी तरह की लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने जिलेवासियों से हॉस्पिटल में आकर इलाज कराने की बात कही। स्वास्थ्य सुविधा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर सीएस डॉ सत्येंद्र कुमार सिन्हा, डीएस डॉ पंकज कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

### नोवामुंडी प्रखंड के महुदी पंचायत में ग्रामसभा आयोजित, कई विकास प्रस्ताव पारित

**नोवामुंडी, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम के नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत महुदी पंचायत के इंदिरा टोला में 25 अप्रैल 2026 को शाम 5 बजे एक महत्वपूर्ण ग्रामसभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण मुंडा अजय लागुरी ने की, जबकि प्रदीप प्रधान की विशेष उपस्थिति रही। ग्रामसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और क्षेत्र की अलग-अलग समस्याओं को उठाया। बैठक में नाली निर्माण, कुएं की मरम्मत और भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की समस्या पर चर्चा की गई। इसके अलावा ग्रामीणों ने पंचायत कार्यालय में आधार कार्ड से संबंधित काम बंद होने पर भी चिंता जाहिर की। साथ ही, सामुदायिक शौचालय निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। साथ ही, सामुदायिक शौचालय निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

# डॉ. इरफान अंसारी के बयान पर भड़की भाजपा

## स्वास्थ्य मंत्री को लेकर कह दी बड़ी बात




**रांची, एजेंसी।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी अपने बयानों की वजह से हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। अब इस क्रम में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिया गया एक बयान जिसमें मंत्री ने भाजपा नेताओं का अंतिम संस्कार करने की बात कही थी इस पर झारखंड भाजपा के नेता भड़के हुए हैं। मामले में संवाददाता सम्मेलन कर भाजपा प्रवक्ता ने स्वास्थ्य मंत्री पर तीखा बयान दिया है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने झारखंड में पूरे स्वास्थ्य विभाग का अंतिम संस्कार कर दिया है। इरफान अंसारी को दूसरों के अंतिम संस्कार की चिंता नहीं करनी चाहिए।

**मंत्री इरफान ने स्वास्थ्य व्यवस्था का किया अंतिम संस्कार: राफिया नाज :** भाजपा प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि डॉ. इरफान अंसारी ने झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था का अंतिम संस्कार कर दिया है। ऐसा वह इसलिए कह रही हैं क्योंकि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। यहां थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव खून चढ़ा दिया जाता है, माता-पिता अपने बच्चे के शव को थैले में ले जाने के लिए मजबूर होते हैं, मेडिकल की छात्रा की अस्मत लूटी जा रही है, सीएचसी और पीएचसी की हालात पहले से खराब हैं।

भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक और महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री के साथ मीडिया संवाद कर रही राफिया नाज ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था इतनी बदतर हो गई है कि 560 बेड पर मात्र 14 नर्स कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के साढ़े तीन करोड़ लोगों के इलाज के लिए मात्र 2800 डॉक्टर उपलब्ध हैं। इसकी चिंता डॉ। इरफान अंसारी को करनी चाहिए।

**'महिलाएं देंगी कांग्रेस पार्टी को जवाब :** मंत्री इरफान अंसारी के बयान पर आक्रोश व्यक्त करते हुए राफिया नाज ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार ने कोरोना काल में झारखंड में दवा की जगह कफन बांटने का काम किया था। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में गिराकर तालियां बजाने का काम किया, लेकिन आने वाले दिनों में आधी आबादी इसका जवाब देगी। राफिया नाज ने कहा कि संसद में इन्होंने तालियां नहीं बजाई, बल्कि महिलाओं को तमाचा मारने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण से वंचित महिलाओं के आक्रोश से पूरी कांग्रेस पार्टी का अंतिम संस्कार बहुत जल्द होने वाला है। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की बेटियों और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। वहीं इंडिया गठबंधन के नेता हर दिन महिलाओं पर ऊलजलूल बयानबाजी करते रहते हैं। इन्हें राज्य और देश की महिलाएं ही सबक सिखाएंगी।

### क्या कहा था मंत्री इरफान अंसारी ने

राफिया नाज ने कहा कि महिला आरक्षण लागू नहीं होने देने के खिलाफ महिला भाजपा की ओर से रांची में आक्रोश मार्च निकाला गया था। उसपर अपनी प्रतिक्रिया देने के क्रम में मंत्री इरफान अंसारी यह कह गए थे कि स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनका फर्ज बनता है कि हम उनका क्रियाकर्म करें।

### गिरिडीह में मौत बांट रहा था गुपचुप वाला! शाम को खाया फिर सुबह होते ही 23 पहुंचे अस्पताल, 1 मासूम की मौत

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिला स्थित सदर प्रखंड के लेदा-बजटो गांव में फूड पॉइजनिंग ने भीषण कहर बरपाया है, जिससे 6 वर्षीय एक मासूम की मौत हो गई। इसके अलावा 22 से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार हैं। घटना के बाद रविवार सुबह पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। प्रशासनिक अमला और स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत हरकत में आई। जानकारी के अनुसार, शनिवार की शाम करीब 5 बजे एक अज्ञात व्यक्ति गांव में ठेले पर गुपचुप और छोला बेच रहा था। गांव के बच्चों समेत कई ग्रामीणों ने उससे चाट खरीदी और खाई। रविवार की सुबह होते-होते सभी को तेज बुखार, पेट में असहनीय दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। देखते ही देखते पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई।

फूड पॉइजनिंग का सबसे घातक असर बजटो गांव निवासी रिंकू देवी के 6 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार पर हुआ। उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन उसे सदर अस्पताल लाए, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बेटे की मौत से मां रिंकू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है, और पूरे गांव में शोक की लहर है।

घटना के बाद 22 से अधिक बीमार लोगों को एंबुलेंस और निजी वाहनों से सदर अस्पताल लाया गया, जहां सभी को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया है। मरीजों में 5 साल के बच्चों से लेकर 45 साल तक के बुजुर्ग शामिल हैं। सिविल सर्जन डॉ। बच्चा सिंह की निगरानी में सभी का इलाज चल रहा है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।सूचना मिलते ही डीसी रामनिवास यादव के निर्देश पर एसडीएम, एसडीपीओ, सिविल सर्जन और पुलिस के कई अधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे।

## झारखंड हाईकोर्ट का रांची नगर निगम के प्रशासक को सशरीर हाजिर होने का निर्देश, पूछा- 'क्यों नहीं हुआ आदेश का पालन




**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम से जुड़े गौरव कुमार बेसरा के अवमानना मामले में बेहद सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस संजय प्रसाद की खंडपीठ ने नगर निगम के प्रशासक को व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि प्रशासक स्वयं उपस्थित होकर यह स्पष्ट करें कि 22 जुलाई 2025 को पारित आदेश के अनुपालन में आखिर क्या बाधा आ रही है। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने चेतावनी दी कि यदि अगली तिथि पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो अदालत कानून के अनुसार उनके खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू कर सकती है।

अदालत ने सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड पर पाया कि 22 जुलाई 2025 के आदेश का अब तक अनुपालन नहीं किया गया है। इस मामले में प्रशासक ने पूर्व में टाउन प्लानर और लीगल सेक्शन से संबंधित व्यवस्था जल्द लागू करने का आश्वासन कोर्ट को दिया था। रिकॉर्ड के अनुसार, पूर्व में 12 नवंबर, 3 दिसंबर और 9 दिसंबर 2025 को भी समय दिया गया था। इसके बाद इस वर्ष 24 और 30 मार्च 2026 को भी मौके दिए गए, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसी ढुलमुल रवैये को देखते हुए अदालत ने अब कड़ा रुख अख्तियार किया है। सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसंबर 2025 के एक आदेश पर रोक लगाई है, लेकिन हाईकोर्ट के बाकी आदेश अब भी प्रभावी हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट को इस मुख्य मामले की सुनवाई जारी रखने का निर्देश दिया है। इसी आलोक में हाईकोर्ट ने निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अब सीधे प्रशासक को जवाबदेह ठहराया है।

### सरायकेला के सरस्वती शिशु मंदिर में नए अभिभावकों की बैठक सम्पन्न,

# शिक्षा और संस्कार पर दिया गया जोर



**सरायकेला, एजेंसी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय, सरायकेला में आज 26 अप्रैल 2026 को नए अभिभावकों की एक विस्तृत और ज्ञानवर्धक बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ विधिवत् वंदना के साथ किया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम में सकारात्मक और सांस्कृतिक वातावरण का संचार हुआ। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों के अभिभावकों को विद्यालय की शिक्षण पद्धति, सांस्कृतिक वातावरण, अनुशासन व्यवस्था तथा समग्र विकास की अवधारणा से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आशा दीदी द्वारा अत्यंत प्रभावशाली और सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अभिभावकों को बैठक के उद्देश्य, आवश्यकता और उपयोगिता के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य तुषार कांत पति ने विद्या भारती की शिक्षा प्रणाली को सरल तरीके से समझाया, जो शैक्षिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने बताया कि विद्या भारती के अंतर्गत शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहती, बल्कि विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास पर समान रूप से बल दिया जाता है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे विद्यालय के साथ सतत संवाद बनाए रखें जिससे बच्चों के विकास में सामूहिक सहयोग सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की आरती दीदी ने शिशु वाटिका (प्रारंभिक शिक्षा) की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए उसके बारह आयामों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन आयामों के माध्यम से बालकों के व्यक्तित्व का संतुलित एवं प्राकृतिक विकास किया जाता है, जिसमें खेल, गीत, संस्कार, भाषा, शारीरिक क्रियाए और सृजनात्मक गतिविधियां सम्मिलित हैं। इसके अलावा, उन्होंने स्वर्णप्राशन के महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता, स्मरण शक्ति और समग्र स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सहायक होता है।

विद्यालय के कोषाध्यक्ष प्रसाद महतो ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की व्यवस्थाओं, सहयोगपूर्ण माहौल और पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताई। इसके बाद वरिष्ठ आचार्य रंजन आचार्य ने अपने विचार रखे और विद्यालय की पुरानी परंपरा, संस्कार आधारित शिक्षा और वर्षों से चली आ रही पढ़ाई की प्रणाली के बारे में जानकारी दी।

## कोयला कामगारों के पेंशन फंड पर संकट: 240 करोड़ के सालाना घाटे में डूबा सीएमपीएफओ




**धनबाद, एजेंसी।** कोयला खान भविष्य निधि संगठन के पेंशन फंड की वित्तीय स्थिति वर्तमान में अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। सरकारी रिपोर्टों और विशेषज्ञों के विश्लेषण के अनुसार, वर्तमान व्यवस्था के तहत यह फंड लंबे समय तक टिकने की स्थिति में नहीं है। मुख्य समस्या यह है कि कोयला खदानों में नियमित कामगारों की संख्या लगातार घट रही है, जिससे फंड में आने वाला अंशदान कम हो गया है, जबकि पेंशनभोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्तमान में यह पेंशन फंड सालाना 240 करोड़ रुपये के घाटे का सामना कर रहा है।

अक्टूबर 2017 तक कोयला कंपनियां मजदूरी का मात्र 1।16 फीसदी पेंशन फंड में देती थीं, जिसे बढ़ाकर अब 7 फीसदी कर दिया गया है। इसके बावजूद फंड की स्थिरता सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। इस अंतर को पाटने के लिए सीएमपीएफओ आयुक्त ने सरकार से पब्लिक अकाउंट (पीएल) में जमा 15,424।01 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग करने की अनुमति मांगी है। साथ ही, सरकार द्वारा प्रति कर्मचारी दिये जाने वाले 26।72 रुपये के योगदान को बढ़ाकर कर्मचारी पेंशन योजना के बराबर करने का प्रस्ताव भी दिया गया है।

फंड को संकट से उबारने के लिए सीएमपीएफओ की उन अनुपयोगी जमीनों और संपत्तियों को बेचने या किराए पर देने का सुझाव दिया गया है जो वर्तमान में किसी काम नहीं आ रही हैं। इसके अलावा, नए कर्मचारियों के लिए 'एकीकृत पेंशन योजना' या 'राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली' को अपनाने की संभावनाओं को भी तलाशा जा रहा है। सीएमपीएफओ ने कोयला कंपनियों से एकमुश्त वित्तीय सहायता की भी अपील की है।

इधर, प्रस्तावित बदलावों और फंड की कमी पर मजदूर संगठनों ने कड़ा रुख अपनाया है। यूनियनों का कहना है कि कोयला खदानों में काम करना चुनौतीपूर्ण और जानलेवा होता है, इसलिए श्रमिकों के मौजूदा पेंशन लाभों में किसी भी प्रकार की कटौती स्वीकार नहीं की जाएगी। संगठनों ने साफ किया है कि सरकार को फंड की स्थिरता के वैकल्पिक रास्ते खोजने चाहिए, न कि कर्मचारियों के हितों पर प्रहार करना चाहिए।

## पलामू में उपायुक्त के निरीक्षण में गायब मिले सीओ, लिपिक ने बोला झूठ, डीसी ने लगाई फटकार



**पलामू, एजेंसी।** शनिवार को सतबरवा अंचल और प्रखंड कार्यालय का पलामू डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सतबरवा के सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित नहीं मिले। जबकि कार्यालय में सरकारी कर्मियों की उपस्थिति बेहद ही कम थी। कार्यालय में सिर्फ एक लिपिक और कुछ अन्य कर्मी मौजूद थे।

हालात को देखते हुए डीसी नाराज हुए और पूरे मामले में सभी कर्मियों की स्थिति का जायजा लिया। डीसी द्वारा पूछे जाने पर लिपिक ने बताया कि सीओ सह बीडीओ कुछ देर में कार्यालय में आ जाएंगे। डीसी द्वारा जब मामले में जांच की गई तो पता चला कि सीओ रांची गए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी कृष्णा मुरारी तिर्की के अनुपस्थित रहने पर डीसी ने तत्काल फोन कर जवाब-तलब किया और स्पष्ट किया कि भौतिक रूप से डीसी स्तर से अनुमति लेने के बाद ही मुख्यालय छोड़ें, ऐसे अनुपस्थित रहना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लिपिक ने डीसी को दी गलत जानकारी

इसी क्रम में लिपिक दीपक कुमार द्वारा डीसी को गलत जानकारी दी गई। जिसके बाद डीसी ने मौके पर ही लिपिक को कड़ी फटकार लगाई। पलामू में पदभार ग्रहण करने के बाद डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत सरकारी कार्यालय में लगातार सुधार का प्रयास कर रहे हैं और कई बिंदुओं पर निर्देश जारी कर रहे हैं। डीसी ने बताया कि सतबरवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के क्रम में यह बात सामने आई कि अधिकारी समय पर कार्यालय नहीं आ रहे है।

डीसी ने कहा कि ऐसे अधिकारी एवं कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए हैं। वहीं प्रखंड कार्यालय में आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए पहल की जा रही है। डीसी ने कार्यालय के मुख्य द्वार पर भी एक पिओन की तैनाती की बात कही। ताकि प्रखंड कार्यालय में बिचौलिया या असामाजिक तत्वों का जमावड़ा न हो। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय में आने वाले लोगों की डाटाबेस तैयार होगा और उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली जाएगी।

## दिव्यांग महिला का शारीरिक शोषण और ठगे पैसे, पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे



**सिमडेगा, एजेंसी।** जिला पुलिस ने एक दिव्यांग महिला के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और ठगी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2014 में पीड़िता की गुमला के मनोरंजन एक्का (पिता- प्रेम प्रकाश एक्का, ग्राम पेटसेरा, थाना पालकोट) से मोबाइल के माध्यम से जान पहचान हुई। पीड़िता के अनुसार सितंबर 2021 से आरोपी उसके घर आने-जाने लगा और इसी दौरान उसने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया।

इसके बाद में दोनों चाईबासा में साथ रहने लगे। जिसके कुछ समय बाद आरोपी काम के बहाने वहां से चला गया। इसके बाद पीड़िता को जानकारी मिली कि आरोपी ने 14 जनवरी 2026 को किसी अन्य युवती से विवाह कर लिया है। महिला का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने न केवल शारीरिक शोषण किया, बल्कि पीड़िता को दिव्यांगता के तहत मिलने वाली सहायता राशि की भी ठगी कर ली।

इस संबंध में महिला थाना में कांड संख्या 09/26, दिनांक 20 फरवरी 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोरंजन एक्का को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### रामगढ़ डीसी ने किया मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर का निरीक्षण,

# मंदिर के पुनर्विकास की रूपरेखा बनाई



**रामगढ़, एजेंसी।** हाईकोर्ट के सख्त आदेश के बाद अब रामगढ़ के प्रसिद्ध आस्था का केंद्र रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर में बड़ा बदलाव शुरू हो गया है। रजरप्पा मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाने के बाद अब प्रशासन पूरे इलाके को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने की तैयारी में जुट गया है।

इसी कड़ी में आज शनिवार को रामगढ़ डीसी ऋतुराज ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। इसके पूर्व प्रशासनिक भवन में अहम बैठक की। जिसमें मंत्री फागू बेसरा, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मंदिर के पुनर्विकास की पूरी रूपरेखा और आगे की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार पिछले दिनों जिला प्रशासन ने मंदिर परिसर से 254 अवैध दुकानें हटा दी थी और अब मंदिर के पुनर्विकास को लेकर रामगढ़ के डीसी एक्टिव दिख रहे हैं। डीसी आज प्रशासनिक टीम के साथ रजरप्पा मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। साथ ही प्रस्तावित बस स्टैंड, एंट्री-एग्जिट गेट, घाट निर्माण और दुकानों के नए स्थानों को चिन्हित किया। इस दौरान डीसी ने पदाधिकारियों से कहा कि सभी कार्य समय-सीमा के भीतर और आपसी समन्वय से पूरा करें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान मीडिया से बातचीत में रामगढ़ डीसी ऋतुराज ने कहा कि मंदिर परिसर को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकता है। हटाई गई दुकानों के लिए भी जगह चिन्हित की जा रही है। विकास के साथ-साथ प्रभावित दुकानदारों के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए वैकल्पिक स्थानों की पहचान की जा रही है, ताकि सभी को व्यवस्थित समाधान मिल सके। इसके अलावा मंदिर विकास कार्य के दौरान काटे जाने वाले पेड़ों के बदले क्षतिपूर्ति वनीकरण की योजना पर भी काम शुरू हो चुका है। अधिकारियों ने इसके लिए अलग से स्थल निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए हैं।

स्पष्ट है कि रजरप्पा मंदिर को एक आधुनिक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित धार्मिक स्थल बनाने की दिशा में प्रशासन ने बड़ी पहल शुरू कर दी है। अब देखना होगा कि यह योजना जमीन पर कितनी तेजी से उतरती है।



## 'किंग' के बाद 'जवान' के सीक्वल पर काम शुरू कर सकते हैं शाहरुख

**बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान जल्द ही अपनी नई फिल्म 'किंग' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है, लेकिन इससे पहले उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि एक्टर अपनी सुपरहिट मूवी के सीक्वल में नजर आएंगे।**

शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' के बाद एक और बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी में लग सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान फिलहाल अपनी फिल्म 'किंग' पर फोकस कर रहे हैं, जो एक बड़े बजट की एक्शन फिल्म बताई जा रही है और 2026 में रिलीज हो सकती है। लेकिन इसी बीच खबर है कि 'किंग' के बाद वह अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' के सीक्वल यानी 'जवान 2' पर काम शुरू कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस फिल्म की स्क्रिप्ट लगभग तैयार है और मेकर्स इसे आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इससे पहले भी 'जवान 2' को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ चुकी हैं, लेकिन फिल्म के डायरेक्टर की तरफ से भी कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया गया था। कहीं न कहीं इस खबर से फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है।

### 'किंग' फिल्म के बारे में

शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी। ये एक एक्शन पैक फिल्म होने वाली है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, सुहाना खान, अनिल कपूर, अभय वर्मा और अरशद वारसी जैसे बड़े सितारे नजर आ सकते हैं।



# क्या अल्लू अर्जुन की 'राका' से कम हुआ दीपिका का रोल? मेकर्स ने बताई सच्चाई

**अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' रिलीज होते ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का फर्स्ट लुक जारी हुआ, जिसके बाद फिल्म को लेकर लोगों की उत्सुकता और भी बढ़ गई। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें भी आईं फिल्म में दीपिका पादुकोण की भूमिका अब छोटी कर दी गई है। इन दावों पर अब खुद 'राका' के मेकर्स की प्रतिक्रिया सामने आई है।**

### फिल्म की टीम ने खबरों को बताया अफवाह

दीपिका पादुकोण के दूसरी प्रेग्नेंसी घोषित करने के बाद ऐसी खबरें आईं कि अब फिल्म से दीपिका की भूमिका छोटी की जा सकती है। अब 'राका' के प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों ने इन दावों को पूरी तरह निराधार बताया है। फिल्म की टीम ने पुष्टि की, 'सब कुछ योजना के अनुसार चल रहा है। दीपिका पादुकोण 'राका' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और शूटिंग पूरे जोश के साथ सुचारू रूप से चल रही है।'


### प्रेग्नेंसी की घोषणा के बाद काम पर लौटीं दीपिका

हाल ही में मीडिया रिपोर्टों में यह भी बताया गया कि दीपिका अपनी दूसरी गर्भावस्था के बावजूद काम से ब्रेक लेने के मूड में नहीं हैं। दीपिका ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी घोषित करने के बाद काम फिर से शुरू कर दिया है। वह अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' के लिए कुछ एक्शन से भरपूर सीन की शूटिंग करेंगी, जिसमें सभी एहतियाती उपाय किए जा रहे हैं। एटली द्वारा निर्देशित यह फिल्म फिलहाल तय कार्यक्रम के अनुसार चल रही है। फिल्म तय समय-सीमा के अनुसार ही आगे बढ़ रही है।

### शाहरुख के साथ नजर आएंगी दीपिका

वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका के पास 'राका' के अलावा शाहरुख खान के साथ 'किंग' फिल्म भी है। इसमें उनके अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। जिसमें शाहरुख की बेटी सुहाना खान, जयदीप अहलावत, जैकी श्रॉफ, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी और अभिषेक बच्चन समेत कई कलाकारों के नाम शामिल हैं। दीपिका आखिरी बार 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। इस बीच पिछले साल वो 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2' जैसी फिल्मों से बाहर होने के चलते चर्चाओं में रही थीं।

# 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' के फिनाले में इमोशनल हुए अक्षय



अक्षय कुमार का रियलिटी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' 27 अप्रैल को ग्रैंड फिनाले के साथ खत्म होने जा रहा है, जिसमें फराह खान, जैकलीन फर्नांडिस और भूमि पेडनेकर नजर आएंगी।

### अक्षय को टीम ने दिया खास ट्रिब्यूट

शो की ओर से एपिसोड का प्रोमो शेयर किया गया। प्रोमो की शुरुआत में ढेर सारी मस्ती देखने को मिलती है। लेकिन शो का तब इमोशनल हो जाता है, जब भूमि पेडनेकर बताती हैं कि शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' की टीम ने अक्षय के लिए एक खास ट्रिब्यूट तैयार किया है। इस वीडियो मोंटाज में शो के कई यादगार पल दिखाए जाते हैं, साथ ही एक दिल छू लेने वाला मैसेज सुनाई देता है- 'कल से ये मंच नहीं होगा, लेकिन आपकी मुस्कुराहट याद रहेगी, आपकी शरारतें, नादानियां और शैतानियां याद रहेंगी... आप याद रहेंगे।' यह ट्रिब्यूट देखकर अक्षय कुमार की आंखों में आंसू आ गए। प्रोमो में वो अपने आंसू छुपाने के लिए फराह खान के पीछे जाते नजर आते हैं। अपने इस सफर को याद करते हुए अक्षय बताते हैं कि शो के 65 एपिसोड पूरे हो चुके हैं, जिसमें करीब 200 कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया।



# सोशल मीडिया से परेशान हुए पार्थ समथान, उठाया यह बड़ा कदम

टीवी के मशहूर अभिनेता पार्थ समथान अपने बेहतरीन अभिनय के साथ ही अपनी दमदार पर्सनैलिटी के लिए जाने जाते हैं। लेकिन हाल ही में न जाने ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूर रहने का फैसला कर लिया है। उनके इस फैसले ने हर किसी को हैरान कर दिया है। जानिए क्या है पूरा मामला?

### पार्थ समथान ने सोशल मीडिया से क्यों बनाई दूरी?

दरअसल, पार्थ अपने परिवार और खुद पर होने वाले ट्रोलिंग से बहुत परेशान हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि कुछ लोग नकली अकाउंट्स खरीदकर उनके और उनके परिवार की निजी जिंदगी पर गलत कमेंट्स कर रहे हैं।

'मुझे बहुत गुस्सा आ रहा है'

पार्थ ने कहा, 'मैं शांत और पॉजिटिव इंसान हूं, लेकिन यह सब देखकर मुझे बहुत गुस्सा आ रहा है। मुझे लगता है कि मैं जानता हूं कि यह सब कौन कर रहा है, लेकिन नाम लेना बेकार है।' उन्होंने आगे लिखा कि अब वह साइबर क्राइम में शिकायत करने में समय बर्बाद नहीं करेंगे। बल्कि अपनी जिंदगी और काम पर ध्यान देंगे।

### कौन हैं पार्थ समथान?

पार्थ समथान एक प्रसिद्ध भारतीय टेलीविजन अभिनेता और मॉडल हैं। उन्होंने 'गुमराह' और 'बेस्ट फ्रेंड्स फॉरएवर?' जैसे शो से अपना करियर शुरू किया था। फिलहाल, पार्थ समथान टीवी शो 'सहर होने को है' में 'माहिद' का किरदार निभा रहे हैं। इस शो में उनके साथ माही विज, ऋषिता सिंह और कनिका माहेश्वरी भी काम कर रही हैं। पार्थ को 'कसौटी जिंदगी की 2' और 'कैसी ये यारियां' जैसे शोज से बहुत पॉपुलैरिटी मिली थी।



# मुझे पैपराजी से बात करना अच्छा लगता है

अभिनेत्री सोनम बाजवा इन दिनों अपनी आगामी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'पिट सियापा' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में सोनम प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में सोनम ने पैपराजी के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि जब पैप्स उनसे फोटोज के लिए कहते हैं, तो उनका रिएक्शन कैसा होता है?

बातचीत में सोनम बाजवा ने कहा कि जब पैपराजी उनसे फोटो के लिए कहते हैं, तो समझ ही नहीं आता कि कैसे रिएक्ट करें। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं जोर से हंसती हूं। मुझे नहीं पता कि पैपराजी के सामने क्या करना है। वे सैलून के बाहर भी इंतजार कर रहे होते हैं। मैं उन्हें मना नहीं कर सकती। लेकिन मुझे बहुत शर्म आती है, मुझे नहीं पता कि अगर मैं अभी-अभी सैलून से निकली हूं तो उनके सामने कैसे पोज दूं। वैसे पैपराजी बहुत कूल हैं। वे आपको इतना हंसाते हैं। मुझे लगता है कि लोग सोचेंगे, यह पैपराजी के सामने क्यों हंसती रहती है? मुझे उनसे बात करने में बहुत मजा आता है। मुझे उनसे कभी-कभार मिलना अच्छा लगता है।

हालांकि, एक्ट्रेस ने ये भी कहा कि कभी-कभी पैपराजी प्राइवेसी वाली जगहों पर भी पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन कभी-कभी, आप अभी-अभी सोकर उठे होते हैं। आपने एक कप कॉफी भी नहीं पी होती। आपको जिम के लिए देरी हो रही होती है। जैसे ही आप जिम पहुंचते हैं, आपको पैपराजी दिख जाते हैं। आपका चेहरा सूजा हुआ होता है। हो सकता है कि आप पिछली रात से सोए न हों। आपने पर्याप्त पानी भी नहीं पिया हो। लेकिन पैपराजी आपका इंतजार कर रहे होते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि मुंबई में पैपराजी कल्चर कितनी गहराई से जड़ जमा चुकी है। हर कोई सतर्क हो जाता है। सोचिए अगर मैं आपको जागने के 30 मिनट के अंदर ही पकड़ लूं। आपको अच्छा नहीं लगेगा। तो ऐसा होता है। लेकिन मुझे लगता है कि यह हमारे काम का हिस्सा है। अब यह कल्चर स्थापित हो चुका है। मुंबई में पैपराजी का कल्चर बन चुका है। इसलिए, मैं हमेशा खुद से कहती हूं हमेशा तैयार रहो कि पैपराजी वहां होंगे। चाहे आप कहीं भी जा रहे हों।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनम बाजवा अगली बार रूपिंदर चहल द्वारा निर्देशित आगामी पंजाबी कॉमेडी-ड्रामा 'पिट सियापा' में नजर आएंगी। 1 मई को रिलीज होने वाली इस फिल्म में सोनम बाजवा के साथ परमवीर सिंह चीमा भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कहानी निम्मी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार सोनम निभा रही हैं।



# हम दर्शकों को हल्के में लेते हैं उनकी पसंद बहुत अलग-अलग है

अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अस्सी' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर स्ट्रीम कर रही है। भारत में होने वाले दुष्कर्म जैसे गंभीर मुद्दे पर आधारित इस फिल्म को क्रिटिक्स से जमकर सराहना मिली थी। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म वो कमाई नहीं कर सकी, जिसकी मेकर्स को उम्मीद थी। अब हाल ही में निर्देशक अनुभव सिन्हा ने समीक्षकों द्वारा मिली फिल्म की सराहना पर बात की। साथ ही उन्होंने ये भी समझाया कि आखिर क्यों 'अस्सी' बॉक्स ऑफिस पर वैसी कमाई नहीं कर पाई।

फिल्म को मिली प्रतिक्रियाओं से खुश हैं निर्देशक

इंडिया टुडे के साथ बातचीत के दौरान अनुभव सिन्हा ने 'अस्सी' को मिली पॉजिटिव प्रतिक्रियाओं के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोगों ने मैसेज, डीएम और रीलों के माध्यम से प्रशंसा की है। मैसेज भेजने का तरीका बदल गया है। जब तक लोग सकारात्मक बातें कह रहे हैं, मैं खुश हूं। फिल्म के उद्देश्य के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे हमेशा से उम्मीद थी कि 'अस्सी' 'थप्पड़' की तरह चर्चाओं को जन्म देगी। यही कारण है कि मैं ये फिल्में बनाता हूं। हो सकता है मेरे पास सभी जवाब न हों, लेकिन समाज मुझसे कहीं ज्यादा जानता है। अगर लोग इन मुद्दों पर बात करेंगे, तो उन्हें सवाल और जवाब दोनों मिल जाएंगे। उद्देश्य तो उन्हें प्रभावित करना था, लेकिन इसने उन्हें मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा प्रभावित किया है।

अब बाहर निकलने और सिनेमाघरों में जाने की आदत बदल गई

क्या दर्शक ऐसे गंभीर मुद्दों और विषयों के लिए तैयार हैं? इस सवाल पर अनुभव सिन्हा ने कहा कि हम अपने दर्शकों को हल्के में लेते हैं। उनकी पसंद बहुत अलग-अलग है। यह एक ऐसा देश है जहां प्रकाश मेहरा, मनमोहन देसाई, गोविंद निहलानी, श्याम बेनेगल और बसु चटर्जी जैसे फिल्म निर्माता एक ही समय में सफल हुए। यह भारतीय दर्शकों की विविधता को दिखाता है। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि बदलती आदतों का असर सिनेमाघरों में जाने पर पड़ा है। अब बाहर जाना कम हो गया है क्योंकि यह कम सुविधाजनक हो गया है। यह सिर्फ सिनेमा तक ही सीमित नहीं है; खरीदारी की आदतें भी बदल गई हैं। लोगों के पास अब घर पर ही आसान विकल्प मौजूद हैं।

### 12 लाख लोगों ने सिनेमाघरों में देखी 'अस्सी'

फिल्म के कलेक्शन के बारे में बात करते हुए निर्देशक ने कहा कि सफलता सापेक्ष है। इस तरह की फिल्म के लिए व्यावसायिक सफलता बहुत महत्वपूर्ण है। ये फिल्में बनाना और देखना मुश्किल होता है, इसलिए स्वाभाविक रूप से आर्थिक रूप से इन्हें सफल बनाना भी कठिन होता है। लेकिन यह एक ऐसा चुनाव है जो आप करते हैं और आपको इसके साथ जीना पड़ता है। आप चांद के बारे में सोचते हैं, यह जानते हुए भी कि चांद मिलना संभव नहीं है। लेकिन 'अस्सी' उम्मीद से भी कम रही। यह भव्य तो नहीं बनी, लेकिन सिनेमाघरों में आने वाले दर्शकों की संख्या के लिहाज से भी यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिर भी 12 लाख से अधिक लोगों ने सिनेमाघरों में फिल्म देखी, जो बेहतर है।

### कुछ प्रतिक्रियाओं ने प्रभावित किया फिल्म का कलेक्शन

फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर सफल न हो पाने के कारणों पर बात करते हुए निर्देशक ने कहा कि कई समीक्षाएं, हालांकि सकारात्मक थीं, लेकिन उनमें 'परेशान करने वाली' या 'दिल दहला देने वाली' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। मुझे लगता है कि यही फिल्म के लिए बाधक साबित हुआ। दर्शकों की प्रतिक्रियाओं ने भी धारणा को प्रभावित किया। लोगों ने कहा, 'यह सबके लिए नहीं है' या 'अगर आप संवेदनशील हैं तो इसे न देखें'। एक तरह से इसने फिल्म के खिलाफ काम किया। हालांकि, फिल्म की प्रशंसा ने भी मदद की।



## खत्म हो गया तेल का स्टॉक, आंध्र प्रदेश में 400 से ज्यादा पेट्रोल पंप बंद, मचा हड़कंप

**अमरावती, एजेंसी।** ईरान और अमेरिका के बीच छिड़ी जंग की वजह से दुनियाभर में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर संशय की स्थिति पैदा हो गई है। इसका असर अब भारत में भी दिखने लगा है। दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश के कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का स्टॉक खत्म हो जाने की खबर फैलने और लोगों की भारी भीड़ उमड़ने के बाद, रविवार को अलग-अलग जिलों में 400 से ज्यादा पंप बंद कर दिए गए हैं। वहीं इन पेट्रोल पंपों पर स्टॉक खत्म होने की सूचना दी जाने के बाद लोगों ने दूसरे पंपों पर धावा बोल दिया, जहां लंबी लाइनें देखी जा रही हैं।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक राज्य में 4,510 पेट्रोल पंप हैं, जिनमें से 421 पंपों पर पेट्रोल और डीजल का स्टॉक खत्म हो गया। वहीं अधिकांश पेट्रोल पंप दोपहिया वाहनों को सिर्फ 2 लीटर और कारों को 10 लीटर पेट्रोल ही बेच रहे हैं। आंध्र प्रदेश पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण ने बताया कि कई पेट्रोल पंपों पर डीजल की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि औसतन वे 7000 लीटर से अधिक डीजल बेचते हैं, लेकिन अब घबराहट में हो रही खरीदारी के कारण 14,000 लीटर से अधिक डीजल बिक रहा है।

**कई जगहों पर कमी की खबरें:** पेट्रोल और डीजल की कमी ने विजयवाड़ा, गुंटूर, राजमुंद्री, कुरनूल और नेल्लोर सहित कई शहरों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। कई जगह पर पेट्रोल पंप कर्मचारियों द्वारा स्टॉक खत्म होने के बोर्ड लगाने पर वाहन चालकों और पेट्रोल पंप कर्मचारियों के बीच तीखी बहस हुई। प्रसिद्ध पहाड़ी तीर्थ तिरुमाला में भी परिवहन व्यवस्था प्रभावित हुई। यहां दो पेट्रोल पंपों पर स्टॉक खत्म हो गया था। पेट्रोल भरवाने के लिए लाइन में खड़े कुछ लोगों ने



मीडिया को बताया कि वे अपनी बाइकों में पेट्रोल भरवाने के लिए कई घंटे से इंतजार कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि वीकेंड पर, सोशल मीडिया पर कई ऐसी पोस्ट्स वायरल होने लगीं जिनमें कहा जा रहा था कि ईरान अमेरिका युद्ध अभी और बढ़ने वाला है और ईंधन की कमी हो जाएगी। इसके कारण लोग घबराकर खरीदारी करने लगे। अधिकारियों ने बताया कि कई जगहों पर हजारों लोग पेट्रोल पंपों के बाहर खड़े हो गए और जरूरत से ज्यादा ईंधन खरीदने लगे जिसकी वजह से कमी हो गई। मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने भी एक बयान में बताया कि रविवार दोपहर तक जो ज्यादातर आउटलेट्स बंद हुए, वे स्टॉक खत्म होने के कारण नहीं, बल्कि पैनिक में की जा रही खरीदारी को रोकने के लिए बंद किए गए थे। इस बीच, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने एक्शन लिया है। उन्होंने जिला कलेक्टरों को तेल की कमी की समस्या से निपटने के लिए तुरंत एक कार्य योजना लागू करने और समस्या के समाधान के लिए विभिन्न विभागों द्वारा उठाए गए कदमों पर सोमवार शाम तक रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्य सचिव जी साई प्रसाद और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस भी की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि शनिवार को डीलरों को 10,345 किलो लीटर पेट्रोल और 14,156 किलो लीटर डीजल की आपूर्ति की गई, लेकिन घबराहट में खरीदारी के कारण कई आउटलेट्स पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गौरतलब है कि ईरान और अमेरिका के बीच 28 फरवरी को शुरू हुई जंग के बाद से ही दुनिया के सबसे प्रमुख जलमार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जहाजों की आवाजाही प्रभावी रूप से बंद हो गई है।

## गुरुग्राम में मुख्यमंत्री सैनी का बड़ा ऐलान; अब ऑटो चालकों को भी मिलेगी 'सामाजिक सुरक्षा'

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'विकसित भारत' के निर्माण में श्रमिक वर्ग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूती श्रमिकों की मेहनत पर आधारित है। इसी के बल पर भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री रविवार को गुरुग्राम के सैक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारतीय मजदूर संघ द्वारा ऑटो चालकों एवं ड्राइवरों के लिए श्रम कल्याण बोर्ड के गठन की मांग पर घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार संगठित श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का गठन करेगी।इस बोर्ड के माध्यम से ऑटो चालकों और ड्राइवरों को भी सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा नियम लागू करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है, जिसके तहत कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। 15 जून तक इस प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए सभी पात्र कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने गत 8 अप्रैल को कोड ऑन वेजिज के प्रावधानों के तहत न्यूनतम बेसिक वेतन में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू



की है। सीएम ने पूर्ववर्ती सरकार के 10 साल के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि साल 2005 में न्यूनतम वेतन 2903 रुपए था, जो 2014 तक बढ़कर 6289 रुपए हुआ। जब वर्तमान सरकार ने जनसेवा का दायित्व संभाला तो श्रमिकों के हितों को प्राथमिकता दी गई। आज न्यूनतम वेतन बढ़कर 19,425 रुपए हो चुका है। जहां कांग्रेस के 10 वर्षों में न्यूनतम वेतन लगभग दोगुना हुआ, वहीं वर्तमान सरकार के 11 वर्षों में यह 3 गुना से भी अधिक बढ़ा है, जो श्रमिक कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

### संक्षिप्त समाचार

## बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन का सफल समापन, संक्रमण चिकित्सा के नए आयामों पर हुआ राष्ट्रीय मंथन

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में आयोजित 11वां एनुअल नेशनल कॉन्फ्रेंस बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन आज अपने सफल समापन के साथ समाप्त हुआ। भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं गैस्ट्रोकेयर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा जहांनुमा पैलेस में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन ने संक्रमण चिकित्सा, गैस्ट्रो रोगों और आधुनिक उपचार विज्ञान को नई दिशा देने का कार्य किया। देशभर से आए वरिष्ठ चिकित्सकों, विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और युवा डॉक्टरों ने अंतिम दिन भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन की शुरुआत हेल्थ एवं वेलनेस सत्र से हुई, जिसमें चिकित्सकों और प्रतिभागियों ने फिटनेस एवं सक्रिय जीवनशैली के महत्व को समझा। इसके बाद वैज्ञानिक सत्रों का क्रम प्रारंभ हुआ। पहले प्रमुख सत्र में एक्यूट वॉटररी डायरिया के एल्गोरिथमिक अप्रोच पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि गर्मियों और मानसून के समय दस्त के मामलों में तेजी आती है, ऐसे में समय पर फ्लूड मैनेजमेंट, संक्रमण की पहचान और उचित उपचार अत्यंत आवश्यक है। इसके बाद आयोजित एंडोस्कोपी एंड इंफेक्शंस सिम्पोजियम में एंडोस्कोप उपकरणों की सफाई, डिसइन्फेक्शन, रीप्रोसेसिंग और संक्रमण रोकथाम के आधुनिक प्रोटोकॉल पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। डॉक्टरों ने कहा कि मरीजों की सुरक्षा के लिए उपकरणों की स्वच्छता उतनी ही जरूरी है जितनी सफल प्रक्रिया। दिल्ली से आए डॉ. मृदुल कुमार डागा ने कहा, संक्रमण चिकित्सा का स्वरूप लगातार बदल रहा है और आज डॉक्टरों के लिए केवल पारंपरिक उपचार ज्ञान पर्याप्त नहीं है। नई बीमारियां, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस, जटिल मरीजों की बढ़ती संख्या और तेजी से विकसित होती तकनीकें हमें लगातार सीखने के लिए प्रेरित करती हैं। ऐसे सम्मेलन विशेषज्ञों के अनुभव, नई रिसर्च और व्यावहारिक क्लिनिकल रणनीतियों को साझा करने का श्रेष्ठ मंच हैं। बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन जैसे आयोजन चिकित्सा समुदाय को एकजुट कर बेहतर मरीज देखभाल की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भोपाल के डॉ. सी. सी. चौबल ने कहा, आज के समय में संक्रमण प्रबंधन केवल दवा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि सही समय पर पहचान, सटीक जांच, बहु-विषयक दृष्टिकोण और आधुनिक उपचार रणनीतियों का समन्वय आवश्यक है।

## फरीदाबाद में सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन अभियान लड़खड़ाया

**फरीदाबाद, एजेंसी।** जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुरू किए गए सर्विकल वैक्सीन अभियान को 60 दिन बीत जाने के बाद भी गति नहीं मिल पाई है। किशोरियों के लिए शुरू किए गए इस अभियान के तहत अब तक 1200 टीके ही लग पाए हैं। लक्ष्य की बात करें तो इतनी अवधि में 12 हजार से अधिक टीके लग जाने चाहिए थे। सर्विकल कैंसर से बचाव को 14 साल की बालिकाओं के लिए यह टीका अनिवार्य किया गया है। विभाग ने जिले के 37 केंद्रों पर टीकाकरण अभियान 28 फरवरी को शुरू किया था। उस समय 90 दिनों में 19 हजार किशोरियों को टीके लगाने का लक्ष्य तय किया गया था। ऐसे में साफ है कि जिले में चल रहे सर्विकल वैक्सीन अभियान का लक्ष्य पाना अभी दूर है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का अभियान की धीमी गति पर मानना है कि वैक्सीन को लेकर अभिभावकों और किशोरियों में जागरूकता की कमी है। दूसरा 17 फरवरी से शुरू हुई सीबीएसई की परीक्षाओं ने अभियान को प्रभावित किया है। परीक्षाओं के कारण छात्राओं की प्राथमिकता पढ़ाई ही रही। ऐसे में टीकाकरण के लिए छात्राओं को एकत्र करना स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौतीपूर्ण बना रहा। अब शिक्षा विभाग के साथ मिलकर अभियान को गति दी जाएगी।

## सीएम योगी का छात्रों को संदेश, असफलता से न हों निराश, चरैवेति-चरैवेति के मंत्र के साथ बढ़ते रहें आगे

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणामों के बाद छात्रों के नाम संदेश लिखा है। उन्होंने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि अनेक बच्चों ने लगन और कठिन परिश्रम से पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस दौरान, सीएम योगी ने परीक्षाओं में असफल छात्रों का भी उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'योगी की पाती' में लिखा, 'यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम आ चुके हैं। इस वर्ष का परीक्षाफल अत्यंत उत्साहजनक है। अनेक बच्चों ने लगन और कठिन



परिश्रम से पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। मेरी ओर से सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की ढेरों बधाइयां और आशीर्वाद।' इस दौरान, सीएम योगी ने कहा, 'मेरी यह पाती, विशेषकर उन बच्चों के लिए है, जो किन्हीं कारणों से अपेक्षित परिणाम नहीं ला पाये। सफलता और असफलता जीवन के अंग हैं। सफलता हमें उत्साहित करती है, लेकिन असफलता से निराशा घर कर सकती है। बस, हमें इसी निराशा को हटाकर 'चरैवेति-चरैवेति' के मंत्र पर आगे बढ़ना है। 'चलते रहो-चलते रहो' का यह सूत्र वाक्य हमें निरंतर परिश्रम, प्रगति और जीवन में न रुकने का संदेश देता है।' उन्होंने छात्रों से कहा, 'याद रखिये, एक असफलता भविष्य की असीमित सफलताओं और संभावनाओं की जननी हो सकती है। कोई भी परिणाम जीवन का पहला और अंतिम नहीं होता, अपितु एक नए आरंभ का अवसर होता है। सोना तपकर ही कुंदन बनता है।' महान आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'थॉमस अल्वा एडिसन ने बल्ब का आविष्कार करने के लिए हजारों प्रयोग किए। हर प्रयोग नाकाम रहा, लेकिन थॉमस एडिसन ने प्रयास जारी रखे। आखिरकार मेहनत रंग लाई और उन्होंने बल्ब का आविष्कार करके पूरी दुनिया को आलोकित किया। विश्व के सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञों में एक श्रीनिवास रामानुजन से लेकर ऐसी कई अन्य महान विभूतियां हुई, जिन्होंने बाधाओं व असफलताओं से हार नहीं मानी, बल्कि अपने क्षेत्र में शिखर पर पहुंचे।' इसी बीच, मुख्यमंत्री योगी ने अभिभावकों के नाम भी संदेश दिया। उन्होंने लिखा, 'प्रिय अभिभावकों, कुछ बातें मैं आपसे भी कहना चाहता हूं। बच्चे देश का भविष्य हैं। यदि किसी कारणवश वे अपेक्षित परिणाम नहीं ला पाए, तो निराश होने के बजाय उनका हौसला बढ़ाएं।

## वाइट हाउस में गोलीबारी को लेकर कांग्रेस विधायक बोले- जैसी करनी वैसी भरनी...

**चेन्नई, एजेंसी।** अमेरिका में वाइट हाउस संवाददाताओं के वार्षिक रात्रिभोज कार्यक्रम में गोलीबारी की चर्चाएं दुनियाभर में हैं। इधर, भारत में कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार ने विवादित बयान दे दिया है। उनका कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गोलियां चलनी ही थीं। साथ ही कहा है कि भारत में भी लोगों की यही भावना है। हमले में ट्रंप सुरक्षित हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वडेट्टीवार ने कहा, 'ट्रंप दुनिया में दबदबा बनाना चाहते थे और दूसरे देशों को अस्थिर करना चाहते थे। जैसी करनी वैसी भरनी...। चूंकि चीजें ऐसी नहीं हुईं, जैसी उन्होंने उम्मीद की थी तो ये होना ही था।' उन्होंने कहा कि भारत में भी जनता का मूड कुछ अलग नहीं है। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'चूंकि यहां लोग बाहर नहीं आ रहे हैं, तो भ्रम बना हुआ है कि सब ठीक है। लेकिन लोगों की भावना वैसी ही है कि भारत को तबाह किया जा रहा है।'

कांग्रेस विधायक ने घटना की निंदा की। उन्होंने कहा, 'इतने उच्च पद पर बैठे व्यक्ति के



साथ ऐसा नहीं होना चाहिए था, लेकिन जनता की प्रतिक्रिया आमतौर पर दिखाती है कि नेतृत्व कैसा है।' यह घटना शनिवार रात करीब 8:34 बजे की है, जब मेहमानों को रात्रिभोज परोसा जा रहा था। उस समय राष्ट्रपति ट्रंप, एसोसिएशन की अध्यक्ष वेइजिया जियांग और 'मेंटलिस्ट' ओज पर्लमैन के साथ बातचीत करते नजर आ रहे थे। पर्लमैन वॉशिंगटन हिल्टन में आयोजित इस मुख्य कार्यक्रम में अपना शो पेश करने वाले थे। खुफिया सेवा के अधिकारियों और अन्य सुरक्षाकर्मियों ने राष्ट्रपति, प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप, उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस और द्वितीय महिला उषा वेंस को सुरक्षा घेरा बना कक्ष से बाहर ले गए।

कुछ घंटों बाद, ट्रंप ने वाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और घोषणा की कि सुरक्षाकर्मियों ने कैलिफोर्निया के एक व्यक्ति को पकड़ लिया है। ट्रंप ने रविवार को कहा कि रात्रिभोज में हथियारों के साथ घुसने की कोशिश करने वाला आरोपी प्रशासन के अधिकारियों को निशाना बनाना चाहता था और उसके परिवार ने पहले ही कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समक्ष इसे लेकर चिंता जताई थी। अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध की पहचान कैलिफोर्निया निवासी 31 वर्षीय कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे सोमवार को अमेरिका के न्याय विभाग की ओर से आपराधिक आरोपों का सामना करना पड़ सकता है।

## संस्कृत मंत्र से लेकर कलमा तक, चुनावी मंच से सायोनी घोष ने सब सुनाया

**भवानीपुर , एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद सायोनी घोष का भाषण सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह भाषण पश्चिम बंगाल के भवानीपुर में आयोजित चुनावी रैली के दौरान दिया गया था, जहां उन्होंने विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाओं और मंत्रों का उल्लेख करते हुए एकता व भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने इस वीडियो को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया, जिसके बाद यह चर्चा में आ गया। राजनीतिक हलकों से लेकर आम जनता तक, हर जगह इस भाषण को लेकर प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं और इसे लेकर बहस तेज हो गई है। सायोनी घोष ने भवानीपुर को मिनी इंडिया करार देते हुए कहा कि यहां देश की विविधता साफ तौर पर दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अलग-अलग धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं और यही भारत की असली ताकत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की पहचान उसकी विविधता में छिपी है और इसे बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उनके इस बयान को समर्थकों ने सराहा और इसे सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया। भाषण के दौरान सायोनी घोष ने कई धर्मों से जुड़े मंत्रों और प्रार्थनाओं का जिक्र किया। उन्होंने संस्कृत का प्रसिद्ध मंत्र 'या देवी सर्वभूतेषु' पढ़ा, इस्लाम का कलमा 'ला इलाहा इल्लल्लाह' दोहराया, सिख धर्म का 'इक ओंकार' गाया और हनुमान चालीसा की पंक्तियां भी सुनाईं। इस तरह उन्होंने विभिन्न धार्मिक परंपराओं को एक मंच पर जोड़ने की कोशिश की। रैली में मौजूद लोगों ने भी उनके इस प्रयास का समर्थन किया और जोरदार तालियों के साथ उनका उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर सायोनी घोष ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह समाज को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां लोग सदियों से मिल-जुलकर रहते आए हैं, वहां विभाजन की राजनीति करना देशहित में नहीं है।

## अखिलेश पर हमला करते-करते अपनी सरकार के कांड गिनाने लगे ओपी राजभर, गाजीपुर पर दी यह नसीहत

**गाजीपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में किशोरी की मौत पर मचे सियासी घमासान के बीच कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अपनी ही सरकार को घेर लिया। राजभर ने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को हमला करने के चक्कर में बातों-बातों में अपनी ही सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में हो रही आपराधिक घटनाओं की फेहरिस्त गिना दी। उन्होंने अखिलेश यादव को सेलेक्टिव राजनीति छोड़ने की बात कहते हुए बेटी की मौत पर राजनीति न करने की नसीहत भी दी। अखिलेश यादव ने 29 अप्रैल को गाजीपुर जाने और लड़की के परिजनों से मिलने की बात कही है। सपा प्रतिनिधिमंडल के दौरे के यहां यहां बवाल हो गया था। इसे लेकर अखिलेश यादव आक्रोशित भी हैं।

पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा प्रमुख केवल गाजीपुर जैसे मामलों में ही सक्रिय होते हैं, जहां उन्हें राजनीतिक रोटियां सेंकने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अन्य जगहों पर भी गंभीर घटनाएं हो रही हैं, जहां अखिलेश नहीं जाते। इसी



दौरान राजभर ने अपनी ही सरकार के दौरान हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, 'बाराबंकी में एक राजभर की दिनदहाड़े हत्या कर दी जाती है, वहां अखिलेश नहीं जाते। देवरिया में राजकुमार चौहान को गोली मार दी जाती है, तब भी वे वहां नहीं जाते। कौशांबी में पाल समाज की बेटी के साथ दुष्कर्म और हत्या होती है, वहां भी वे चुप्पी साध लेते हैं।' राजनीतिक हलकों में राजभर के इस बयान को इस तरह देखा जा रहा है कि अखिलेश को आइना दिखाते-दिखाते वे यह भी स्वीकार कर गए कि वर्तमान भाजपा सरकार के राज में भी हत्या और दुष्कर्म जैसी गंभीर वारदातें प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में हो रही हैं। राजभर ने गाजीपुर के कटारिया गांव में पथराव और बवाल की घटना के लिए सीधे तौर पर सपा को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने सपा प्रतिनिधिमंडल को केवल 15 लोगों की अनुमति दी थी, लेकिन वहां 250 से ज्यादा लोग पहुंच गए और अराजकता फैलाने लगे। उन्होंने कहा कि एक बेटी की मौत पर राजनीति करना निंदनीय है। राजभर के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज और पोस्टमार्टम रिपोर्ट स्पष्ट कर रही है कि किशोरी ने गंगा में कूदकर अपनी जान दी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव 'खाता न बही, जो वो कहें वही सही' वाली नीति पर चल रहे हैं। सपा के शासनकाल पर हमला बोलते हुए राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में 1000 से ज्यादा दंगे हुए और मुजफ्फरनगर जल रहा था।

## गुरुग्राम में सवारियों से भरी सिटी बस में अचानक आग लगने से मचा हड़कंप

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा बच गया। रविवार दोपहर करीब दो



बजे मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से मारुति कुंज की तरफ जा रही गुरुगमन सिटी बस में अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने सूझबूझ से काम लेते हुए बस को रोका और फौरन सभी सवारियों को उतारा। हादसे में बस पूरी तरह जल गई, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित बच गए। घटना सेक्टर 51 की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस मारुति कुंज की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पिछले हिस्से में इंजन से धुआं उठा। इसे देखते ही बस ड्राइवर ने सेक्टर 51 महिला थाना के पास ही सड़क किनारे बस रोक दी। सभी सवारियों को तुरंत बाहर निकाला गया। देखते ही देखते बस आग का गोला बन गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

## जनाक्रोश महिला सम्मेलन : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आएंगे वाराणसी

**वाराणसी , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का 54वां दौरा होने जा रहा है। यह दौरा कई मायनों में खास बनने जा रहा है। दौरे के केंद्र बिंदु में नारी शक्ति वंदन अधिनियम है। बरेका इंटर कॉलेज में आयोजित जनाक्रोश महिला सम्मेलन में मंच से दर्शक दीर्घा तक में सिर्फ महिलाओं की भागीदारी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के अलावा सभी महिलाएं मंच साझा करेंगी। अन्य पुरुष जनप्रतिनिधियों और नेताओं को वीआईपी गैलरी में बैठाया जाएगा।

भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री का काशी दौरा मातृशक्ति को समर्पित होगा। सम्मेलन स्थल पर हर वर्ग की महिलाओं की मौजूदगी का प्रयास जारी है। व्यवस्था में जुटे कार्यकर्ताओं को छोड़ किसी पुरुष की कार्यक्रम एंट्री नहीं होगी। प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और 25 महिला जनप्रतिनिधि मंच पर मौजूद रहेंगी। इनमें प्रधान, पार्षद,



सभासद, जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्य शामिल होंगी। कई पूर्व महिला जनप्रतिनिधियों को भी मौका मिल सकता है। क्षेत्रीय अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा करने वाली महिलाओं का चयन शुरू दिया है। आयोजकों का दावा है कि प्रधानमंत्री का 54वां काशी दौरा सरकार के प्रति महिला समर्थन और विपक्ष के खिलाफ आक्रोश का व्यापक मंच बनेगा।

कार्यक्रम स्थल पर लाइजनिंग से मंच तक की कमान महिला कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों के हाथों में होगी। कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था महिला पुलिस अधिकारियों को सौंपी गई है। वाराणसी के अलावा आसपास के जिलों की पुलिस फोर्स बुलाई गई है।

गुलाब बाग (सिगरा) स्थित कार्यालय में रविवार को महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने पार्षदों और पूर्व पार्षदों की बैठक की। कहा कि जनाक्रोश महिला सम्मेलन में हर पार्षद अपने वार्ड से सौ महिलाएं लेकर पहुंचे। महापौर अशोक तिवारी ने कहा कि हमारी पहचान संगठन से है। हमें उसकी अपेक्षा पर खरा उतरना होगा।

रोहनियां स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने रविवार को पदाधिकारियों की बैठक की। इसमें जनाक्रोश महिला सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया।

# पंत की रणनीति पर उठे सवाल, नरेन के सामने पूरन को भेजकर की भारी भूल



## सुपरओवर में कोलकाता नाइट राइडर्स को तोहफे में दी जीत

**लखनऊ, एजेंसी।** आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपरजाएंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया मुकाबला क्रिकेट फैंस के लिए किसी थ्रिलर से कम नहीं था। मैच आखिरी गेंद तक गया, जहां मोहम्मद शमी के छक्के ने स्कोर बराबर कर दिया और मुकाबला सुपर ओवर में पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद जो हुआ, उसने लखनऊ की रणनीति और कप्तानी दोनों पर सवाल खड़े कर दिए।

### रिंकू सिंह और नरेन ने पलटा पूरा खेल

रिंकू सिंह ने नाबाद 83 रन की शानदार पारी खेलकर केकेआर को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। वहीं सुपर ओवर में सुनील नरेन ने घातक गेंदबाजी करते हुए सिर्फ एक रन देकर दो विकेट झटके। नतीज- एलएसजी सिर्फ एक रन बना सकी, जो आईपीएल इतिहास का सबसे कम सुपर ओवर स्कोर बन गया। इसके जवाब में केकेआर ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

### बड़ा सवाल- पूरन को क्यों भेजा गया?

सुपर ओवर में लखनऊ ने निकोलस पूरन और एडेन मार्करम को बल्लेबाजी के लिए भेजा। यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि टीम के पास ऋषभ पंत, मिचेल मार्श और मुकुल चौधरी जैसे विकल्प मौजूद थे। पूरन उस मैच में पहले ही नौ रन बनाकर आउट हो चुके थे और पूरे सीजन में उनका फॉर्म बेहद खराब रहा है। वह आईपीएल 2026 में अब तक आठ मैचों में सिर्फ 82 रन बना सके हैं।

### कहानी बद से बदतर हो गई

जब 12 साल पहले सुपर ओवर में पूरन और नरेन आमने-सामने आए थे, तब भी नतीजा लगभग ऐसा ही रहा था। पूरन पहली चार गेंदों पर कोई शॉट ठीक से कनेक्ट नहीं कर पाए थे और पांचवीं गेंद पर लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट हो गए थे। इस बार भी कहानी नहीं बदली, बल्कि और खराब हो गई। सुपर ओवर की पहली ही गेंद पर नरेन ने पूरन को बोल्ड कर दिया, जिससे लखनऊ की उम्मीदें शुरुआत में ही खत्म हो गईं।

#### टी20 सुपर ओवर में पूरन VS नरेन

| | |
|---|---|
| कैरिबियाई लीग 2014 | 0 रन (5 गेंद) |
| कैरिबियाई लीग 2021 | 1 रन (2 गेंद) |
| आईपीएल 2026 | 0 रन (1 गेंद) |
| कुल | 1 रन, 2 बार आउट |

### आंकड़े क्या कहते हैं?

अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो यह फैसला और भी हैरान करता है, क्योंकि सुपर ओवर में पूरन का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। उन्होंने सुपरओवर में कुल 10 गेंदों में सिर्फ एक रन बनाए हैं। वह पांच बार आउट हो चुके हैं। इतना ही नहीं, सुनील नरेन के खिलाफ सुपर ओवर में आठ गेंदों पर वह सिर्फ एक रन ही बना सके हैं। यानी जिस बल्लेबाज को सबसे अहम मौके पर भेजा गया, उसके आंकड़े इस फैसले के बिल्कुल खिलाफ थे।

### नंबर झूठ नहीं बोलते

कोच लैंगर ने भले ही पूरन पर भरोसा जताया हो, लेकिन आंकड़े इस फैसले के बिल्कुल उलट कहानी बताते हैं, खासतौर पर जब सामने गेंदबाज नरेन हों। ये आंकड़े साफ दिखाते हैं कि सुपर ओवर जैसे हाई-प्रेशर मोमेंट में पूरन का रिकॉर्ड नरेन के खिलाफ बेहद कमजोर रहा है। ऐसे में उन्हें सबसे पहले बल्लेबाजी के लिए भेजना एक बड़ा जोखिम था, जो आखिरकार लखनऊ टीम पर भारी पड़ गया।एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के निशाने पर आ गए। फैंस का कहना था कि पंत को पूरन और नरेन के पुराने रिकॉर्ड की जानकारी होनी चाहिए थी। कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि इतने बड़े मैच में ऐसा जोखिम भरा फैसला क्यों लिया गया। कुछ फैंस का मानना था कि पंत खुद या मिचेल मार्श या फिर मुकुल चौधरी को पहले भेजना चाहिए था, जिससे टीम को बेहतर शुरुआत मिल सकती थी।



# मैड्रिड ओपनः अस्वस्थ होने के बावजूद कोको गॉफ ने चौथे दौर में बनाई जगह

**काजा मैजिका।** मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अमेरिका की स्टार खिलाड़ी Coco Gauff ने शानदार जज्बा दिखाते हुए बीमारी के बावजूद चौथे दौर में जगह बना ली। मैच के दौरान असहज महसूस करने और कोर्ट पर उल्टी करने के बावजूद गॉफ ने हार नहीं मानी और मुकाबला जीत लिया। पिछले साल फाइनल तक पहुंचने वाली गॉफ ने के खिलाफ पहला सेट 4-6 से गंवा दिया था। लेकिन इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए 7-5, 6-1 से मैच अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट के दौरान गॉफ को अचानक अस्वस्थता महसूस हुई और उन्होंने कोर्ट पर उल्टी कर दी, जिससे वह कुछ समय के लिए परेशान नजर आईं।मैच के बाद गॉफ ने कहा, 'जब मैने कोर्ट पर उल्टी की, तो मुझे बिल्कुल अच्छा नहीं लग रहा था। मुझे ऐसा लगा जैसे मेरी सारी ऊर्जा खत्म हो गई हो।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मैच से हटना पसंद नहीं करती। जब तक मुझे लगता है कि मेरे पास खेलने का मौका है, मैं मैदान नहीं छोड़ती।' इससे पहले दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ीSwiatek भी अज्ञात बीमारी के कारण अपना मैच बीच में छोड़ने पर मजबूर हो गई थीं।

# रघुवंशी आउट भी हुए और अब जुर्माना भी देना होगा!



**लखनऊ।** आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद केकेआर के युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उन्हें मैच के दौरान गुस्से में किए गए व्यवहार के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

### 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' पर आउट होने के बाद भड़के

यह घटना मैच के पांचवें ओवर में हुई, जब रघुवंशी को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' के तहत आउट दिया गया। इस फैसले के बाद वह अपना आपा खो बैठे और गुस्से में आकर उन्होंने बैट से बाउंड्री कुशन पर मारा। इतना ही नहीं, उन्होंने अपना हेलमेट भी डगआउट की ओर फेंक दिया, जो आईपीएल के आचार संहिता के खिलाफ है।

### आईपीएल ने सुनाई सजा

आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'अंगकृष रघुवंशी, कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज और विकेटकीपर, पर मैच नंबर 38 में आचार संहिता के लेवल-एक के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट प्वाइंट भी दिया गया है।' आगे बताया गया कि उन्होंने आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन किया, जो मैच के दौरान उपकरण या मैदान से जुड़े सामान के दुरुपयोग से संबंधित है। रघुवंशी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी के फैसले को मान लिया है। आईपीएल नियमों के अनुसार, लेवल-एक के उल्लंघन में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है। लखनऊ के खिलाफ यह मैच केकेआर ने सुपर ओवर में जीता था, लेकिन इस जीत के बीच रघुवंशी का यह व्यवहार चर्चा का विषय बन गया।

# शेवरोन चैंपियनशिप जीतकर नेली कोर्डा बनीं दुनिया की नंबर-1 महिला गोल्फर



**टेक्सास।** अमेरिका की स्टार गोल्फर नेली कोर्डा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शेवरोन चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस जीत के साथ ही वह एक बार फिर महिला विश्व रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर पहुंच गई हैं।27 वर्षीय कोर्डा ने टूर्नामेंट के चौथे और अंतिम दौर में 2 अंडर 70 का स्कोर बनाया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में लगातार शानदार खेल दिखाया और कुल 18 अंडर 270 के स्कोर के साथ पांच शॉट से जीत दर्ज की। इस जीत के दौरान कोर्डा ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी और किसी भी प्रतिद्वंद्वी को वापसी का मौका नहीं दिया।यह कोर्डा के करियर का तीसरा मेजर खिताब है। इसके अलावा यह उनकी एलपीजीए टूर पर 17वीं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 21वीं जीत रही। उनका यह प्रदर्शन उनकी निरंतरता और बड़े टूर्नामेंट में दबाव संभालने की क्षमता को दर्शाता है।इस जीत के साथ कोर्डा अगस्त के बाद पहली बार महिला गोल्फ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रही हैं। उनकी यह उपलब्धि उन्हें मौजूदा समय की सबसे बेहतरीन महिला गोल्फरों में एक बार फिर स्थापित करती है।कोर्डा ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी बढ़त को बरकरार रखा। खास बात यह रही कि कोई भी खिलाड़ी उनके स्कोर के करीब नहीं पहुंच सका, जिससे उनकी जीत एकतरफा नजर आई।

# टॉप 4 कप्तानः सहवाग और जहीर की अलग-अगल पसंद

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बेहतरीन नेतृत्व दिखाया है। टीम ने अपने पहले सात मैचों में छह जीत और एक 'नो रिजल्ट' के साथ शानदार शुरुआत की है। अय्यर आईपीएल इतिहास के पहले कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने सीजन के शुरुआती सात मैचों में हार का सामना नहीं किया।

**सहवाग ने दी परफेक्ट रेटिंग** – पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग अय्यर की कप्तानी से काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने अय्यर को पूरे 10 में 10 अंक दिए। वहीं, पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने थोड़ा अलग नजरिया पेश किया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'सख्त टीचर ने तो पूरे नंबर दे दिए, लेकिन उदार टीचर ने नहीं।' इस पर सहवाग ने भी चुटकी लेते हुए कहा कि शायद जहीर ने पिछले सीजन के फाइनल में मिली हार (पंजाब की बेंगलुरु से हार) के कारण अंक काटे होंगे। जहीर खान ने अय्यर की कप्तानी को सराहा जरूर, लेकिन उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार की लीडरशिप को उनसे आगे बताया। उन्होंने कहा कि भले ही पंजाब किंग्स अंक तालिका में शीर्ष पर है, लेकिन सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती है।

**ईशान की कप्तानी की भी तारीफ** – जहीर खान ने सनराइजर्स हैदराबाद के स्टैंड-इन कप्तान ईशान किशन की भी सराहना की। उन्होंने कहा, 'शुरुआत में उन्होंने पैट कमिंस के लीडरशिप स्टाइल को फॉलो किया, लेकिन कुछ मैचों के बाद उन्होंने अपना खुद का तरीका अपनाया और टीम मैनेजमेंट को बदलाव के लिए राजी किया।'

**पॉइंट्स टेबल में पंजाब टॉप पर** – फिलहाल पंजाब किंग्स 14 में से 13 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स 10-10 अंकों के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। आईपीएल में अब प्लेऑफ की जंग रोमांचक हो चली है।

24 मई को लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले खेले जाएंगे। हालांकि, बीसीसीआई ने अब तक नॉकआउट चरण का शेड्यूल नहीं जारी किया है।



# स्पैनिश फुटबॉलः गोलकीपर ने विरोधी खिलाड़ी को मुक्का मारा, जमकर मारपीट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेन की सेगुंडा डिविजन में रियल जारगोजा और एसडी ह्यूएस्का के बीच खेले गए मुकाबले में उस समय बड़ा बवाल मच गया जब गोलकीपर एस्तेबान आंद्रादा ने विरोधी खिलाड़ी को मुक्का मार दिया। यह मैच पहले से ही रेलेगेशन की लड़ाई के कारण तनावपूर्ण था।

मैच के इंजरी टाइम में आंद्रादा को दूसरे पीले कार्ड के कारण रेड कार्ड दिखाया गया। उन्होंने ह्यूएस्का के एक खिलाड़ी को धक्का दिया था, जिसके बाद रेफरी ने उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया। लेकिन इसके बाद मामला और बिगड़ गया। रेड कार्ड मिलने के कुछ ही पलों बाद आंद्रादा ने दौड़कर जॉर्जे पुलिदो के चेहरे पर मुक्का जड़ दिया।

इस घटना के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई शुरू हो गई और मैदान पूरी तरह से जंग का मैदान बन गया। इस दौरान दानी जिमिनेज और दानी तासेंदे को भी रेड कार्ड दिखाया गया। अरागोनीज डर्बी के नाम से मशहूर इस मुकाबले में खिलाड़ियों का गुस्सा साफ दिखाई दिया।

इस पूरे विवाद के बीच मैच का नतीजा कहीं पीछे छूट गया। ऑस्कर सिएल्वा के पेनल्टी गोल की बदौलत ह्यूएस्का ने 1-0 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ उन्होंने पॉइंट्स टेबल में जरागोजा को पीछे छोड़ दिया, हालांकि दोनों टीमें अभी भी रेलेगेशन जोन में हैं।

मैच के बाद आंद्रादा ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा, 'मैं अपना ध्यान खो बैठा था और जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था। मैं इसके लिए माफी मांगता हूं और जो भी सजा मिलेगी, उसे स्वीकार करूंगा।'

रियल जरागोजा क्लब ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की। क्लब ने अपने बयान में कहा, 'हमने ऐसे दृश्य देखे जो इस खेल के अनुरूप नहीं हैं और कभी नहीं होने चाहिए थे। ये घटनाएं हमारे क्लब और हमारे फैंस के मूल्यों को नहीं दर्शातीं। हम कई लोगों, खासकर बच्चों के लिए आदर्श हैं, इसलिए ऐसी तस्वीरें कभी सामने नहीं आनी चाहिए थीं।'

# पीएसएल के प्लेऑफ में दो विदेशी और दो पाक कप्तान! फाइनल में पहुंचने की जंग

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान सुपर लीग 2026 धीरे-धीरे अपने अंजाम तक पहुंच रहा है। लीग की चार प्लेऑफ की टीमें तय हो चुकी हैं। इस बार पीएसएल के प्लेऑफ में पहुंचने वाली चार टीमों में से दो के कप्तान विदेशी हैं, जबकि दो के कप्तान पाकिस्तानी हैं। हालांकि, इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मार्नस लाबुशेन की कप्तानी वाली टीम भी प्लेऑफ में पहुंच गई है। लाबुशेन टेस्ट और वनडे के खिलाड़ी माने जाते हैं। इसके अलावा तीन अन्य कप्तान हैं- बाबर आजम, शादाब खान और एश्टन टर्नर। टर्नर और लाबुशेन ऑस्ट्रेलियाई हैं।



बाबर आजम की कप्तानी वाली पेशावर जाल्मी टीम 10 मैचों में आठ जीत और एक हार के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर रही। एक मैच बेनतीजा रहा और अंक 17 रहे। दूसरे स्थान पर शादाब खान की अगुआई वाली इस्लाम बाद यूनाइटेड की टीम रही। उसने 10 मैचों में से छह मैच जीते और तीन में हार का सामना करना पड़ा। एक मैच बेनतीजा रहा। टीम के पास 13 अंक हैं। तीसरे स्थान पर एश्टन टर्नर की अगुआई वाली मुल्तान सुल्तांस की टीम रही। उसने 10 मैचों में से छह मैच जीते और चार गंवाए। टीम के अंक 12 रहे। चौथे स्थान पर मार्नस लाबुशेन की अगुआई वाली हैदराबाद किंग्स की टीम रही। उसने 10 में से पांच मैच जीते और पांच में उन्हें हार मिली। 10 अंक के साथ टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया। शाहीन अफरीदी की अगुआई वाली लाहौर कलंदर्स पांचवें, डेविड वॉर्नर की अगुआई वाली कराची किंग्स छठे, सऊद शकील की अगुआई वाली क्वेटा ग्लैडिएटर्स सातवें और मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली रावलपिंडीज टीम आठवें स्थान पर रही। सलमान आगा को कप्तानी नहीं दी गई थी। वह वॉर्नर की अगुआई वाली कराची किंग्स टीम में शामिल थे। हालांकि, प्लेऑफ में अपनी टीम को नहीं पहुंचा सके। पाकिस्तान के बड़े-बड़े तोप प्लेऑफ की रेस में ढेर हो गए और लाबुशेन अपनी टीम को आगे ले जाने में कामयाब रहे। पाकिस्तान के बड़े खिलाड़ियों में, जिन्हें प्लेऑफ में खेलते नहीं देख सकेंगे, उनमें अबरार अहमद, उस्मान तारिक (दोनों क्वेटा ग्लैडिएटर्स), मोहम्मद आमिर, नसीम शाह (दोनों रावलपिंडीज), फखर जमां, अब्दुल्लाह शफीद, आसिफ अली, हारिस रऊफ (चारों लाहौर कलंदर्स), खुशदिल शाह, हसन अली, आजम खान और अब्बास अफरीदी (चारों कराची किंग्स) शामिल हैं।

### प्लेऑफ में किसका किससे मुकाबला?

पाकिस्तान सुपर लीग में प्लेऑफ स्टेज की शुरुआत 28 अप्रैल से होगी। 28 अप्रैल को क्वालिफायर-1 खेला जाएगा। वहीं, 29 अप्रैल को मुल्तान सुल्तांस और हैदराबाद किंग्समेन के बीच एलिमिनेटर-1 खेला जाएगा। क्वालिफायर-1 में बाबर की पेशावर जाल्मी का सामना शादाब की इस्लामाबाद यूनाइटेड से होगा। इसमें जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में जाएगी, जबकि हारने वाली टीम एलिमिनेटर-2 खेलेगी। एलिमिनेटर-1 में तीसरे स्थान पर रहने वाली मुल्तान और चौथे स्थान पर रहने वाली हैदराबाद खेलेगी। इसमें जीतने वाली टीम क्वालिफायर-1 हारने वाली टीम के साथ एलिमिनेटर-2 खेलेगी। वहीं, हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी। एलिमिनेटर-2 एक मई को खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला तीन मई को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होगा। सिर्फ क्वालिफायर-1 कराची में होगा, वरना प्लेऑफ के बाकी सारे मुकाबले लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होंगे।

पाकिस्तान सुपर लीग का यह 11वां संस्करण है। अब तक छह अलग-अलग टीमों ने खिताब जीते हैं। इस्लामाबाद यूनाइटेड ने 2016, 2018 और 2024 में कुल मिलाकर तीन बार खिताब जीता है। वहीं, लाहौर कलंदर्स ने भी 2022, 2023 और 2025 में कुल मिलाकर तीन बार खिताब पर कब्जा जमाया। मुल्तान सुल्तांस (2021), पेशावर जाल्मी (2017), क्वेटा ग्लैडिएटर्स (2019) और कराची किंग्स (2020) ने एक-एक बार खिताब जीता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# बिहार के कई जिलों में पहले चरण की रफ्तार तेज, सेल्फ-एन्यूमरेशन और HLB डिमार्केशन में प्रगति

**जनगणना 2027**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। बिहार में जनगणना 2027 के पहले चरण को लेकर तैयारियां और कार्यान्वयन दोनों ही तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। 'सेल्फ-एन्यूमरेशन' (Self Enumeration) और 'हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (HLB) डिमार्केशन' के तहत कई जिलों ने पिछले सप्ताह उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। कुछ जिलों ने HLB डिमार्केशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, तो कई जिलों ने सेल्फ-एन्यूमरेशन में भी संतोषजनक उपलब्धि हासिल कर प्रशासन का ध्यान खींचा है।

**मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक, रणनीति पर जोरः** राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल 2026 को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में सभी जिलाधिकारियों और प्रधान जनगणना पदाधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में जनगणना निदेशक रंजीता समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पहले चरण के कार्यों की प्रगति, चुनौतियों और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

**CMMS पोर्टल से होगा कार्यों का आवंटनः** बैठक में निर्देश दिया गया कि चार्ज अधिकारी CMMS पोर्टल के माध्यम से हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स (HLB) का आवंटन पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को समय पर सुनिश्चित करें। अधिकारियों को यह भी कहा गया कि तकनीकी माध्यमों का अधिकतम उपयोग कर कार्यों को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

**2 मई से 31 मई तक चलेगा पहला चरणः** जनगणना 2027 का पहला चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान राज्यभर में घर-घर जाकर मकानों और परिवारों से संबंधित बुनियादी जानकारी एकत्र की जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि यह कार्य पूरी गुणवत्ता और सटीकता के साथ समय पर पूरा हो।



**विसंगतियों पर तुरंत सुधार के निर्देशः** बैठक में स्पष्ट किया गया कि यदि किसी भी स्तर पर डेटा में त्रुटि या विसंगति पाई जाती है, तो उसका तत्काल सुधार करना संबंधित चार्ज अधिकारी की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए पर्यवेक्षकों को मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) करना अनिवार्य किया गया है।

**डिजिटल जनगणना पर विशेष जोरः** इस बार जनगणना को पूरी तरह डिजिटल स्वरूप में लागू किया जा रहा है, जिससे डेटा संग्रहण, निगरानी और विश्लेषण पहले की तुलना में अधिक तेज और सटीक होगा। सेल्फ-एन्यूमरेशन के माध्यम से नागरिकों को खुद अपनी जानकारी दर्ज करने का विकल्प भी दिया गया है, जिससे प्रक्रिया और अधिक सुगम बन रही है।

**लक्ष्य—सटीक और समयबद्ध जनगणनाः** प्रशासन ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनगणना के पहले चरण को सफल बनाएं। अधिकारियों का मानना है कि सही और सटीक आंकड़े ही भविष्य की सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की नींव होते हैं, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है, जिसके आधार पर विकास योजनाओं की रूपरेखा तय होती है। ऐसे में बिहार में इसकी प्रगति पर राज्य स्तर से लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि हर स्तर पर गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### दानापुर–बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन की अवधि बढ़ी, यात्रियों को मिली बड़ी राहत

**हाजीपुर**। बढ़ती यात्री भीड़ को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने दानापुर और बेंगलुरु के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार कर दिया है। इस फैसले से बिहार और दक्षिण भारत के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे के अनुसार, दानापुर–एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन अब विस्तारित अवधि के साथ दानापुर से 31 मई 2026 तक प्रतिदिन चलाई जाएगी, जबकि बेंगलुरु से यह ट्रेन 2 जून 2026 तक परिचालित रहेगी। पहले निर्धारित अवधि समाप्त होने वाली थी, लेकिन गर्मी के मौसम और छुट्टियों के कारण यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए इसे आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन की समय-सारणी के अनुसार, गाड़ी संख्या 03251 दानापुर से दोपहर 3 बजे प्रस्थान करती है और विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए तीसरे दिन दोपहर 2:30 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु रेलवे स्टेशन पहुंचती है। वहीं, वापसी में गाड़ी संख्या 03252 बेंगलुरु से रात 11:50 बजे खुलती है और तीसरे दिन रात 11:55 बजे दानापुर रेलवे स्टेशन पहुंचती है। यह ट्रेन अपने मार्ग में आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, सतना, जबलपुर सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकते हुए यात्रियों को सुविधा प्रदान करती है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस रूट पर छात्र, नौकरीपेशा और प्रवासी लोगों की आवाजाही काफी अधिक रहती है। ऐसे में स्पेशल ट्रेन की अवधि बढ़ाने से यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी और सफर अधिक सुगम हो सकेगा।

### 'मैं मर रही हूं, पति को भी जिंदगी भर तड़पाना'

**हाजीपुर**। 'मां, मैं मर रही हूं। तुम मयंक राज को ऐसी सजा दिलाना कि वो कभी दोबारा शादी न कर पाए। जैसे मैं तड़प-तड़प कर मर रही हूं, वैसे ही वो भी जिंदगी भर तड़पता रहे।' मरने से पहले ये बातें नेहा कुमारी (23) ने अपनी मां को भेजे वॉइस नोट में कही थी। नेहा ने मायके में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। महिला ने मरने से पहले अपने पति और मां को वॉइस ऑडियो भेजा। नेहा की शादी 24 नवंबर 2025 को महुआ थाना क्षेत्र के भदवास तरौरा गांव निवासी लालबाबू राय के बेटे मयंक राज से हुई थी। मयंक पटना सचिवालय में ग्राम विकास परियोजना में कार्यरत है। घटना महुआ थाना क्षेत्र की है। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही नेहा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। लगातार दबाव, अपमान और तनाव के कारण उसने आत्महत्या कर ली। नेहा के भाई निखिल कुमार ने बताया, 'हमने 5 महीने पहले नेहा की शादी पूरे रीति-रिवाज से की थी। परिवार ने अपनी क्षमता के मुताबिक शादी में खर्च किया था। हमने सोना-चांदी और घर के सामान भी दिए थे। हमें उम्मीद थी कि बहन पढ़े-लिखे परिवार में जाएगी तो सुखी से रहेगी। शादी के 3 महीने तक नेहा-मयंक के बीच सब कुछ ठीक चल रहा था। तीन महीने बाद जब मयंक पटना से छुट्टी लेकर वैशाली आया, तब नेहा ने इच्छा जताई कि इस बार वह भी उसके साथ पटना जाएगी। इस पर मयंक ने कहा कि तुम यहीं रहो और मेरे घरवालों का ध्यान रखो, मैं छुट्टी लेकर घर आता रहूंगा और तुमसे मिलता रहूंगा।' परिवार का आरोप है कि एक महीने पहले मार्च से हालात बदलने लगे थे। पिछले करीब चार सप्ताह से नेहा को ससुराल पक्ष के लोग लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। बार-बार दहेज और गहनों की मांग की जा रही थी। मृतका के भाई ने बताया कि 23 अप्रैल को मयंक राज खुद नेहा को मायके छोड़कर गया था। उस समय जब परिवार वालों ने नेहा से पूछा कि क्या पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ है, तो उसने कहा कि कोई बड़ी बात नहीं है, बस छोटी सी लड़ाई हुई है। नेहा ने परिवार को यह भी बताया था कि ससुराल पक्ष की ओर से पैसों की मांग की जा रही है। इस पर भाई ने कहा था कि वह मयंक से बात करेगा, लेकिन नेहा ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। उसने कहा कि बात बढ़ाने की जरूरत नहीं है।

### महिला का शव फंदे से लटका मिला, किराए के मकान में रहती थी, बेटी को खेलने के लिए बाहर भेजा

**हाजीपुर**। वैशाली के हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के अंदरकिला कुशवाहा चौक स्थित एक किराए के मकान में एक महिला का शव पंखे से लटका मिला। सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतका की पहचान मध्य प्रदेश निवासी अजय उपाध्याय की पत्नी सुनैना कुमारी (30) के रूप में हुई है। उसके पास मिले आधार कार्ड पर बिदुपुर थाना क्षेत्र के काशीनाथ सिंह की पुत्री सुनैना कुमारी लिखा था। सुनैना पिछले कई वर्षों से अपनी 2 साल की बेटी के साथ कुशवाहा चौक पर किराए के मकान में रह रही थी। उसका पति अजय उपाध्याय मध्य प्रदेश में एक दवा कंपनी में कार्यरत है। बताया जा रहा है कि अजय उपाध्याय ने भागकर सुनैना कुमारी से शादी की थी। मृतका की मां से जब दैनिक भास्कर की टीम ने बात कि तो उन्होंने कहा, 'मुझे मेरी बेटी से कोई मतलब नहीं है।' रविवार शाम करीब चार बजे सुनैना ने अपनी बेटी को खेलने के लिए बाहर भेज दिया था। जब बेटी वापस लौटी, तो उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। बच्ची के बार-बार आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला। बगल के किराएदार ने भी दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद किराएदार ने मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा। अंदर महिला का शव पंखे से लटका मिला। पुलिस ने मामले की छानबीन के बाद एफएसएल टीम को बुलाया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और कुछ नमूने एकत्र किए। मृतका के पास मिले मोबाइल से उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई। नगर प्रभारी थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है और मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

### वैशाली पुलिस ने साइबर फ्रॉड गैंग का खुलासा किया, नकली आधार कार्ड और सरकारी स्कीम में सेंधमारी

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह नकली आधार कार्ड बनाने और सरकारी योजनाओं में सेंधमारी करने में शामिल था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह मुजफ्फरपुर के एक युवक द्वारा ग्राहक सेवा केंद्र (CSP) की आड़ में संचालित किया जा रहा था। एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि मुजफ्फरपुर निवासी धर्मेंद्र पंडित इस गिरोह का मास्टरमाइंड है। वह लंबे समय से यह अवैध धंधा चला रहा था। पुलिस ने यह भी बताया कि इस गिरोह की गतिविधियों से राष्ट्रीय सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न हो रहा था। गिरोह अपराधियों और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों को नकली आधार कार्ड बनाकर सप्लाई करता था। धर्मेंद्र ने गिरफ्तार किए गए अन्य दो युवकों को फिंगरप्रिंट क्लोन करने और नकली आधार कार्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया था, जिन्हें देश के अन्य राज्यों में भी भेजा जाता था। पुलिस ने बेलसर थाना क्षेत्र के बीबीपुर चौक स्थित एयरटेल पेमेंट बैंक के आउटलेट पर छापा मारा। मौके से मिनी एटीएम मशीन, फिंगरप्रिंट मशीन, क्लोन फिंगरप्रिंट, 30 से अधिक आधार कार्ड, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, लैपटॉप, कैमरा और बायोमेट्रिक उपकरण सहित भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया। गिरोह के पास से भारी मात्रा में प्रिंटर और अन्य उपकरण भी बरामद किए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

### गंडक नदी में डूबे 2 बच्चे, मौत

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तगौल घाट पर गंडक नदी में नहाने के दौरान 2 किशोरों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे हुई। सूचना मिलते ही इलाके में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतकों की पहचान नगर थाना के बागमली निवासी अजय राय का बेटा रवि कुमार (12) और मुजफ्फरपुर जिले के तुर्की थाना के धरमुहा गांव निवासी (वर्तमान पता कृष्णपुरी बागमली) राणा सिंह के बेटे अंश कुमार उर्फ भोला (11) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, अंश कुमार साइकिल से गेहूं पिसाने के लिए घर से निकला था। गेहूं मिल में रखने के बाद वह रवि कुमार के साथ तगौल घाट स्थित गंडक नदी किनारे गया, जहां दोनों नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गए। मौके पर गंडक नदी में स्नान कर रही महिलाओं ने शोर मचाया। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने दोनों किशोरों के नदी किनारे रखे चप्पल और नदी में खड़ी साइकिल की तस्वीरें खींचकर सोशल मीडिया पर साझा कर दीं।

## बिहटा के रामतरी में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज, पटना ने सोमवार को बिहटा प्रखंड के रामतरी गांव में एक वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में महिलाओं सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजनों को डीईए फंड और विभिन्न बैंकिंग योजनाओं का लाभ पहुंचाना था। इसका लक्ष्य 'हर नागरिक तक बीमा, हर जीवन सुरक्षित' के विजन को साकार करना है।



प्रशिक्षक और क्षेत्र समन्वयक बबलू कुमार ने बताया कि भारत तेजी से बढ़ते बीमा कवरेज के साथ सामाजिक सुरक्षा को मजबूत कर रहा है। उन्होंने विजन 2047 के तहत प्रत्येक नागरिक को बीमा से जोड़ने पर जोर दिया। भारत वर्तमान में विश्व का 10वां सबसे बड़ा बीमा बाजार है और अनुमान है कि वर्ष 2032 तक यह 6वां सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। बढ़ता प्रीमियम, करोड़ों पॉलिसियां और लाखों करोड़ के क्लेम एक विश्वसनीय बीमा तंत्र का संकेत देते हैं।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 26.88 करोड़ से अधिक और अटल पेंशन योजना में 9 करोड़ से अधिक लोगों का नामांकन दर्शाता है कि देश विकसित भारत 2047 की दिशा में अग्रसर है। प्रशिक्षण के दौरान आमजनों को अपनी उम्र के अनुसार विभिन्न बीमा और पेंशन योजनाओं से जुड़ने की सलाह दी गई।

## होटल कारोबारी को गोली मारने वाले युवक को मिली बेल, कस्टम अधिकारी का बेटा है

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। 16 फरवरी की देर रात बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहिनी मोड़ के पास वर्चस्व की लड़ाई में दो गुट आपस में भिड़ गए थे। घटना में शामिल कस्टम अधिकारी के बेटे प्रिंस को पटना हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है। प्रिंस ने एंटीसिपेटरी बेल फाइल की थी। प्रिंस को बेल मिलने के बाद उसके दूसरे साथी निशु मोहित और भोलू नेवी एंटीसिपेटरी बैल फाइल की है। जिस पर पटना हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

बताया गया कि लड़ाई से पहले सभी ने बोरिंग रोड पार्किंग में मोहित नाम के युवक का बर्थडे सेलिब्रेट किया था। इस पार्टी में सभी ने केक काटने के बाद जमकर शराब पी थी। इसी दौरान किसी बात पर विवाद हुआ और मोहिनी मोड पहुंचते ही मारपीट और फायरिंग होने लगी। तकरीबन सात राउंड से अधिक फायरिंग हुई।



**7.65 एमएम के 7 खोखे मिले थेः** पुलिस ने घटना के बाद मौके से 7.65 एमएम के 7 खोखे बरामद किए थे। इसी विवाद के दौरान पूर्वी चंपारण छतौनी का रहने वाला होटल कारोबारी विकास गोली लगने से घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने एक अपने बयान और एक घायल विकास के बयान पर दो FIR दर्ज की। घटना के बाद प्रिंस, भोलू, निशु, मोहित, एंथोनी, दीपक, छोटू का नाम सामने आया। इन लोगों की गिरफ्तारी के लिए पटना पुलिस लगातार दबिश देती रही। यहां तक उनकी घरों पर इश्तहार भी चश्पा किया गया। हालांकि कोशिश के बावजूद भी पुलिस पिछले 2 महीने मैं आरोपियों को पकड़ने में विफल रह गई।

♦ बाकी 3 आरोपियों ने भी फाइल की एंटीसिपेटरी बेल

**कोर्ट ने मांगा एविडेंसः** कोर्ट में इस घटना से संबंधित एविडेंस पुलिस से मांगा है। अगली सुनवाई पर केस के इन्वेस्टिगेशन पदाधिकारी को तलब किया गया है। घटना के बाद एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। जिसे पुलिस पुख्ते एविडेंस के तौर पर मानकर चल रही है। कोर्ट के सामने पुलिस की ओर से यह सीसीटीवी फुटेज एविडेंस के तौर पर दिया जा सकता है।

## बाढ़ में सोते हुए भाई के पेट में मारा चाकू, पहले से चल रहा था विवाद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के सिकंदरा गांव में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पहले से चले आ रहे विवाद को लेकर बड़े भाई ने सो रहे छोटे भाई पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना सोमवार सुबह हुई, जहां आरोपी रविंद्र राय ने अपने छोटे भाई मनीष कुमार के पेट पर चाकू से वार किया। हमले के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों ने घायल मनीष कुमार को फौरन अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ ले जाकर भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज जारी है।

**पहले से चल रहा था विवादः** घायल मनीष कुमार ने बताया कि, पुराने विवाद को लेकर उसका भाई पहले से नाराज था। सोमवार सुबह वह सो रहा था, तभी रविंद्र राय ने उस पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, दोनों भाइयों के बीच पिछले एक दिन से विवाद चल रहा था, जो सुबह हिंसा में बदल गया।

**पुलिस जांच में जुटी, आरोपी फरारः** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बाढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर अमरनाथ सिंह ने बताया कि, उन्हें दो भाइयों के बीच



**आरोपी बड़ा भाई फरार, तलाश जारी**

मारपीट और चाकूबाजी की सूचना मिली थी। घायल का इलाज करवाया जा रहा है और मामले की जांच जारी है। फिलहाल आरोपी रविंद्र राय फरार है।

**इलाके में बढ़ रहीं आपराधिक घटनाएंः** इन दिनों बाढ़ क्षेत्र में हाल के दिनों में आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। हाल ही में राणाबीघा गांव में भी चाकूबाजी की घटना सामने आई थी, जिसके बाद अब सिकंदरा गांव में यह वारदात हुई है। लगातार हो रही घटनाओं से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है।

## आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल में 'फूड डे' का आयोजन, बच्चों ने सीखे फलों के लाभ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**दानापुर**। स्थित आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को "फूड डे" बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती मधु ठाकुर ने रिबन काटकर किया।

इस अवसर पर बाल वाटिका से प्रथम कक्षा तक के नन्हे छात्रों ने आम, संतरा, सेब, अंगूर, अनानास, केला और पपीता जैसे फलों पर आधारित आकर्षक चार्ट और मॉडल तैयार किए। खास बात यह रही कि बच्चों ने इन फलों को परिधान के रूप में धारण कर कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण रंगीन और शिक्षाप्रद बन गया।

♦ रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे छात्र, चार्ट व मॉडल के जरिए दी पोषण की जानकारी




कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने बेहद सरल और रोचक तरीके से फलों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी साझा की। साथ ही लंच के दौरान सभी बच्चों ने फलों का सेवन कर स्वस्थ खान-पान का संदेश दिया।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधु ठाकुर ने बच्चों को संबोधित करते हुए फलों के महत्व पर प्रकाश डाला और नियमित रूप से फलों को आहार में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

## बिहार में आंधी-बारिश, 3 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। बिहार इस समय मौसम के दोहरे मिजाज से जूझ रहा है। एक तरफ दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी है, तो दूसरी तरफ सीमांचल में आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली ने तबाही मचाई है। रोहतास का डेहरी 43.2 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। कैमूर में भी पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि 8 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। भोजपुर में गर्मी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।

वहीं, बिहार के अलग-अलग जिलों में आंधी-बारिश और ठनका गिरने से 5 लोगों की जान चली गई। रक्सौल, मधुबनी समेत 10 जिलों में बारिश हुई, जबकि सुपौल, कटिहार और अररिया में दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो गए। मौसम विभाग ने आज भी 3 जिलों में आंधी-बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 50 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज



हवा चलने की संभावना है। वहीं, बाकी 25 जिलों में भीषण गर्मी लोगों को परेशान करेगी।

इधर, दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी को देखते हुए नालंदा और बक्सर में स्कूल और सभी शैक्षणिक संस्थाओं के टाइमिंग में बदलाव किया गया है। गर्मी को सरकार की तरफ से बसों के लिए गाइडलान जारी किया गया है। अब बसों सार्वजनिक बसों में यात्रियों के लिए पीने का पानी, ORS और फर्स्ट ऐड किट रखना अनिवार्य कर दिया है। नालंदा में 1 से 8वीं तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र 12.30 बजे तक ही चलेंगे।

सम्राट चौधरी की बुलडोजर कार्रवाई पर चिराग ने दी नसीहत

## कहा- किसी गरीब को परेशानी नहीं होनी चाहिए, शराबबंदी कानून में सुधार की मांग की

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार में चल रहे बुलडोजर एक्शन और शराबबंदी कानून पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, अवैध तरीके से बने मकानों पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन इस दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी गरीब और हकदार परिवार के साथ अन्याय न हो। साथ ही उन्होंने शराबबंदी कानून की मंशा को सही बताते हुए इसके क्रियान्वयन में सुधार की जरूरत पर जोर दिया।

**बुलडोजर कार्रवाई पर संतुलित रुखः** बिहार सरकार के अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए जा रहे बुलडोजर अभियान पर प्रतिक्रिया देते हुए चिराग पासवान ने कहा कि जो भी मकान या निर्माण अवैध तरीके से सरकारी जमीन पर किए गए हैं, उन पर कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने माना कि राज्य सरकार को अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का अधिकार है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को यह ध्यान रखना




चाहिए कि किसी ऐसे परिवार का घर न तोड़ा जाए जिसका उस जमीन पर वैध अधिकार हो। उनके मुताबिक कार्रवाई के नाम पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

**गरीबों के लिए पहले हो वैकल्पिक व्यवस्थाः** चिराग पासवान ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा से यह मांग करती रही है कि यदि किसी गरीब परिवार का घर हटाया जाता है, तो पहले उनके रहने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना पुनर्वास की व्यवस्था किए किसी का आशियाना उजाड़ना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए बुलडोजर कार्रवाई की जाए, ताकि कानून का पालन भी हो और गरीबों के अधिकारों की रक्षा भी हो सके।

शराबबंदी कानून पर बोलते हुए चिराग पासवान ने कहा कि इस कानून के पीछे सरकार की सोच गलत नहीं है, लेकिन इसके लागू होने के तरीके में कई कमियां हैं, जिन्हें दुरुस्त करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब की घटनाओं ने कई परिवारों को तबाह किया है, जिससे यह साफ है कि कानून का प्रभावी क्रियान्वयन अभी भी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों से शराब की तस्करी लगातार हो रही है, जिस पर सरकार को सख्त निगरानी रखनी चाहिए। चिराग पासवान के मुताबिक, शराबबंदी तभी सफल होगी जब कानून पूरी तरह जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू हो और अवैध शराब के नेटवर्क पर कड़ी कार्रवाई की जाए।